सर्विसिंग ट्रांजिस्टर रेडियो

(SERVICING TRANSISTOR RADIO)

कवर पढ़ें

● जनरल इलैक्ट्रिसिटी ● आवश्यक औजार ● सैल और बैट्री ● चुम्बकत्व ● कण्डेन्सर ● रेसिस्टेन्स ● माइक्रोफोन और लाउडस्पीकर ● ट्रांसिस्टर ● सर्किट और विशेषतायें ● फ्रीक्वेन्सी कन्वटर ● आर एफ और आई एफ एम्पलीफायर ● दोष और उनके उपाय ● ट्रांजिस्टर रिसीवर आदि अनेक उपयोगी विषय।

सर्विसिंग ट्रांजिस्टर रेडियो

(SERVICING TRANSISTOR RADIO)

ट्रांजिस्टर रेडियो की लोकप्रियता बढती ही जा रही है। प्रत्येक मकेनिक ट्रेनीज, विद्यार्थी, कारीगर आदि के लिए प्रामाणिक ग्रन्थ। विद्वान लेखक की सर्वाधिक लोकप्रिय पुस्तक। इसमें ट्रांजिस्टर, विशेषताएँ व सरकिट, खराबी ज्ञात करने की विधियां, प्रिंटेड बोर्ड सर्विसिंग, एलाइनिंग, यन्त्रो के प्रयोग में सावधानियाँ, सिगनल ट्रेसर इत्यादि।

●

पहले 'R C विजय' द्वारा लिखित पुस्तक 'देहाती पुस्तक भण्डार' न छापी थी, परन्तु अब मेरे द्वारा नवीन अनुभवो के आधार पर प्रस्तुत पुस्तक आपके हाथो में है। —AUTHOR

1936 मे स्थापित, विश्वविख्यात, चिर-परिचित, पुराना प्रकाशक और पुराना ही नाम

देहाती पुस्तक भण्डार (Regd)

चावडी बाजार, चौक बडशाहबुला, दिल्ली-110006

फोन 261030

प्रकाशक
देहाती पुस्तक भण्डार, (Regd)
चावड़ी बाजार, चौक बड़शाहबुला
दिल्ली 110006 फोन 261030

लेखक
सतेन्द्र कुमार (S K Jain)

Latest Revised Edition

मूल्य
स्वदेश में 18/ (अठारह रुपये)
विदेश मे £ 3 (तीन पौंड) या
$ 6 (छ डालर)

मुद्रक आर्य ऑफसेट प्रेस
शाहजादा बाग दिल्ली-35

भूमिका

वैसे तो ट्रांसिस्टर पर अनेको पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं परन्तु वह ही उत्तम समझी जाती है जो ट्रांसिस्टर रिसीवर के सिद्धांतो व भागो की बनावट तथा नये ट्रांसिस्टर रिसीवर बनाने की विधि बताये तथा रिसीवर को रिपेयर कैसे किया जा सके। यह सारी विशेषतायें इस पुस्तक मे हैं। इस पुस्तक की सहायता से बिना प्रशिक्षण प्राप्त किये ही ट्रांसिस्टर रिसीवर बनाने और रिपेयर करने के बारे म कुशलता प्राप्त की जा सकती है।

इस पुस्तक म साधारण बोलचाल के शब्द ही प्रयोग किये गये हैं जिससे उन्हे समझने मे कठिनाई प्रतीत न हो।

आशा है कि यह पुस्तक आपको पसन्द आवेगी।

—धन्यवाद

विषय-सूची

जनरल इलैक्ट्रिसिटी

(General Electricity)

लगभग ढाई हजार वर्ष पहले थेल्स नामक वज्ञानिक ने विद्युत की खोज की थी। उन्होंने बताया कि अम्बर को रेशम से रगडने पर आकर्षण उत्पन्न होता है। इससे कागज के छोटे छोटे टुकडे उस ओर आकर्षित हो जाते हैं। यूनानी भाषा मे अम्बर को इलैक्ट्रोन कहते हैं। इस इलेक्ट्रोन के आकर्षित करने वाले गुण को इलक्ट्रिसिटी का नाम दिया गया है। थेल्स यूनान के रहने वाले थे। उन्ही के देश के नाम पर इलक्ट्रिसिटी रखा गया था इसे ही हिन्दी मे विद्युत कहते हैं। इसी प्रयोग के आधार पर अनेको वैज्ञानिकों ने विभिन्न प्रयोग किये। स्टीफन ग्रे ने बताया कि दो वस्तुओ को परस्पर रगडने से स्थिर विद्युत (Static Electricity) उत्पन्न होती है। परन्तु इससे विशेष लाभ न हुआ। गेलवेनी नामक वैज्ञानिक ने रासायनिक क्रिया द्वारा विद्युत को उत्पन्न करने के अनेको प्रयोग किये परन्तु उन्हें सफलता नही मिली। इटली के वोल्टा नामक वज्ञानिक ने रसायनिक विधि से विद्युत उत्पन्न की। उन्होंने एक कांच के बतन म गधक का हल्का अम्ल भरा उसमे उन्होने दो प्लेटें तांबे और जस्ते की डाली और बाहर एक छोटे वाल्व से जोड कर देखा तो वह प्रकाश देने लगा। इसी को सिद्धात मान कर अनेको सैलो का निर्माण हुआ। ये प्राइमरी सेल कहलाये। इसमे दोष यह है कि एक बार डिस्चाज हो जाने के बाद बेकार हो जात हैं। इसी दोष के कारण बडे बडे कार्यों के लिए इनका उपयोग नही हो पाता है।

यह करेंट भी कम उत्पन्न करते हैं। इसलिए ऐसे सैलों का निर्माण किया गया जो अधिक करेंट दे तथा उन्हें पुनः चार्ज करके नये सल का काय लिया जा सके। ऐसे सैलों को द्वितीयक या स्टोरेज सल कहते हैं।

इलक्ट्रोनिक सिद्धात (Electronic Principle)—आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि विद्युत उत्पन्न नहीं की जाती है बल्कि वह प्रत्येक पदार्थ में स्वयं ही होती है। उनका कहना है कि प्रत्येक वस्तु छोटे-छोटे कणों से मिल कर बना है। यह छोटे-से छोटा कण जिसके गुण पदार्थ की भाँति होते हैं, अणु (Molecule) कहलाता है। अब इन कणों के भी अनेकों भाग किये जा सकते हैं परन्तु वस्तु के मूल गुण इन भागों में नहीं होते हैं। वे बदल जाते हैं। इन भागों को परमाणु कहते हैं।

इन परमाणुओं के बारे में वैज्ञानिकों का विचार है कि प्रत्येक परमाणु के मध्य में विद्युत स्थित रहती है। इसमें धन (Positive) और ऋण (Negative) विद्युत होती है। परमाणु के मध्य स्थित विद्युत इलेक्ट्रोन के रूप में होती है। मध्य में प्रोट्रोन (Proton) तथा उसके चारों ओर अन्य इलेक्ट्रोन होते हैं। ये इलेक्ट्रोन घूमते रहते हैं। इन प्रोट्रोनों को धन और इलेक्ट्रोनों को ऋण विद्युत कहा जाता है। इन को दोनों बाहरी शक्ति से पृथक नहीं किया जा सकता है। केवल इनकी संख्या में कमी या अधिकता की जा सकती है, तो प्रोट्रोन्स अधिक हो जाते हैं जिससे वह भाग धन विद्युत कहलाता है। इसके विपरीत जब घूमने वाले इलेक्ट्रोनों की संख्या अधिक हो जाती है तो प्रोटॉन्स की संख्या कम हो जाती है और वह ऋण आवेशित विद्युत बन जाती है। इस प्रकार केवल घूमने वाले इलेक्ट्रोनों की संख्या को कम व अधिक करके धन व ऋण आवेशित विद्युत प्राप्त हो जाती है। बिना इलेक्ट्रोन की संख्या परिवर्तित किये हुए विद्युत उत्पन्न नहीं होती है, क्योंकि उसमें धन या ऋण आवेश नहीं होता है।

इसी आधार पर डायनेमो के द्वारा विद्युत उत्पन्न की जाती है। जब डायनेमो में चुम्बकों के मध्य में तारों की कोइल को घुमाया जाता है तो कन्डक्टर के इलेक्ट्रोन एक सिरे पर अधिक और दूसरे सिरे पर कम हो जाते हैं। अधिक इलेक्ट्रोन वाले सिरे को ऋण सिरा और कम इलेक्ट्रोनवाले सिरे को धन सिरा

कहा जाता है। इस प्रकार विद्युत उत्पन्न की जाती है। इन दोनो सिरो के मध्य यदि इलेक्ट्रोन्स की सख्या मे अधिक अन्तर होगा तो वह अधिक वोल्टेज वाली विद्युत होती है। यदि इलेक्ट्रोन की सख्या मे कम अन्तर हो तो वह कम वोल्टेज वाली विद्युत होती है। 250 वोल्टेज या इससे कम को निम्न वोल्टेज (Low Voltage) और 24 वोल्टेज या इससे कम को अति निम्न वोल्टेज (High Low Voltage) कहा जाता है।

विद्युत (Electricity)—यह एक प्रकार की शक्ति होती है जो अदृश्य (Invisible) होती है। इसे केवल प्रयोगो के कारण अनुभव कर सकते हैं कि विद्युत है अथवा नही। यह शक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान तक तारो द्वारा ले जाई जाती है।

यह विद्युत दो प्रकार की होती है—स्थिर और अस्थिर।

(1) स्थिर विद्युत (Static Electricity)—इसे घर्षण विद्युत भी कहा जाता है। यह घर्षण द्वारा पदा होती है। हाथो की रगड से, काँच को रेशम अथवा आबनूस की छड को बिल्ली की खाल से रगडते हैं तो घर्षण विद्युत पदा होती है। जिस प्रकार "बहता हुआ पानी और रमता जोगी' अत्यन्त लाभ दायक होते हैं। इसी प्रकार बहती हुई विद्युत अर्थात अस्थिर विद्युत लाभप्रद होती है।

(2) अस्थिर विद्युत (Dynamic Electricity)—वह विद्युत जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक तारा द्वारा बहती है उसे अस्थिर विद्युत कहत हैं। यह विद्युत डायनमो और आल्टरनेटर (Dynamo and Alternator) द्वारा उत्पन्न की जाती है।

(1) रासायनिक क्रिया द्वारा (By Chemical Action)

(2) तापीय प्रभाव द्वारा (By Thermal Effect)

(3) चुम्बकीय प्रभावा द्वारा (By Magnetic Effeet)

चुम्बकीय प्रभाव द्वारा उत्पन्न होने वाली विद्युत का सिद्धान्त सबस पहले फेराडे नामक वैज्ञानिक ने ज्ञात किया था। उन्होने बताया कि जब कोई चालक चुम्बकीय बल रेखाओ के मध्य घुमाया जाता है अथवा चालको के मध्य चुम्बकीय रेखाआ अर्थात् चुम्बकीय पोलो के घुमाया जाता है तो उस चालक

(Conductor) में विद्युत उत्पन्न हो जाती है। यह उत्पन्न हुई विद्युत ही विद्युत वाहक बल (Electromotive Force) होती है। यह विद्युत वाहक बल भी निम्न प्रकार का होता है —

(1) स्थिर विद्युत वाहक बल (Statically Electromotive Force)
(2) अस्थिर विद्युत वाहक बल (Dynamically Electromotive Force)

(1) स्थिर विद्युत वाहक बल—यह दो प्रकार का होता है—
 (a) आत्म प्रेरित वि० वा० बल (*Self Induced e m f*)
 (b) अन्योन्य वि० वा० बल (*Mutual Induced e m f*)

(a) आत्म प्रेरित वि० वा० बल—जब इन्सुलेटेड तारो को कोइल के रूप मे लपेटा जाता है और उसमे ऐसी विद्युत प्रवाहित की जावे जिसकी उत्पन्न चुम्बकीय रेखायें परिवर्तित होती रहें तो उस कोइल म आत्म प्रेरित वि० वा० बल उत्पन्न हो जाता हैं। इसमे विद्युत प्रवाहित होने पर चुम्बकीय रेखायें कम व अधिक होती है। कम व अधिक चुम्बकीय रेखायें वट्री या डायनेमा

चित्र 1 1—आत्म प्रेरित कोइल

की विद्युत स्विच के आफ व आन करने पर प्राप्त होती हैं अथवा इन चुम्बकीय रेखाओ की दिशा परिवर्तित होती रहती है। यह आल्टरनेटर से उत्पन्न ए० सी० से होती है। इन रेखाओ को पुन वही चालक जिसमे विद्युत प्रवाहित

हो रहो है, काटता है तो उन चालको मे एक अन्य वि० वा० बल उत्पन्न हो जाता है जिसे आत्म प्रेरित वि० वा० बल कहते हैं। यह बल चालको मे प्रवाहित होने वाले वि० वा० बल के विरुद्ध (Opposite) होता है।

(b) अन्योन्य वि० वा० बल—इसमे इन्सुलेटेड चालको की दो कोइल होते हैं जो एक दूसरे के ऊपर लिपटे होते हैं अथवा कोइल समीप ही लगे होते हैं। जब एक कोइल मे बैट्री से विद्युत देकर स्विच को ऑन व ऑफ किया जाती हैं तो उसमें बनने वाली चुम्बकीय रेखायें बनती हैं और समाप्त हो जाता है क्योंकि स्विच के ऑन व ऑफ करने से विद्युत का सर्किट बनता व टूट जाता है। इस प्रकार बनती और टूटती हुई चुम्बकीय रेखाओ को समीप मे रखा कोइल काटता है जिससे कोइल मे वि वा बल उत्पन्न हो जाता है।

चित्र 12

इमे दूसरे दूसरे कोइल मे लगे गेलवेनो मीटर से देख सकते हैं। इस वि वा बल को अन्योन्य वि वा बल (Mutually Induced e m f) कहते हैं। ट्रांसफरमर मे यही सिद्धांत प्रयोग होता है। इस प्रकार से 6 वोल्ट को हजारो

वोल्टेज मे और हजारो वोल्टेज को कम से कम वोल्टेज म परिवर्तित कर लिया जाता है।

(2) अस्थिर वी वा बल—यह भी दो प्रकार का होता है —

(a) डी सी वि वा बल (D C emf)

(b) ए सी वि वा बल (A C emf)

(a) डी सी वि वा बल—इसका पूरा नाम डायरेक्ट करेन्ट विद्युत वाहक बल है। यह केवल डी सी जनरेटर या डायनेमा से उत्पन्न किया जाता हैं। इसके वोल्टेज की दिशा एव मान (*Direction and Value*) को ग्राफ पेपर पर देखें तो यह एक सीधी रेखा (Straight Line) मे प्रतीत होते हैं। रेडियो मे डी सी विद्युत डायनेमो अथवा बैट्री से प्रयोग की जाती है।

इसमे चुम्बकीय पालो के मध्य चालको को घुमाया जाता है जिससे चालक चुम्बकीय पोलो की रेखाओ को काटता है। रेखाओ के काटने से चालको मे वि वा बल उत्पन्न हो जाता है। ये चालक एक शाफ्ट पर लगे होत है और शाफ्ट इन्जन से घूमती है। इस शाफ्ट पर एक काम्युटेटर (Commutator) लगा रहता है जिससे विद्युत प्राप्त करते हैं। कम्युटेटर ताँबे की अलग अलग खण्डों को मिलाकर बनाया जाता है। ये खण्ड (Segment) एक दूसरे स अलग अलग होते हैं। इन खण्डो पर ही चालका के सिरे लगाये जाते हैं। चालको में तुरन्त वि वा बल इन खण्डा पर आता है जो ब्रुशो द्वारा प्राप्त

चित्र 1 3—डा सी का बनना

कर लिया जाता है। एक ब्रुश से पोजिटिव और दूसरे ब्रुश से नेगेटिव विद्युत प्राप्त होती है।

(b) ए सी वि वा बल—इसका पूरा नाम आल्टरनेटिंग करेन्ट विद्युत वाहक बल है। यह भी डी सी वि वा बल की भांति उत्पन्न होता है। केवल अन्तर यह है कि कम्युटटर के स्थान पर तांबे की बनी स्लिपरिंग (Sipring) लगी रहती है। दोनो स्लिपरिंगो से फेज व न्यूट्रल प्राप्त होतीं है। इसकी दिशा व मान (Direction and Value) परिवर्तित होती रहती है।

—1 4—

चित्र 1 4

इस प्रकार की विद्युत रेडियो मे प्रयुक्त होती है परन्तु उसमे रेक्टीफायर के द्वारा पुन डी सी बना ली जाती है।

विद्युत के उपयोग (Use of Electricity)

यह निम्न कार्यों मे अधिक उपयोग होती है—

1 प्रकाश (Light)
2 ताप (Heat)
3 यान्त्रिक शक्ति (Mechanical Power)
4 टेलीग्राफ (Telegraphy)
5 टेलीफोन (Telephone)
6 टेलीविजन (Television)
7 रेडियो (Radio)

8 लाउड स्पीकर (Louds speaker)
9 बैट्री चार्जिंग (Battery Charging)
10 इलैक्ट्रोप्लेटिंग (Electro-plating)
11 किरणें (Rays)—एक्स, अल्टरा वायलेट, केथोड आदि।

विद्युत परिभाषायें (Electrical Definitions)

विद्युत के प्रयोग मे वोल्टेज, करेंट, रेसिस्टेंस, पावर आदि की भी गणना की जाती है अत इनकी थोडी जानकारी देना अति आवश्यक है।

(A) वि वा बल (E M F)—इसका पूरा नाम विद्युत वाहक वल (Electromotive Force) है। जब स्थिर वस्तु को चलाया जाए अथवा चलती हुई वस्तु को स्थिर किया जाए तो उसमे वल की आवश्यकता होता है। इस प्रकार तारो मे उत्पन्न स्थिर विद्युत को चलाने वाले बल को विद्युत वाहक बल कहते हैं। यही बल जनरेटर मे उत्पन्न होता है। स्विच के आफ होने पर कोई बहाव नही होता है परन्तु स्विच के आन करने पर विद्युत प्रवाहित होने लगती है। यह बहाव विद्युत वाहक बल के कारण ही होता है।

चित्र 1 5

विद्युत वाहक बल जनरेटर से उत्पन्न होने वाला होता है परन्तु लोड लगाने पर जो वि वा बल मिलता है वह वोल्टेज कहलाता है। यह वोल्टेज उच्च से निम्न की ओर बहता है। यदि पानी की टंकी ऊँचे स्थान पर रखी जाए और उसमे एक पाइप लगाकर टोटी लगाई जाव तो टोटी के बन्द रहने पर पानी बाहर नही निकलता है जब कि पानी का दवाव नीचे की ओर रहता है परन्तु टोटी के खोल देने पर पानी उसी बल से बाहर निकलने लगता है। वि वा बल भी इसी प्रकार होता है उसमे टोटी के स्थान पर स्विच लगा

हुआ है। अत यह यहा जा सकता है कि वि वा बल सदैव उच्च विभव निम्न विभव की ओर जाता है।

चित्र 16 चित्र 17

वोल्ट—यह वि वा बल और वोल्टेज की इकाई है। जब तक ओह्म के रेसिस्टेन्स मे होकर एक एम्पीयर की करेन्ट बहती है तो उसका वि वा बल एक वोल्ट होता है।

(B) करेन्ट (Current)—इसे एक प्रयोग द्वारा जाना जा सकता है। यदि पानी की टकी ऊपर रखकर एक पाइप नीचे बतन के मुह पर लगावें और उस पाइप मे एक टोटी लगा दें तो टोंटी खोलने पर पानी का बहाव शुरू हो जाता है और बतन भ ने लगता है। टाटी के ब द कर देन पर पानी का बहाव नही होता है। इसी प्रकार कर ट काय करती है। पानी की टकी क स्थान पर जनरेटर, पाइप के स्थान पर तार और टोटी

के स्थान पर स्विच तथा वतन के स्थान पर लेम्प लें तो स्विच के ऑन करने पर विद्युत का बहाव शुरू हो जाता है। यह बहाव लेम्प के कारण होता है।

चित्र 18

लेम्पो की सख्या अधिक कर देने पर अधिक बहाव होने लगता है। परन्तु स्विच के आफ करने पर यही बहाव बिल्कुल शून्य हो जाता है। अत करेन्ट को इस प्रकार कहा जा सकता है कि "किसी तार मे बहती हुई विद्युत को विद्युत धारा या करेन्ट कहते है।'

एम्पीयर (Ampere)—यह करेन्ट की इकाई है। किसी सरकिट मे एक वोल्ट का वि वा बल एक ओह्म के रसिस्टेन्स मे होकर जाता है तो उसमे एक एम्पीयर की करेन्ट बहती है।

(C) रेसिस्टेन्स (Resistance)—यह एक प्रकार की रुकावट है जो विद्युत के बहने मे उत्पन्न होती है। यदि साइकिल को चिकनी सडक पर चलावें तो वह कम शक्ति से तेज चलेगी। यदि उसे रेतीली सडक पर चलावें तो अधिक शक्ति लगाने पर भी अधिक धीमी ही चलेगी क्योकि सडक की मिट्टी या रेत साइकिल को आगे जाने मे रुकावट उत्पन्न करता है। इसी प्रकार करेन्ट तार मे होकर बहती है तो तार उसमे बाधा उत्पन्न करता है और उसकी चेष्टा यही रहती है कि करेन्ट आगे न बढे। इस बाधा को ही रुकावट या रेसिस्टेन्स कहते हैं। यह रुकावट या रेसिस्टेन्स मोटे तारो मे कम और पतले तारो मे अधिक होती है क्योंकि मोट तार मे करेन्ट की अधिक से अधिक मात्रा बहती है परन्तु पतले तारो की रुकावट अधिक होने के कारण करेन्ट कम मात्रा मे ही बहन पाती है। इस रुकावट या रेसिस्टेन्स मे कुछ करेन्ट की मात्रा व्यय हो जाती है।

एक स कम ओह्म को मिली ओह्म या माइक्रो ओह्म मे नापा जाता है। एक हजार मिली ओह्म एक ओह्म के बराबर होता है और दम लाख मोइक्रोह्म एक ओह्म के बराबर होता है। ये एक रेसिस्टेन्स की छोटी इकाइयाँ हैं। बडी इकाई किला ओह्म और मेगा ओह्म के बराबर होती है।

ओह्म का नियम (Ohm's Law)—वि वा बल और करेन्ट तथा रेसिस्टेन्स मे एक प्रकार का घनिष्ठ सम्बन्ध है। सवप्रथम ओह्म नामक वैज्ञानिक ने इसका पता लगाया था इसलिए उसी के नाम पर यह नियम पड गया है। उन्होंने बताया कि किसी सरकिट म बहने वाली करेन्ट वि वा बल के समानुपाती और रेसिस्टेन्स के व्युत्क्रमानुपाती (Inversly Proportional) होती है। जब कि उसका तापक्रम समान हो।

$$I \propto V$$

$$\propto \frac{I}{R}$$

दोनो को मिलाने पर

$$I \propto \frac{V}{R}$$

$$I = K \frac{V}{R}$$

इसमे I करेन्ट, V वि वा बल और R रेसिस्टेन्स है। K एक नियताक (Constant) है। समान तापक्रम पर K = 1

अत $$I = \frac{V}{R}$$

चित्र 1 9

उपरोक्त त्रिभुजो के अनुसार दो राशियाँ ज्ञात करने पर तीसरी राशि की जा सकती है।

वोल्ट = एम्पीयर × रसिस्टेन्स

$$V = I \times R$$

$$\text{रेसिस्टेन्स} = \frac{\text{वोल्ट}}{\text{करेन्ट}}$$

$$R = \frac{V}{I}$$

$$\text{करेन्ट} = \frac{\text{वोल्ट}}{\text{रसिस्टेन्स}}$$

$$I = \frac{V}{R}$$

उदाहरण 1 एक 50 ओह्म रेसिस्टेन्स का हीटर 5 एम्पीयर की करेन्ट लेता है तो उसका वोल्टेज ज्ञात करो।

वोल्टेज = करेन्ट × रेसिस्टेन्स

$$V = I \times R$$

$$= 5 \times 50$$

$$= 250 \text{ वोल्ट}$$

उदाहरण 2 200 वोल्ट के वोल्टेज पर एक बट्टी काम करती है और उसका रेसिस्टेन्स 20 ओह्म है तो बैट्री का करेन्ट ज्ञात करो।

$$\text{करेन्ट} = \frac{\text{वोल्ट}}{\text{रेसिस्टेन्स}}$$

$$I = \frac{V}{R}$$

$$= \frac{200}{20}$$

$$= 10 \text{ एम्पीयर}$$

उदाहरण 3 100 वोल्ट के वोल्टेज पर एक लेम्प 2.5 एम्पीयर करेन्ट लेता है तो उसका रसिस्टेन्स बतलाइये।

$$\text{रेसिस्टेन्स} = \frac{\text{वोल्ट}}{\text{करेन्ट}}$$

$$R = \frac{V}{I}$$

$$= \frac{100}{2.5} \text{ ओह्म}$$

$$= 40 \text{ ओह्म}$$

(D) पावर (Power)—कार्य करने की दर (Rate) को शक्ति या पावर कहते हैं। विद्युत ने कितना कार्य किया यह जाना जाता है। इसकी इकाई वाट (Watt) होती है। किसी सरकिट म एक वोल्ट का वोल्टेज एक एम्पीयर की करेन्ट से बहती है तो उसमे एक वाट की पावर व्यय होती है।

अत पावर = वोल्ट × करेन्ट

$$P = V \times I \qquad (1)$$

परन्तु ओह्म के नियम के अनुसार

$$V = I \times R$$

V का मान समीकरण (1) मे रखने पर

$$P = I \times R \times I$$

$$= I^2 \times R \qquad (2)$$

$$= (\text{करेन्ट})^2 \times \text{रेसिस्टेन्स}$$

पुन ओह्म के नियम के अनुसार

$$I = \frac{V}{R}$$

I का मान समीकरण (2) मे रखने पर

$$P = \left(\frac{V}{R}\right)^2 \times R$$

$$= \frac{V^2}{R} \qquad (3)$$

$$= \frac{(\text{वोल्टेज})^2}{\text{रेसिस्टेन्स}}$$

उदाहरण 4 एक लम्प 12 वोल्ट पर काम करता है और उसम 0 5 एम्पीयर की करेन्ट प्रवाहित होती है तो उसम व्यय होन वाली पावर की गणना कीजिय ।

पावर = वोल्ट × करेन्ट

= 12 × 0 5

= 6 वाट

उदाहरण 5 एक 400 वोल्ट प्रतिरोध मे 0 5 एम्पीयर की करेन्ट प्रवाहित होती है तो उसमे व्यय पावर बताइये ।

पावर = (करेन्ट)² × रसिस्टन्स

$$P = I^2 \times R$$

$$= (0 5)^2 \times 400$$

$$= 0 25 \times 400$$

= 100 वाट

उदाहरण 6 12 वाल्ट का वोल्टेज से एक लेम्प जोडा जाता है उसका रेसिस्टेन्स 6 ओह्म है तो उसकी पावर ज्ञात कीजिय ।

$$\text{पावर} = \frac{(\text{वोल्टेज})^2}{\text{रेसिस्टेन्स}}$$

$$P = \frac{V^2}{R}$$

$$= \frac{(12)^2}{6}$$

$$= \frac{144}{6}$$

= 24 वाट

विद्युत इकाइयाँ एव मान

क्रम सख्या	विद्युत मात्राएँ	इकाई	निरपेक्ष इकाई का मान (सी जी एस)
1	करेंट (Current)	एम्पीयर	$\frac{1}{10}$ या 10^{-1}
2	वि वा बल (EMF)	वोल्ट	10^{8}
3	रेसिस्टेंस (Resistance)	ओह्म	10^{9}
4	रेसिस्टेंस (Resistance)	मेगा ओह्म	10^{3}
5	रेसिस्टेंस (Resistance)	माइक्रोह्म	10^{15}
6	पावर (Power)	वाट	10^{7}
7	एनर्जी (Energy)	वाट सकिंड या जूल	10^{7}
8	एनर्जी (Energy)	वाट आवर	36×10^{9}
9	इन्डक्टेन्स (Inductance)	हेनरी	10^{9}
10	कैपेसिटी (Capacity)	फेरेड	10^{-9}
11	कैपेसिटी (Capacity)	माइक्रो फेरेड	10^{-15}

2

आवश्यक औजार

(Tools Required)

रेडियो सैट की सर्विसिंग के लिए कुछ औजारो की आवश्यकता पड़ती है। पूरे औजारो के न होने पर कार्य ठीक प्रकार से नहीं होता है। ठीक एव उचित औजारो से काय कम समय मे अच्छा होता है। औजारों के दुरुपयोग से उनकी काय क्षमता घट जाती है।

आवश्यक औजार निम्न हैं —

1 पेचकस (Screw Driver)
2 प्लायस (Pliers)
3 हथोड़े (Hammer)
4 चाकू (Knife)
5 रेती (File)
6 आरियाँ (Saws)
7 रिंच (Wrench)
8 सोल्डरिंग आयरन (Soldering Iron)
9 बांक (Vice)
10 ड्रिलमशीन (Drill Machine)
11 ब्रुश (Brush)
12 चिमटी (Tweezer)
13 कैंची (Scisscer)
14 वायर गेज (Wire Gauge)
15 स्टील स्केल (Steel Scale)
16 टैस्टिंग प्रोड्स (Testing Prods)

उपरोक्त औजार का वणन इस प्रकार है —

1 पेचकस—यह पेचो को कसने व ढीला करने के लिए प्रयुक्त किया

जाता है। इसे पेच के सिरों पर लगाकर दाहिने हाथ की ओर घुमाया जाता है तो पेच कसता है और बायें हाथ की ओर घुमाने पर पेच ढीला होता या खुलता है।

यह पेचकस दो प्रकार के प्रयोग किये जाते हैं। छोटे पेचकस छोटे छोटे पेचों को खोलने व कसने के लिए प्रयुक्त होते हैं इसे कनेक्टर पेचकस (Connector Screwdriver) कहते हैं। इसका हेंडिल बेकेलाइट या प्लास्टिक का होता है। इसकी लम्बाई 7 5 से मी और 10 से मी होती है।

बड़े पेचकस मोटे व बड़े पेचों के लिये प्रयोग होता है। इसके मुख्यत तीन भाग होते हैं। ऊपरी सिरा हेंडिल कहलाता है जो लकड़ी, बेकेलाइट

-1(a)-

कनेक्टर पेचकस

-1(b)-

चित्र 2 1—बड़ा पेचकस

या प्लास्टिक का बना होता है। उससे आगे एक लम्बी छड़ होती है जिसे शेंक (Shank) कहते हैं। सबसे आगे का भाग टिप कहलाता है। टिप (Tip) इसकी धार (Edge) मोथरी (Blunt) रखी जाती है। शेंक व टिप की पूरी लम्बाई ही इसका नाप होती है। अधिकतर यह 7 5 से मी. से 20 से मी के प्रयोग किए जाते हैं। यह 7 5 स मी, 10 स मी, 15 स मी व 20 स मी के होते हैं।

2 प्लायस—यह कई प्रकार के होते है —

(a) फ्लेट नोज इन्सुलेटेड प्लायर (Flate Nose Inculated Plier)

(b) राउन्ड नोज प्लायर (Round Nose Plier)
(c) कम्बीनेशन कटिंग प्लायर (Combination Cutting Plier)
(d) साइड कटिंग प्लायर (Side Cutting Plier)

(a) फ्लेट नोज प्लायर—इसका मुंह लम्बा और चपटा होता है। यह प्लायर तार अथवा प्लेटो को मजबूती से पकड़ने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसके हेन्डिल पर प्लास्टिक का इन्सुलेटेड लगा रहता है। यह 10 से मी की लम्बाई का होता है।

चित्र 2 2

(b) राउन्ड नोज प्लायर—यह छोटे छोटे तारो को छेदों से अथवा अन्दर से पकड़ने के काम आता है। जहाँ साधारण प्लायर की पहुँच न हो वहाँ इसे ही प्रयोग किया जाता है। इसके आगे का भाग गोल एवं लम्बा होता है। इसके हेन्डिल पर रबड या बेकेलाइट का इन्सुलेशन चढ़ा होता है। इससे तारो को काटा नही जा सकता है। यह 10 से मी का प्लायर उपयुक्त रहता है।

चित्र 2.3

(c) कम्बीनेशन कटिंग प्लायर—यह इंन्सुलेटेड कटिंग प्लायर भी कहलाता है। यह तारों को पकड़ने, काटने और मोड़ने के काम आता है। इसके आगे वाले भाग से तारा को पकड़ा व मोड़ा जाता है, मध्य के भाग से तारों को काटा जाता है। इसमें धार होती है। जो, इन्सुलेशन सहित तार को आसानी से काट देती है। इसके पीछे का भाग कैंची की भांति चलता है। इसके दोनों सिरों पर ग्रूव (Groove) बने होते हैं। इन ग्रूवों में पतले तार

चित्र 2 4

डालकर काटे जा सकते हैं। पकड़ने के स्थान पर रबड़ या बेकेलाइट का खोल चढ़ा होता। अधिकतर यह 12 से मी का प्रयोग किया जाता हैं।

(d) साइड कटिंग प्लायर—इससे तारों को काटा जाता है। यह कैंची की भांति चलता है। इसका मुंह एक ओर चोरस होता है। इससे तारो को मोड़ा अथवा पकड़ा नहीं जा सकता है। इसके हेंडिल पर प्लास्टिक का इन्सुलेशन लगा रहता है। इसकी लम्बाई लगभग 10 से मी होती है।

3 हथौड़े (Hammer)—इसमे लकड़ी का लम्बा हेंडिल होना है जिसे हाथ से पकड़ा जाता है। हथोड़ा कास्ट स्टील (Cast Steel) का बना होता है। इसके सिरे कठोर एवं टेम्पड (Harden and Tempered) होते हैं। इससे चोट मारने का कार्य लिया जाता है। इसका माप इसके भार (Weight) के अनुसार होता है।

सामान्यत निम्न प्रकार के हथौड़े प्रयोग होते हैं —

(A) बाल पेन हैमर (Bal Pane Hammer)

(B) रिवेटस हैमर (Riveters Hammer)

(C) स्ट्रेट पेन हैमर (Straight Pane Hammer)

-5 (A)-Ball peen

-5(b)-

चित्र 2 5—बाल पेन हथोडा

अधिकतर बाल पेन हथोडा कठोर वस्तु को सीधा करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह 100 ग्राम, 200 ग्राम और 400 ग्राम का प्रयोग होता है।

Straight peen
-6-

चित्र 2 6—स्टेट पेन हैमर

अन्य कार्य की सुविधा के लिए स्टेट पेन व रिपेटम हैमर भी प्रयोग किये जाते हैं।

चित्र 2.7

रेडियो में अधिकतर नरम एवं छोटी छोटी मुलायम वस्तुओं पर हल्की चोट लगाने के लिये भी हथोड़ा आवश्यक है। टेढ़ी वस्तु सीधी करने के लिये उपरोक्त हैमर प्रयोग किये जा सकते हैं परन्तु तार को सीधा करने में चपटा हो जाता है। इस कारण कास्ट स्टील का हथोडा नहीं प्रयोग किया जाता है बल्कि रबड़ या चमड़े की हथोड़ी प्रयोग की जाती है। रबड़ या चमड़ा कठोर होता है परन्तु लोहे से नरम होता है। इसकी चोट वस्तु पर पड़ती अवश्य है

चित्र 2.8—हाइड फेस हैमर

परन्तु उसका रूप नहीं बिगडता है। इसे हाइड फेस हैमर (Hide face Hammer) कहते हैं।

4 चाकू—यह सख्त लोहे या स्टील का बना होता है। यह तारों के इन्सुलेशन को छीलने के लिये प्रयोग किया जाता है। पुरानी रेती का स्क्रू भी अच्छा रहता है। यह चाकू 10 से०मी० लम्बा पर्याप्त है।

चित्र 29

5 रेती—धातुओं की सतह को साफ अथवा चिकना करने के लिये और अन्य कार्यों के लिए रेतियां प्रयोग की जाती हैं। इसका नाप लम्बाई के अनुसार होता है। इसकी लम्बाई 15 से मी, 20 से मी, 25 से मी और 30 से मी होती है। इसके एक सिरे पर लकड़ी का हैंडिल होता है।

यह निम्न प्रकार की होती है —

(A) फ्लेट रेती (Flate File)

(B) तिकोनी रेती (Triangular File)

(C) अध गोल रेती (Half Round File)

(D) गोल रेती (Round File)

चित्र 2 10—विभिन्न रेतियाँ

इनके दाँते (Teeth) मोटे व पतले होते हैं। यह सिंगल कट (Single Cut) व डबल कट (Double Cut) होती है। स्मूथ रेती हमारे काम के लिये अधिक उपयुक्त रहती है। इसके दाँते बहुत पतले होते हैं।

6 आरियाँ—यह दो प्रकार की होती हैं—

(a) टेनन आरी (Teunon saw)

(b) हैक्सा (Hecksaw)

(a) टेनन आरी—प्लेट या केबिनेट को काटने के लिये सीधे कटाव की आवश्यकता है जो टेनन आरी से ही सम्भव है। इस आरी के ऊपरी भाग पर एक पत्ती लगी रहती है जो आरी को मुड़ने नही देती है। इसके दाँते अधिक पास पास होते हैं। इसकी लम्बाई 30 से भी होती है।

चित्र 2 11—टेनन-सा

(b) हैक्सा—लोहे की चेसिस को ठीक करने के लिये यह आरी प्रयोग की जाती है। यह लोहा काटने की आरी होती है। इसमें फ्रेम (Frame)

और ब्लेड (Blade) दो मुख्य भाग होते हैं। फ्रेम मे हेडिल, फ्रेम तथा फ्लाई-नट होता है। फ्रेम माइल्ड स्टील (Milde Steel) का बना होता है। फ्रेम

चित्र 2 12—हेक्सा

स्थिर (Fixed) एव अस्थिर (Adjustable) दो प्रकार के होते हैं। इसका ब्लेड टगस्टन स्टील (Tungston Steel) का बना होता है। आरी को सीधा रखकर चलाना चाहिए।

7 रिंच—नट व बोल्टो (Nuts and Bolts) को खोलने एव कसने के लिए रिंचो का प्रयोग किया जाता है। यह निम्न प्रकार की प्रयोग की जाती है —

(A) स्क्रू रिंच (Screw wrench)
(B) दुहरे खुले सिरे वाली रिंच (Double open Ended wrench)
(C) साकेट रिंच (Socket wrench)

(A) स्क्रू रिंच—इससे नट व बोल्ट खोला व कसा जाता है। इसका मुँह आवश्यकतानुसार खोला व बन्द किया जा सकता है। यह हाई कार्बन स्टील (High Carbon Steel) की बनी होती है।

(B) दुहरे खुले सिरे वाली रिंच—इसमे विभिन्न नाप की रिंच होती हैं जो दोनो ओर से नट व बोल्ट को खोलती हैं। एक सेट मे भिन्न नाप की

चित्र 2 13

6 रिंचे होती हैं। इसके सिरे पर खाँचे कटे होते हैं। इन खाँचो मे ही नट व बोल्ट पकड़े जाते हैं। यह कास्ट आयरन के बने होते हैं।

(C) साकेट रिंच—इससे नट खोले जाते हैं जो छेद म लगे होते हैं और जहाँ अन्य रिंच की पहुँच नही होती है। यह नट के नाप के अनुसार अलग-अलग नाप की होती है। इसका मुँह लम्बा होता है जो नट म फँसाया जाता है। हैंडल को घुमाकर नट खोल दिया जाता है। यह कास्ट आयरन की बनी होती है।

चित्र 2 14—साकेट रिंच

8 सोल्डरिंग आयरन—यह विद्युत से चलने वाला 25 वाट, 35 वाट 65 वाट और 125 वाट का होता है। तारों के सोल्डर करने के लिये इसे प्रयोग किया जाता है। रेडियो के काम के लिये अधिकतर 25 वाट और 65 वाट का सोल्डरिंग आयरन प्रयोग किया जाता है। इसके आगे का बिट (Bit) ताँबे का तथा अन्य लोहे का बना होता है। बिट पतला एव नुकीला होता है।

चित्र 2 15—सोल्डरिंग आयरन

हेंडिल लकडी या बेकेलाइट का होता है। इसके अन्दर एलीमेंट होता है जो सोल्डरिंग आयरन को गर्म करता है। इसके खराब हो जाने पर ऐलीमेंट डाला जा सकता है। सोल्डर करने के लिए सोल्डरिंग वायर तथा सोल्डरिंग फ्लक्स भी प्रयोग किया जाता है। इससे टाँका साफ एव मजबूत लगना चाहिए।

9 बांक—वस्तु को तीव्र एवं मजबूती से पकड़ने के लिये बांक प्रयोग की जाती है। यह दो प्रकार की होती है —

(A) टेबिल बांक (Table Vice)

(B) हाथ की बांक (Hand Vice)

(A) **टेबिल बांक**—इसका पूरा नाम समानान्तर मुँह वाली बांक (*Parallel jaw table vice*) है। इसका मुँह हेंडिल के द्वारा खुलता व बन्द होता है, जिसमे वस्तु कसी जाती है। इसके दो भाग स्थिर व अस्थिर होते हैं। यह ढलवां स्टील का बना होता है। इसके मुँह पर स्टील की प्लेटें

चित्र 2 16—टेबिल बांक

लगी रहती हैं। इसका नाप मुँह के खुलने की लम्बाई के अनुसार होता है। रेडियो कार्य के लिये छोटी बांक उपयोग की जाती है जो मेज म सरलता से लगाई जा सके।

(B) **हाथ की बांक**—छोटा व हल्का काय करने के लिये हाथ की बांक प्रयोग की जाती है। यह कास्ट स्टील की बनी होती है। यह हाथ मे लेकर ही प्रयुक्त होती है। इस कारण यह छोटी एवं हल्की होनी चाहिए।

10 ड्रिल मशीन—*यह मशीन लकड़ी या बेकेलाइट की केबिनेट अथवा* प्लेट मे छेद करने के लिये प्रयोग की जाती है। विद्युत से चलने वाली मशीन को इलेक्ट्रिक ड्रिल मशीन और हाथ से चलने वाली मशीन को हेंड्रिल (Handril) मशीन कहते हैं। हेंड्रिल मशीन के ऊपर हाथ का थोडा सा दबाव दिया जाता है और हेंडिल को दायें हाथ से घुमाकर छेद कर दिया जाता है। इसके मुँह पर टुविस्ट ड्रिल बिट (Twist dril bit) लगे होते हैं। यह बिट विभिन्न साइज के होते हैं।

-17-

चित्र 2.17—हैंड्रिल मशीन व ड्रिल बिट

11 ब्रुश (Brush)—यह मुलायम बालो का होता है। इसे पाइप क्लीनर भी कहते हैं। यह गैंग कन्डेंसर की प्लेटो म जमी धूल आदि को साफ करने के लिये प्रयोग किया जाता है।

12 चिमटी (Tweezer)—छोटे पेचो व तारो को पकड़ने के लिये इसे प्रयोग करते हैं। सोल्डरिंग करने मे भी इसका उपयोग किया जाता है। इसका साइज लम्बाई के अनुसार होता है।

13 कैंची—यह धागे को काटने के लिये प्रयोग की जाती है। धागा डायल पर सुई चलाने के लिये प्रयोग किया जाता है।

14 वायर गेज—यह तारो का साइज नापने के लिये काम मे आता है। यह गोल होता है। परन्तु इसकी गोलाई मे खाँचे बने होते हैं। इन खाचो मे तार डाला जाता है। ये खाँचे भिन्न भिन्न नाप के होते हैं। यह स्टील का बना होता है। इस पर 1 से 36 खाँचे होते हैं। कम नम्बर का खाँचा बड़ा और अधिक नम्बर का खाँचा छोटा होता है। यह ब्रिटिश वायर और स्टैंडर्ड वायर गेज अधिकतर प्रयोग किया जाता है। इसके दूसरी ओर मिलीमीटर

मे नाप लिखे होते हैं जो तारो का व्यास बतलाते हैं। खाँचे में तार नापने के लिए तार डाला जाता है जिसमें तार सरलता से चला जाये और उसके आगे

—18—

चित्र 2.18—वायर गेज

वाले खाँचे में न जाये तो सरलता से जाने वाले खाँचे का नम्बर ही तार का नम्बर एवं व्यास होता है।

15 स्टील स्केल—यह कास्ट स्टील (Cast Steel) का बना होता है और टेम्पर्ड (Tempered) होता है। इसके एक ओर ऊपर व नीचे निशान बने होते हैं। इसके एक ओर सेन्टीमीटर और दूसरी ओर इंच के निशान लगे होते हैं। यह अधिकतर 12 इंच या 30 सेंटीमीटर के होते हैं। इससे तारों की लम्बाई नापी जाती है।

—19—

चित्र 2.19—स्टील स्केल

16 टेस्टिंग प्रोड्स (Testing Prods)—इसमे काले और लाल रंग के इंसुलेटेड तार होते हैं। इन तारो के दोनों सिरो पर मम्बे प्रोड्स लगे रहते हैं जिनसे सरकिटो को टेस्ट करने के ये सिरे प्रयोग किये जाते हैं।

-20-

चित्र 2 20—टेस्टिंग प्रोड्स

सावधानियाँ (Precautions)

1 उपयुक्त औजारो का ही प्रयोग करना चाहिए।

2 नुकीले औजारो को सावधानी से रखना चाहिए और नोक के खराब हो जाने पर पुन ठीक करा लेना चाहिए।

3 औजारो को गिराना या फेंकना नही चाहिए।

4 हैंडिल ढीले (Loose) या फटे हुए प्रयोग नही करना चाहिए।

5 जग से बचाने के लिये ग्रीस (Greece) आदि चिकनाई लगाना चाहिए।

●

आवश्यक चिन्ह

(Important Symbols)

नाम	चिन्ह	
1 डी० सी० या डायरेक्ट करेन्ट (Direct Current)	=	1
2 ए० सी० या आल्टरनेटिंग करेन्ट (Alternating Current)	~	२
3 धनात्मक (Positive)	+	३
4 ऋणात्मक (Negative)	—	४
5 क्रासिंग करेन्ट (Crossing Current)	┼	२
6 अर्थ (Earth)	⏚	६
7 सिंगल वे स्विच (Single-way Switch)	—⁄—	7

8 टू-वे स्विच (Two way Switch)
9 फ्यूज (Fuse)
या
10 न्यूट्रल लिंक (Neutral Link)
11 लेम्प (Lamp)
12 सैल (Cell)
13 बैट्री (Battery)
14 स्थिर रेसिस्टेन्स
(Fixed Resistance)
15 अस्थिर रेसिस्टेन्स
(Variable Resistance)
16 पोटेन्शियोमीटर (Potentiometer)
17 कोइल (Coil)
18 आयरन कोर कोइल
(Iron Core Coil)
19 चोक (Choke)

20 आर० एफ० ट्रांसफरमर
(R F Transformer)

21 आई० एफ० ट्रांसफरमर
(I F Transformer)

22 कन्डेन्सर (Condenser)

23 वेरीयेबिल कन्डेंसर
(Variable Condenser)

24 डवल वेरीयेबिल कण्डेंसर
(Double Variable Condenser)

25 गैंग कन्डेन्सर (Gange Condenser)

26 ट्रिमर्स (Trimmers)

20

22

23

24

27 पेडस (Padders)

P

28 एरियल (Aerial)

29 फ्रेम एरियल (Frame Aerial)

29

0 हेड फोन (Head Phone)

30

लाउडस्पीकर (Loud Speaker)

फ्लेक्सिबिल तार (Flexible Wire)

32

क्रीन्ड तार (Screened Wire)

33

34 डायोड (Diode)
35 एन० पी० एन० ट्रांसिस्टर
36 पी० एन० पी० ट्रांसिस्टर
37 फोटो सैल (Photo Cell)
38 पेन्टोड वाल्व (Pentode

39 डबल डायोड वाल्व
(Double Diode Valve)

40 वोल्टमीटर (Voltmeter)

41 एममीटर

सकेत (Abbrevations)

1	धारा (Current)	=I
2	वोल्टेज (Voltage)	=V
3	रेसिस्टेन्स (Resistance)	=R
4	रियेक्टेंस (Reactance)	=X
5	इंडक्टेन्स (Inductance)	=L
6	कंडक्टेंस (Conductance)	=G
7	कैपेसिटेंस (Capacitance)	=C
8	इम्पीडेन्स (Impedence)	=Z
9	एडमिटेंस (Admittance)	=Y
10	पावर (Power)	=p
11	फ्रीक्वेन्सी (Frequency)	=f
12	डायरेक्ट करेन्ट (Direct Current)	=DC
13	आल्टरनेटिंग करेंट (Alternating Current)	=AC
14	मध्यम आवृत्ति (Intermediate Frequency)	=I F
15	रेडियो फ्रीक्वेंसी (Radio Frequency)	=R F
16	उच्च आवत्ति (High Frequency)	=H F
17	फिलामेंट (Filament)	=F
18	केथोड (Cathode)	=K
19	एनोड (Anode)	=A
20	शैल (Shell)	=S
21	स्क्रीन ग्रिड (Screen Grid)	=SG या G_2
22	नेगेटिव ग्रिड (Negative Grid)	=G
23	एम्पलीफिकेशन फेक्टर (Amplification Factor)	=Mu

24 म्युच्वल कण्डक्टेंस (Mutual Conductance) = Gm
25 हीटर (Heater) = H
26 आसीलेटर ग्रिड (Oscillator Grid) = OG
27 टारगेट (Target) = T
28 कन्ट्रोल ग्रिड (Control Grid) = G_1
29 सुपरेसर ग्रिड (Suppressor Grid) = G_3
30 पोटेंशियल डिफरेंस (Potential Difference) = Pd
31 एम्पीयर (Ampere) = A
32 वोल्ट (Volt) = V
33 ओम (Ohm) = ohm or Ω
34 वाट (Watt) = W
35 माइक्रोफेरेड (Microfarad) = mfd
36 पिकाफ़ेरेड (Picafarad) = Pf
37 रे कन्ट्रोल (Ray Control) = Rc
38 ए० सी० प्लेट रेसिस्टेंस (A C Plate-Resistance) = Ac Rp

●

3

सैल और बैट्री

(Cell And Battery)

सैल विद्युत उत्पन्न करने वाला एक उपकरण है जो रसायनिक क्रिया करके विद्युत उत्पन्न करता है। जब दो विभिन्न प्रकार की धातु की प्लेटें किसी रसायनिक घोल मे रखी जाती हैं तो उन प्लेटो के मध्य करेंट प्रवाहित होने लगती है। इसी आधार पर सल बनाए जाते हैं।

सैल दो प्रकार के होते हैं—

1 प्राइमरी सैल (Primary Cell)
2 सेकेन्ड्री सैल (Secondary Cell)

जब रसायनिक घोल मे विभिन्न धातुओ के इलैक्ट्रोड को जैसे ही रखते हैं, तुरन्त विद्युत प्राप्त हो जाय तो वह प्राइमरी सैल कहते हैं। सल के इलैक्ट्रोडों को किसी तार से जोडा जाता है तो विद्युत धारा प्राप्त होती है।

प्राइमरी सैल वोल्टा नामक वैज्ञानिक द्वारा बनाये गये वोल्टा सैल के आधार पर बनाए जाते हैं। एक कांच के बर्तन मे हल्का गधक का तेजाब का घोल भर कर दो छड़ें ताबे और जस्ते की रखी जाती हैं। इन दोनो प्लेटो या इलैक्ट्रोडो को एक तार द्वारा एक छोटा टार्च या लम्प लगाया जाता है तो करंट बहने लगती है और लैम्प प्रकाश देने लगता है। जैसा कि चित्र 3 1 मे दिखाया गया है।

इस प्रकार सल कई प्रकार के बनाये जाते है। भाग हुये अर्थात् घोल के तथा सूखे (Dry)। इनमे रसायनिक त्रिया के होने से विद्युत उत्पन्न हो जाती

चित्र 3 1—वोल्टा सैल

है, परन्तु यह सैल कम कपेसिटी के होते हैं। इस लिये यह सैल रेडियो, ट्रांसिस्टर पोर्टेबिल, वायरलस सैट आदि मे प्रयोग किये जाते हैं।

सकेन्ड्री सल अधिक केपेसिटी के होते हैं और रेडीयो, ट्रांसिस्टर आदि मे प्रयोग नही किये जाते हैं। इस कारण केवल प्राइमरी सैलो का ही वणन किया जाएगा।

वोल्टा सैल मे गधक के तेजाब मे जस्ते से रसायनिक क्रिया होती है तो

Zn	+	H_2So_4	$\longrightarrow$	$ZnSo_4$	+	H_2
जस्ता		गधक का अम्ल		जस्ते का सल्फेट		हाइड्रोजन

हाइड्रोजन बुलबुले के रूप मे निकलती है। ताँबे के चारो ओर फल जाते हैं और पूणत ढक लेते हैं जिससे कुछ समय मे रासायनिक क्रिया रुक जाती है। जस्ते की छड तेजाब से क्रिया करके क्षय होती रहती है और उसके भार मे कमी होती रहती है। इस प्रकार देखते हैं कि सैल मे दो दोष मुख्यत होते हैं—

(a) स्थानीय क्रिया (Local action)

(b) ध्रुवण (Pol)

(a) स्थानीय क्रिया—वोल्टा सैल मे शुद्ध जस्ते का इलक्ट्रोड प्रयोग करना चाहिए। परन्तु बाजार मे शुद्ध जस्ता नही मिल पाता है और महगा भी होता

है। अशुद्ध जस्ते मे लोहे और कार्बन के कणो की अशुद्धियाँ विशेष रूप से होती हैं। इस कारण जैसे ही इसे तेजाब मे रखते हैं तो लोहा व कार्बन के कारण अपना अलग-अलग सैल बना लेते हैं जिससे बाहरी सरकिट के पूरा हुये बिना ही जस्ता नष्ट होता रहता है। इस क्रिया को स्थानीय क्रिया कहा जाता है। इस दोष को दूर करने के लिए बाजारी जस्ते की छड को शोरे के तेजाब (Nitric acid) से साफ करके मरकरी (पारा) की कलई कर दी जाती है। इस कलई के प्रभाव से लोहे व कार्बन के कण छिप जाते हैं और फिर तेजाब से क्रिया करने नही पाते हैं। इस प्रकार बिना नष्ट हुए वह छड प्रयोग की जा सकती है।

(b) ध्रुवण—वोल्टा सैल म उत्पन्न हाइड्रोजन के बुलबुले ताँबे की इलैक्ट्रोड पर एकत्रित हो जाते हैं। जिससे ताँबे की छड क्रिया करने नही पाती है और सैल की करेन्ट कम हो कर बद हो जाती है। करेन्ट के रुक जाने को ही ध्रुवण कहा जाता है।

इस दोष को दूर करने के लिए या तो छड को बार-बार बाहर निकाल कर ब्रुश से साफ करते रहना चाहिए जो सम्भव नही है। अथवा रसायनिक पदार्थों को प्रयोग किया जाता है जो हाइड्रोजन को समाप्त कर देते हैं। यह क्रिया अपने आप ही होती रहती है। यह पदार्थ मैंगनीज डाईआक्साइड, कोपर सल्फेट पोटैशियम बाइ क्रोमेट आदि होते हैं। ये पदार्थ विभिन्न प्रकार के सैलो मे प्रयोग किये जाते हैं।

सल कई प्रकार के होते है—

1 लेकलान्ची सैल (Leclanche Cell)
2 डेनियल सैल (Daniel Cell)
3 बाइ क्रोमेट सैल (Bi Cromate Cell)
4 सूखा सैल (Dry Cell)

1 लेकलान्ची सल—इस सल का आविष्कार सन् 1868 मे जो लेकलान्ची वैज्ञानिक ने किया। इसमे एक काँच का बर्तन होता है जिसमे अमोनियम क्लोराइड (Ammonium Chloride) का सन्तृप्त घोल भरा होता है। बर्तन

के अन्दर घोल मे एक पारा चढी जस्ते की छड रखी और इसी म एक र। मय बतन (Parous pot) रखा। रध्रमय बतन मे मैंगनीज डाई-ऑक्साइ भरा रहता है और मध्य मे कावन की छड होती है।

-22

चित्र 3 2—लेक्लाची सैल

जस्ते की छड नेगेटिव इलक्ट्रोड और काबन की छड पोजिटिव इलैक्ट्रो का काय करता है। रध्रमय बतन मे न तो कोई वस्तु अन्दर जाती है और न ही बाहर आती है। केवल गैस ही आ जा सकती है। मैंगनीज डाई-आक्साइ ध्रुवण के रोकने का काय करती है।

जब जस्ते की छड अमोनियम क्लोराइड से मिलकर जिंक क्लोराइड बनाती है हाइड्रोजन रध्रमय बतन मे जाती है और अमोनिया गैस के रूप मे बाहर निकल जाते है।

Zn +	$2NH_4Cl$	⟶	$ZnCl$ +	H_2 +	$2NH_3$
जस्ता	अमोनियम क्लोराइड		जिंक क्लोराइड	हाइड्रोजन	अमोनिया

नेगेटिव इलक्ट्रोड से उत्पन्न विद्युतीय आयन्स पोजिटिव इलैक्ट्रोड कावन की छड की ओर जाते है। हाइड्रोजन जैसे ही मैंगनीज डाई-आक्साइड से मिलती है तो पानी बन जाता है। इससे ध्रुवता समाप्त हो जाती है और

$2MnO_2$ +	H_2	⟶	Mn_2O_3 +	H_2O
मैंगनीज डाई आक्साइड	हाइड्रोजन		मैंगनीज पर आक्साइड	पानी

कावन की छड पर वोल्टेज मिलने लगते हैं। यदि बाहर की ओर किसी तार के द्वारा दोनो इलक्ट्रोड मिलावें तो उसमे करेन्ट प्रवाहित होने लगती है।

इस सैल मे हाइड्रोजन इतनी अधिक मात्रा मे बनती है कि उस सबका मैंगनीज डाई-ऑक्साइड तुरन्त पानी नही बना पाती है। इस कारण क्रिया कुछ क्षण के लिए रुक जाती है। इस प्रकार इस सैल मे करेन्ट कुछ रुक रुक कर प्राप्त होती है। इस कारण यह सैल केवल ऐसे कार्यों मे ही प्रयोग की जाती है जिससे करेन्ट कुछ रुक रुक कर प्रयोग की जाती जैसे टेलीफोन विद्युत घटी, प्रकाश आदि। इसका वि वा बल 1 4 वोल्ट के लगभग होता है।

2 डेनियल सल—इस सल का निर्माण सन् 1836 मे लन्दन विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री के प्रोफैसर जोन डेनियल ने किया था।

इसमे तांबे का एक बतन होता है जिसमे कापर सल्फेट ($CuSo_4$) का सन्तृप्त घोल भरा रहता है। इसमे कुछ टुकडे कापर सल्फेट के अतिरिक्त भी रखे जाते हैं। जो घोल को सन्तृप्त बनाए रखने के लिए होते हैं। इसके मध्य म रन्ध्रमय बतन रखा होता है जिसमे हल्का गधक का अम्ल भरा होता है और मध्य मे एक जस्ते की छड रखी रहती है।

चित्र 3 3—डेनियल सल

इसमे तांबे का बतन पोजिटिव इलक्ट्रोड और जस्ते की छड निगेटिव इलैक्ट्रोड का काय करती है। जब जस्ते की छड हल्के गधक के अम्ल से क्रिया करती है तो जस्ते का सल्फेट और हाइड्रोजन बनाती है।

$$\underset{\text{जस्ता}}{Zn} + \underset{\text{गधक का अम्ल}}{H_2So_4} \longrightarrow \underset{\text{जस्ते का सल्फेट}}{ZnSo_4} + \underset{\text{हाइड्रोजन}}{H_2}$$

हाइड्रोजन कॉपर सल्फेट के घोल से क्रिया करके कॉपर और सल्फ्युरिक एसिड बन जाता है।

$$CuSo_4 + H_2 \longrightarrow Cu + H_2So_4$$

कॉपर सल्फेट   हाइड्रोजन   कॉपर   सल्फ्युरिक एसिड

इस प्रकार हाइड्रोजन का प्रभाव नष्ट हो जाता है। दोनों इलैक्ट्रोडों को तार से जोड़ें तो इसमें करेंट प्रवाहित होने लगती है। इसका वोल्टेज 1 08 वोल्ट होता है। इसका आन्तरिक रेसिस्टेंस अधिक होता है। इसमें स्थिर करेंट मिलती रहती है।

3 बाइक्रोमेट सैल—इस सैल में सुराही की भाँति कांच का बर्तन होता है। इसमें गंधकाम्ल और पोटेशियम बाइक्रोमेट का घोल भरा रहता है। इसमें एक छड़ जस्ते की और दूसरी छड़ कार्बन की होती है।

चित्र 3 4—बाइक्रोमेट सल

जब दोनों इलैक्ट्रोड घोल में रखी जाती हैं तो रसायनिक क्रिया होने लगती है। जस्ते की छड़ गंधकाम्ल से क्रिया करके जस्ते का सल्फेट और

हाइड्रोजन बनाती है। यह हाइड्रोजन पोटेशियम बाइक्रोमेट से क्रिया करके पानी बन जाता है और करेंट प्रवाहित होने लगती है।

4 सूखा सल—यह सैल लेकलान्ची सैल का सुधरा हुआ रूप है। यह हर स्थान पर ले जाने योग्य है। यह सूखा सैल कहलाता है परन्तु इसमे मारे रसायनिक पदार्थ पूणत सूखे नहीं होते हैं। घोल (Solution) के स्थान पर पेस्ट (Paste) भरा जाता है।

इस सैल मे एक जस्ते का बेलनाकार बतन होता है जो ऋण इलैक्ट्रोड का काय करता है। इसके मध्य मे एक कार्बन की छड रखी जाती है जो धन इलैक्ट्रोड का काय करती है। इस छड के चारो ओर केनवेस (Canvass) जो रन्ध्रमय बतन की भांति काय करता है, में भरा मेगनीज डाई ऑक्साइड का चूण रखा रहता है। इस केनवेस और बेलनाकार बतन के मध्य नौसादर का पेस्ट, जिंक क्लोराइड और प्लास्टर आफ पेरिस होता है। ऊपरी भाग पर पिच कम्पाउन्ड (Pitch Compound) लगा रहता है जिससे सूखे पदाथ

चित्र 3 5—सूखा सैल

बाहर नही निकलने पाते हैं। कनेक्शन के लिये कार्बन की छड के ऊपर पीतल की टोपी लगी रहती है। जस्ते के बर्तन की सुरक्षा के लिए उसके चारो ओर मोटा कागज लगा रहता है। पिच कम्पाउन्ड मे एक बारीक छेद छोड दिया जाता है जिसमे जस्ता, नौसादर (Ammonium Chloride) से क्रिया करके उत्पन्न अमोनिया गस बाहर निकल सकें। हाइड्रोजन मेगनीज डाई-ऑक्साइड से क्रिया करके समाप्त हो जाती है।

इस सैल की कैपेसिटी एक साथ समाप्त नही होती है बल्कि धीरे धीरे समाप्त होती है। यदि नया सेल काय न कर पावें तो समझना चाहिए कि इसमे प्रयुक्त पेस्ट सूख गया है। इसके ऊपर यदि थोडा सा पानी डाल दिया जाय तो यह पुन काय करने लगता है। एक बार डिस्चाज हो जाने पर यह सैल पुन काय करने योग्य नहीं बनाये जा सकते हैं परन्तु अब सैल को पुन काय करने के लिये विशेष प्रकार की बट्री चाजर से चाज किया जा सकता है।

इस सल का वाल्टज 1 5 वोल्ट रहता है और आन्तरिक रेसिस्टेन्स लगभग 0 2 से 0 3 ओह्म रहता है। यह सल विभिन्न साइज के बनाये जाते हैं। यह अधिकतर ट्रासिस्टर, रेडियो, टेपरिकोडर आदि मे प्रयोग किय जाते हैं।

सैल की पोलारिटी ज्ञात करना (To find the Cell Polarity)

यद्यपि सैल की प्लेटो को देखकर ज्ञात किया जा सकता है कि कौन-सा इलैक्ट्रोड पोजिटिव और कौन-सा नेगेटिव है। फिर भी यदि ज्ञात न हो सके तो निम्न प्रयोगो से भी ज्ञात किये जा सकते हैं —

(1) वोल्टमीटर द्वारा (By Voltmeter)
(ii) अम्लीय पानी द्वारा (By Acidical Water)
(iii) आलू द्वारा (By Potato)

(1) वोल्टमीटर द्वारा—सैल डी सी देता है और डी सी के वोल्टेज नापने के लिए छोटे साइज के वोल्टमीटर प्रयोग किये जाते हैं। इस वोल्ट-मीटर के दोनों सिरो पर + व — के निशान लगे रहते हैं। सेल के दोनो सिरो

को वोल्टमीटर के सिरो से लगा दें तो यदि वाल्टमीटर सैल वोल्टेज प्रदर्शित करे तो वोल्ट मीटर के सिरो पर लगे हुए सैल कम वोल्टेज प्रदर्शित करें तो

चित्र 3 6—वोल्टमीटर

वोल्टमीटर के सिरो पर लगे हुये सिरे उसी के समान होगे। यदि वोल्टमीटर की रीडिंग न आवे और वोल्टमीटर की सुई पीछे की ओर भागने का प्रयत्न करती है तो सैल के सिरे वोल्टमीटर पर लगे हुये सिरो के विपरीत होते हैं।

(ii) अम्लीय पानी द्वारा—एक कांच के बतन मे पानी भरा। उसमे कुछ बूंदें तेजाब की डाली। सैल के दोनो सिरे इसमे डाले और ध्यान से देखें तो एक सिरे पर बुलबुले उठते हुये दिखाई देते हैं। जिस सिरे पर बुलबुले उठते दिखाई दें वह सिरा निगेटिव होगा और दूसरा सिरा पोजिटिव होगा।

चित्र 3 7—अम्लीय पानी द्वारा

(iii) आलू द्वारा—एक आलू के दो भाग किये। कटे आलू पर सैल के दोनो सिरे लगाये परन्तु यह ध्यान रहे कि दोनों सिरे आपस मे न मिलने

पावें। आलू के अन्दर होकर करेंट बहने लगती है तो पोजिटिव सिरा अथ हो जाता है। दूसरे सिरे को नेगेटिव जानना चाहिए।

चित्र 38

संल का आन्तरिक प्रतिरोध (Internal Resistance of the Cell)

सैल के अन्दर प्लेटें प्रयोग की जाती हैं। इनका आकार और प्लेटों की सख्या अधिक होगी तो उनका रेसिस्टेंस भी अधिक होगा परन्तु इलैक्ट्रोडों की सख्या कम होने और साइज के छोटा होने पर रेसिस्टेंस कम होता है। यह रेसिस्टेन्स सल के अन्दर होता है, इसलिए इसे आन्तरिक रेसिस्टेंस कहते हैं। यह प्रत्येक सैल या बट्टी का निश्चित होता है। इसे कम या अधिक नही किया जा सकता, परन्तु आकार के बढ़ने पर आतरिक प्रतिरोध भी बढ जाता है। इलैक्ट्रोडों मे होकर जब करेंट प्रवाहित होती है तो उसके रेसिस्टेन्स मे करेंट का कुछ भाग व्यय हो जाता है। वोल्टेज = करेंट व्यय होने वाली × आन्तरिक रेसिस्टेन्स। इस प्रभाव से सैल के दोनों सिरों पर जो वोल्टेज मिलेगा वह व्यय वोल्टेज कम शेष होगा अर्थात् कुछ उत्पन्न वोल्टेज = सिरो पर प्राप्त वोल्टेज + व्यय वोल्टेज। सैल के बाहर तार, बल्ब आदि का रेसिस्टेन्स बाहरी रेसिस्टेंस कहलाता है। इसमे व्यय होने वाला वोल्टेज कम होता जायेगा।

विद्युत वाहक बल और वोल्टेज मे अन्तर
(Difference between Electromotive Force and Voltage)

सैल के दोनो सिरो पर प्राप्त होने वाला विभव या दबाव विद्युत वाहक बल कहलाता है। यह वह है जब बाहरी सर्किट पूर्ण नही होता है। परन्तु बाहरी सर्किट के पूर्ण होने पर जो विभव या दबाव मिलेगा वह वोल्टेज होगा। इसे एक प्रयोग द्वारा देखा जा सकता है —

वि० वा० बल — वोल्टेज

चित्र 39

सैल को एक स्विच और एक लेम्प से जोडा। स्विच के आफ रहने की स्थिति मे सैल की प्लेटों का सर्किट पूरा नही होता है जिससे आन्तरिक रसिस्टेन्स मे व्यय होने वाला वोल्टेज ज्ञात नही होगा। अत यही वास्तविक वोल्टेज है जो सैल देता है। इसी को विद्युत वाहक बल कहते हैं। परन्तु बाहरी सर्किट के स्विच के ऑन करने पर लेम्प जलने लगता है। इसमे अदर की प्लेटो इलैक्ट्रोडो का सर्किट पूर्ण हो जाता है। इसमें व्यय वोल्टेज उत्पन्न होने लगता है जो वि० वा० बल से कम होता है। अत इसे इस प्रकार कह सकते हैं कि स्विच के ऑफ रहने पर विद्युत वाहक बल और ऑन रहने पर वोल्टेज प्राप्त होता है।

बट्री (Battery)

जब दो या दो से अधिक सैलो को किसी प्रबन्ध से जोडा जावे तो उस बैंट्री कहते हैं। एक सैल का वोल्टेज लगभग 1 5 वोल्ट होता है। अधिक वोल्टेज का करेंट प्राप्त करने के लिये सैलो को जोडा जाता है।

(1) सीरीज क्रम मे सैल (Cells in Series)

(ii) समानान्तर क्रम में सल (Cells in Parallel)

(iii) सीरीज समानान्तर क्रम मे सल (Cells in Series and Parallel)

(1) सीरीज क्रम मे सल—जब दो या दो से अधिक सैलो को इस प्रकार जोडा जाता है कि पहले सल का नेगेटिव सिरा दूसरे सैल के पोजेटिव सिरे से तथा दूसरे सैल का नेगेटिव सिरा तीसरे सल के पोजिटिव सिरे से, तीसरे सल का नेगटिव सिरा आगे के पोजिटिव सिरो से जोडे जावें तो वह सीरीज म लगे हुये सल होते हैं। इस प्रकार से अनको सल लगाये जा सकते हैं। प्रारम्भ और अंतिम के दो सिरे निकलते हैं पर सब सलो के वोल्टेज का योग (Sum) प्राप्त होता है।

कुल वोल्टेज $E = e_1 + e_2 + e_3 + e_4 + e_5 + e_6 + e_7 +$ ।

प्रत्येक सल में आन्तरिक प्रतिरोध होता है जो वोल्टेज की भाँति यह भी कुल योग होता है अर्थात कुल आन्तरिक प्रतिरोध—

$$r = r_1 + r_2 + r_3 + r_4 + r_5 + r_6 + r_7 +$$

यदि R बाहरी रेसिस्टेन्स हो तो

$$\text{करेंट} = \frac{\text{वोल्ट}}{\text{रेसिस्टेन्स}}$$

$$= \frac{\text{वोल्ट}}{\text{आन्तरिक रेसिस्टेन्स} + \text{बाहरी रेसिस्टेन्स}}$$

अर्थात्

$$I = \frac{E}{r + R}$$

चित्र 3 10

यदि सैलो की सख्या n है और वोल्टेज प्रत्येक सैल का e है तो कुल वोल्टेज e × n होगा और आन्तरिक रेसिस्टेन्स n × r होगा।

अत $I = \frac{ne}{nr + R}$ एम्पीयर

उदाहरण 1 10 सैलें सीरीज में लगी हैं। प्रत्येक सैल का आन्तरिक रेसिस्टेन्स 0 2 ओह्म और वोल्टेज 2 वोल्ट है। यदि बाहरी रेसिस्टेन्स 5 ओह्म है तो उसम कितनी करेन्ट प्रवाहित होगी ?

$$I = \frac{ne}{nr + R}$$

जिसमे n = 10 सैल

e = 2 वोल्ट

r = 0 2 ओह्म

R = 5 ओह्म

करेन्ट $I = \frac{10 \times 2}{10 \times 0\ 2 + 5}$

$= \frac{20}{7}$

= 2 857 एम्पीयर

(ii) समानान्तर क्रम में सल—जब सैलों को इस प्रकार जोडा जाता है कि उनके प्रत्येक सैल के पोजिटिव सिरे एक स्थान पर और नेगेटिव सिरे दूसरे स्थान पर जोड़े जावें तो वह समानान्तर मे लगे सैल की बट्टी होती है। इसका वोल्टेज एक सैल के वोल्टेज के समान होगा। इसका आन्तरिक रेसिस्टेन्स

$$\frac{1}{r}=\frac{1}{r_1}+\frac{1}{r_2}+\frac{1}{r_3}+$$

चित्र 3 11

यदि n सैलों की सख्या है तो आन्तरिक रेसिस्टेन्स $=\frac{r}{n}$ होगा। जबकि सबका आन्तरिक प्रतिरोध r है।

अत सरकिट का कुल रेसिस्टेन्स $=R+\frac{r}{n}$

इसलिए, करेन्ट $=\frac{\text{वोल्टेज}}{\text{कुल रेसिस्टेन्स}}$

$$I=\frac{E}{R+\frac{r}{n}}$$

यदि बाहरी रेसिस्टेंस R कुल आंतरिक रेसिस्टेंस $\frac{r}{n}$ की अपेक्षा काफी अधिक है तो उसे नगण्य समझा जा सकता है। तब

$$I = \frac{E}{R}$$

उदाहरण 2 10 सैलें जिसके प्रत्येक सैल का वोल्टेज 2 वोल्ट और आंतरिक रेसिस्टेंस 0 2 ओह्म है, समानान्तर में लगी है। यदि बाहरी रेसिस्टेंस 5 ओह्म है तो कुल करेंट बताइये।

$$I = \frac{E}{R + \frac{r}{n}}$$

जिसमे,

E = 2 वोल्ट
R = 5 ओह्म
r = 0 2 ओह्म
n = 10

$$\text{करेंट } I = \frac{2}{5 + \frac{0\,2}{10}}$$

$$= \frac{2}{5 + 0\,02}$$

$$= \frac{2}{5\,02} \text{ एम्पीयर}$$

आंतरिक रेसिस्टेंस 0 02 ओह्म 5 ओह्म के बाहरी रेसिस्टेंस की तुलना मे बहुत कम है अत इसे नगण्य समझा जाये। तब

$$\text{करेंट } I = \frac{2}{5}$$

$$= 0\,4 \text{ एम्पीयर}$$

(iii) सीरीज समानान्तर क्रम में सेल—इसमे सैल सीरीज और समातर म जोड़ते हैं। इसका कनेक्शन भी उन्हीं दोनों की भांति होता है।

चित्र 3 12

मान लो कुल सैलों की सख्या $= N$

एक पक्ति म सैलो की सख्या $= n$

समानान्तर पक्ति की सख्या $= m$

कुल सैलो की सख्या $= m \times n$

अर्थात् $N = m \times n$

यदि एक सैल का आन्तरिक रेसिस्टेन्स r है तो एक पक्ति के सैलो का कुल आन्तरिक प्रतिरोध $= n \times r$ होगा। m पक्तियाँ समानान्तर में लगी हैं।

इस कारण सब सैलों का आन्तरिक रेसिस्टेन्स $= \frac{nr}{m}$

सरकिट का कुल रेसिस्टेन्स = बाहरी रेसिस्टेन्स + आन्तरिक रेसिस्टेन्स

$$= R + \frac{nr}{m}$$

जिसमे R = बाहरी रेसिस्टेन्स

सीरीज मे लगे सैलो का वोल्टेज $= nE$

इसलिये,

$$\text{कुल करेन्ट} = \frac{nE}{R + \frac{nr}{m}}$$

उदाहरण 3 20 सैल 4 समानान्तर पंक्ति मे लगे हैं। प्रत्येक पंक्ति में 5 5 मल सीरीज मे लगे हैं। प्रत्येक सैल का वोल्टेज 2 वोल्ट है और आन्तरिक रेसिस्टेंस 0 2 ओह्म है। यदि बाहरी प्रतिरोध 4 ओह्म का है तो बैट्री का करेंट ज्ञात कीजिये।

सीरीज में लगे सैलों का कुल वोल्टेज $= nE$

$= 5 \times 2 = 10$ वोल्ट

कुल आन्तरिक रेसिस्टेन्स $= \frac{nr}{m}$

$= \frac{5 \times 0\ 2}{4} = 0\ 25$ ओह्म

करेंट $I = \frac{nE}{\frac{nr}{m} + R}$

$= \frac{10}{0\ 25 + 4}$

$= \frac{10}{4\ 25}$ एम्पीयर

$= 2\ 35$ एम्पीयर

●

4

चुम्बकत्व

(Magnetism)

सर्वप्रथम प्राचीन काल मे खानो से एक पत्थर निकलता था उसे लोड स्टोन (Lode Stone) कहते हैं। इस पत्थर मे एक विशेष गुण है जो लोहे और लोहे से बनी वस्तुओ को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह लोड स्टोन एशिया माइनर स्थान पर खानो से प्राप्त होता है। यह मेगनेशिया नामक प्रान्त मे मिलने के कारण इसके नाम पर इसे मेग्नेटाइट कहा जाता था। हिन्दी मे इसको चुम्बक कहा जाता है। इस पत्थर को धागे मे बाँधकर वायु मे लटका दिया जाता है तो उसके दोनो सिरे उत्तर और दक्षिण दिशा मे ठहर जाते हैं।

चित्र 4 I

चुम्बक दो प्रकार के होते हैं—

1 प्राकृतिक चुम्बक (Natural Magnet)

2 कृत्रिम चुम्बक (Artificial Magnet)

1 प्राकृतिक चुम्बक—खानो से प्राप्त चुम्बक प्राकृतिक चुम्बक होता है। इसे ही लोड स्टोन कहते हैं। यह बनाया नहीं जा सकता है। इसका कोई विशेष आकार नही होता है।

2 कृत्रिम चुम्बक—इनका आकार विशेष होता है। ये प्राकृतिक चुम्बक अथवा अन्य साधन से बनाये जाते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं—

(i) स्थाई चुम्बक (Parmanent Magnet)

(ii) अस्थाई चुम्बक (Temporary Magnet)

(i) स्थाई चुम्बक—यह स्टील धातु से बनाये जाते हैं। इसमे चुम्बकीय गुण काफी दिनों तक स्थिर रहते हैं। यह विशेष कर छड चुम्बक और घोडे की नाल चुम्बक होते हैं। इनमे भी लोड स्टोन की भाँति गुण होते हैं।

चित्र 4 2

स्थाई चुम्बक बनाने की दो विधियाँ हैं—

(a) एक स्पर्श विधि (Single Touch Method)—जिस स्टील के टुकडे को चुम्बक बनाना हो उसे समतल स्थान पर रखते हैं। इसके एक सिरे पर स्थाई चुम्बक के एक सिरे को लम्बवत् रखते हैं और स्टील के टुकडे के दूसरे सिरे तक रगडते हैं। दूसरे सिरे से उठाकर पुन पहले सिरे पर लाकर पुन रगडते हैं। इसी प्रकार इसे रगडते रहते हैं परन्तु स्थाई चुम्बक

चित्र 4 3—एक स्पर्श विधि

को स्टील के टुकडे के दूसरे से वापस पीछे की ओर नही रगडना चाहिए। रगडने की क्रिया बार-बार करने से स्टील का स्थाई चुम्बक बन जाता है। स्थाई चुम्बक का वह सिरा जो स्टील टुकडे के सिरे पर रखा जाता है तो स्टील के टुकडे का सिरा विपरीत सिरा बनता है।

(b) द्वि स्पर्श विधि (Double Touch Method)—इस विधि मे चार स्थायी चुम्बक से स्टील का टुकडा चुम्बक बनाया जाता है। दो चुम्बकों के ऊपर स्टील का टुकडा रखा जाता है। स्टील के टुकडे के मध्य मे दो स्थाई चुम्बक विपरीत ध्रुव के रखे जाते हैं और उन्हे विपरीत दिशा मे ही रगडा जाता है। स्टील के टुकडे के सिरो से उठाकर पुन मध्य में रखकर पुन रगडा जाता है इस प्रकार की क्रिया कई बार करने से स्टील का टुकडा चुम्बक बन जाता है।

चित्र 4 4—द्वि स्पर्श विधि

(ii) अस्थाई चुम्बक—यह चुम्बक विद्युत से बनाई जाती है। किसी लोहे के टुकडे के ऊपर इंसुलेटेड तारों को लपेट कर विद्युत दी जाय तो लोहे का टुकडा चुम्बक बन जाता है। यह चुम्बकत्व उस समय तक रहता है जब तक उसमे विद्युत दी जाती है। विद्युत सरकिट के टूटने पर लोहे का चुम्बकीय गुण समाप्त हो जाता है। विद्युत देने पर लोहा पुन चुम्बक बन जाता है।

अणु सिद्धात (Molecular Theory)—वैज्ञानिकों द्वारा काफी खोज की गई कि चुम्बक क्या है। केवल बहुमत के आधार पर यह कहा जा सकता है कि प्रत्येक पदार्थ मे सभी अणु स्वभाव से छोटे छोटे चुम्बक होते हैं। वे अस्त-व्यस्त रहते हैं। इस कारण उनका स्वभाव एक दूसरे अणु नष्ट करते रहते हैं

और लोहे मे चुम्बक का प्रभाव प्रतीत नही होता है जबकि प्रत्येक अणु के दो ध्रुव (Pole) N व S होते हैं। जब किसी अन्य चुम्बक या विद्युत के द्वारा

S

अस्त व्यस्त अणु चित्र 4 5 क्रम मे अणु

लोहे के अणुओ को एक निश्चित क्रम मे रखा जाता है तो वह चुम्बक बन जाता है। प्रत्येक अणु के N ध्रुव एक दिशा मे और S ध्रुव दूसरे सिरे की ओर हो जाते हैं। अणु के N सिरे की ओर लोहे के चुम्बक का N ध्रुव और दूसरा सिरा S S बन जाता है।

इस सिद्धान्त की पुष्टि करने के लिए यदि छड चुम्बक के कई टुकडे किये जायें तो प्रत्येक टुकडे के दो ध्रुव मिलते हैं। यदि उन टुकडो के किसी एक टुकडे के कई टुकडे और किये जायें तो उन छोटे छोटे टुकडो मे भी चुम्बकीय गुण होते हैं। और प्रत्येक में दो ध्रुव ही मिलते हैं।

चित्र 4 6

चुम्बकीय रेखायें (Magnetic Lines)—यदि एक कागज पर लोहा चूण (Iron) की हल्की परत डाल दें और कागज के नीचे चुम्बक का एक

को स्टील के टुकडे के दूसरे स वापस पीछे की ओर नही रगडना चाहिए। रगडने की क्रिया बार-बार करने से स्टील का स्थाई चुम्बक बन जाता है। स्थाई चुम्बक का वह सिरा जो स्टील टुकडे के सिरे पर रखा जाता है तो स्टील क टुकडे का सिरा विपरीत सिरा बनता है।


(4) तापक्रम (Temperature)—चालक रेसिस्टेन्स तापक्रम के बढने पर बढता है और घटने पर कम होता है। तापक्रम का यह प्रभाव प्रत्येक धातु, मिश्र धातु, इलैक्ट्रोलाइटस, कार्बन और इन्सुलेटरो पर होता है। धातु का रेसिस्टेन्स तापक्रम के बढने पर समान गति (Rate) से बढता है। मिश्र धातुओ के रेसिस्टेन्स तापक्रम के बढने पर धातु की तुलना मे कम कम बढता हैं। परन्तु इलैक्ट्रोलाइटस और इन्सुलेटर का रेसिस्टेन्स तापक्रम के बढने पर कम होता है।

तापक्रम के एक डिग्री सेन्टीग्रेड के बढने पर बढे हुए रेसिस्टेन्स और शून्य डिग्री तापक्रम के रेसिस्टेन्स के अनुपात को धातु का तापगुणक (Temperature-Co Efficient of Metals) कहते हैं। इसे एल्फा (alpha) α से प्रकट करते हैं। अत

$$\alpha o = \frac{Rt - Ro}{Rot}$$

इसमे,

Ro = चालक का रेसिस्टेन्स 0C° पर

Rt = चालक का रेसिस्टेन्स t0C° पर

t = तापक्रम का बढाव

αo = तापगुण का 0°C पर

उदाहरण—तांबे के तार का रेसिस्टेन्स 20 ओह्म 0°C तापक्रम पर है। यदि तापगुणक 0 0043 प्रति डि से है तो 30°C तापक्रम पर तार का रेसिस्टेन्स ज्ञात करो।

$$a_o = \frac{Rt - R_o}{R_o t}$$

$$Rt = R_o (1 + \alpha t)$$

पाईरोलिटिक (Pyrolytic) कार्बन रजिस्टर किसी तापक्रम, वोल्टज फ्रीक्वेन्सी और समय पर स्थिर रेजिस्टेन्स देता है। कार्बन रजिस्टर के निम्न दोष होते हैं—

(a) अस्थिर ताप गुणक (Variable temperature coefficient)

(b) स्थिर टोलरेन्स मे कमी (Lack of constant tolerance)

(c) अधिक शोर (Greater noise)

(d) लो पावर हेंडलिंग कैपेसिटी (Low power handling capacity)

(e) कम स्थायित्व (Poor stability)

कार्बन रजिस्टर का मान निकालना—कार्बन रजिस्टर का मान ज्ञात करने के लिए उसके ऊपर कई रंगो के चिह्न अंकित होते हैं इसे कलर कोड कहते हैं।

कलर कोड

रंग (Colour)	संख्या (Figures)	टोलरेंस प्रतिशत में
काला (Black)	0	—
कत्थई (Brown)	1	—
लाल (Red)	2	—
नारंगी (Orange)	3	—
पीला (Yellow)	4	—
हरा (Green)	5	—
नीला (Blue)	6	—
बैंगनी (Violet)	7	—
भूरा (Grey)	8	—
सफेद (White)	9	—
सुनहरा (Gold)	—	± 5
चाँदी (Silver)	—	±10
रंगहीन (No colo	—	±20

रजिस्टर का मान निकालने की दो विधियाँ होती हैं। एक विधि मे रस्जिटर पर रगो की लाइनें होती हैं और दूसरी विधि मे रजिस्टर पर रग बिन्दु रूप मे होता है। यदि रगो की लाइनें हो तो ये रग बायें हाथ की ओर से देखा जाता है। ये लाइनें पतली और पास पास होती हैं। पहला रग पहली सख्या होती है जो कलर कोड में अकित के अनुसार होनी है और दूसरा रग दूसरी सख्या होती है परन्तु तीसरे रग की सख्या उतने शून्य को प्रक्ट करती है। चौथा रग रजिस्टर का टोलरेन्स बताता है। मान लीजिए पहला रग नारगी, दूसरा रग नीला, तीसरा लाल और चौथा सुनहरी है तो इन रगों की सख्या कलर कोड के देखने पर नारगी की सख्या 3 नीले रग की 6 और लाल रग की 2 हैं तो इसका मान 3600 होगा। सुनहरी रग के कारण टोलरेन्स $\pm 5\%$ होगा।

चित्र 6 2

फिक्सड
सीमेन्ट कोटेड
-80(b)
एडजेस्टेबिल
सीमेन्ट कोटेड
-80(b)-
साधारण

3 अस्थिर रजिस्टर—जिन धातु या मिश्र धातु का रेसिस्टेंस उनके भौतिक आकार से अधिक होता है तो वे अस्थिर रजिस्टर कहलाते हैं जैसे वायर वाउण्ड रजिस्टर। इस प्रकार के रजिस्टर वायर या स्ट्रिप रूप मे होते हैं और इनका स्पेसिफिक रेसिस्टेंस कम होता है। दिए हुए वोल्यूम तक के लिए इसका रेसिस्टेंस मान निश्चित होता है।

इससे लाभ व दोष निम्न है —

लाभ (Advantages)

(i) आयु के साथ उच्च स्थायित्व (High Stability with Age)

(ii) निम्न ताप गुणक (Co efficient of Low Temperature)

हानि (Disadvantages)

(i) उच्च रेसिस्टेंस मान के लिए अधिक मूल्य (High cost for high resistance value)

(ii) उच्च फ्रीक्वेन्सियो पर कमजोर फ्रीक्वेन्सी विशेषता।

(iii) 0 1 ओह्म से 1 मेग ओह्म का रेसिस्टेन्स मान।

टाइप (Types)

वेरियेबिल रजिस्टर रेडियो मे वोल्यूम टोन और बास (Bass) कन्ट्रोल्स की भांति प्रयोग किये जाते हैं। इनमे से एक के द्वारा रेसिस्टेंस मान रेसिस्टेंस स्ट्रिप के ऊपर कोन्टेक्ट आर्म को घुमाने से प्राप्त होता है और दूसरे में सेन्ट्रल टेग (Tag) की स्थिति के अनुसार शून्य से अधिकतम रेसिस्टेंस मान प्राप्त होता है। वेरियेबिल रेसिस्टेंस दो प्रकार के होत हैं—

(i) वायर वाउण्ड रजिस्टर (Wire Wound Resistor)

(ii) कम्पोजीशन टाइप रजिस्टर (Composition Type Resistor)

(i) वायर वाउण्ड रजिस्टर—इस रजिस्टर मे एक चौरस इन्सुलेटिंग वस्तु पर तार लपेटा जाता है और एक सुरक्षात्मक बतन से ढका रहता है। तीन सिरे होते हैं a, b और c। इसके दो सिरे a और b एलीमेंट

रहते हैं और तीसरा सिरा C कोन्टेक्ट आम होता है। यह धातु की लम्बा आर्म होती है जिसे पकड़कर घुमाया जाता है जो प्रत्येक टन के साथ स्पर्श करता है। यह कुल वोल्टेज को आवश्यक मान पर रखने पर आवश्यक

चित्र 6 5—वेरियेबिल रजिस्टर

वाल्टेज प्राप्त कर लिया जाता है। इसकी पावर रेटिंग 2 से 25 वाट होती है और मान (Value) 100 से 500 000 आह्म होता है। ये अन्य रजिस्टरों से मूल्यवान होते हैं और कुछ स्थानों पर ही प्रयोग होते हैं जहाँ अधिक करेंट प्रवाहित होती है।

इनका व्यास लगभग 2 5 से०मी० से 4 से० मी० रहता है। इसमें शाफ्ट का कनेक्शन मध्य की पत्ती से होता है। यह पत्ती रजिस्टर पर घूमती है। रजिस्टर इन्सुलेटिंग वस्तु जैसे बेकेलाइट, पर लगाया जाता है और ऊपर से ढक्कन बन्द करके कस दिया जाता है।

अधिक करेंट पर काय करने के लिए नाइक्रोम तार को सिरेमिक की नली पर लपेट कर बनाया जाता है। उस पर विट्रियस आयल या सीमेंट और लगा दिया जाता है जिससे तार सुरक्षित रहे। कनेक्शन के लिए किनारो पर

दो सिरे निकाल लिये जाते हैं। इनकी कैपेसिटी 5 से 200 वाट तक होती है। इसका व्यास 6 मि० मी० से 30 मि० मी० होता है और लम्बाई 2 से० मी० से 25 से० मी० होती है। इसका रेसिस्टेन्स मान 1 ओह्म से 100,000 ओह्म तक होता है।

चित्र 66

स्थान कम होने पर फ्लेक्सीबिल वायर वाउन्ड रजिस्टर प्रयोग किये जाते हैं। यह एसबेस्टस या फाइबर की कोर पर तार वाउन्ड करके एसबेस्टस या फायबर ग्लास की बुनी हुई (Braided) स्लीव चढा दी जाती है। इसका मान कलर कोड से ज्ञात किया जा सकता है। यह 100,000 ओह्म तक के बनाये जाते हैं। इनका व्यास 30 मि० मी० और लम्बाई 25 से० मी० से 15 से० मी० होती है। ये 1 से 10 वाट तक होते हैं।

(ii) कम्पोजीशन टाइप रजिस्टर—साधारणत सब रेडियो मे यह रजिस्टर प्रयोग होते हैं। ये अधिक सस्ते भी होते हैं। ये रजिस्टर कार्बन और ग्रेफाइट का मिश्रण रेजीनियस मोल्डिंग पाउडर (Resinous moulding Powder) के साथ मिलाकर इन्सुलेटिंग बेस पर मोल्ड (Mould) कर दिया जाता है। इसमे घूमने वाला स्लाइडर पूरे एलीमेंट पर घूम कर विभिन्न मान देता है। वोल्युम कन्ट्रोल के लिए इसमे तीन लग्स (lugs) होते हैं। इसमें प्रारम्भ और आखिरी सिरा स्टार्ट या समाप्त और मध्य का घूमने वाला कन्ट्रोल होता है।

सुनाई

शाफ्ट से

रहते हैं और तीसर
आर्म होती है जि
करता है। यह
HABIS
WASHER
NUT
अन्दर के कनेक्शन
BON STRIP
वोल्टेज प्र
और मान
मूल्यवान
प्रवाहित
STRIP OF END
CONNECTION
OVING
ARM

फिल्म टाइप वेरियेबिल रजिस्टर में सेरेमिक पेपर या अन्य इन्सुलेट वस्तु पर रेसिस्टव घोल लगा रहता है। इन रजिस्टरों का मान 10 मेग ओह्म तक होता है। इसकी करेन्ट रेटिंग 2 वाट है। वोल्युम कन्ट्रोल के लिए 0.5 मेग ओह्म। मेग ओह्म और 2 मेग ओह्म के अधिक प्रयुक्त होते हैं। टोन कन्ट्रोल के लिये ये 250 किलो ओह्म के अधिक उपयुक्त होते हैं परन्तु 10 कि० ओह्म, 25 कि० ओह्म, 50 कि० ओह्म और 100 कि० ओह्म के भी प्रयोग होते हैं।

-84-

वोल्युम कन्ट्राल स्विच सहित

चित्र 68

-85-

डबल वोल्युम व टोन कन्ट्रोल

चित्र 69

वोल्युम कन्ट्रोल या टोन कन्ट्रोल को ओफ-ओन करने के लिए स्विच भी लगाया जाता है जो वोल्युम कन्ट्रोल या टोन कन्ट्रोल के अन्दर होता है। इस प्रकार के वोल्युम कन्ट्रोल को वोल्युम कन्ट्रोल स्विच सहित कहते हैं। स्विच के प्रारम्भ में ओफ रहता है फिर उसे धीरे धीरे घुमाकर आवाज को कन्ट्रोल करते हैं। स्विच को ओफ ओन के समय 'क्लिक' की भाँति आवाज सुनाई पडती है। इसके अतिरिक्त ऐसा कन्ट्रोल भी होता है जो एक ही शाफ्ट से

चित्र 6 7—स्विच सहित वोल्युम कन्ट्रोल

फिल्म टाइप वेरियेबिल रजिस्टर में केमिक पेपर या अन्य इन्सुलेट वस्तु पर रेसिस्टव घोल लगा रहता है। इन रजिस्टरों का मान 10 मेग ओह्म तक होता है। इसकी करेन्ट रेटिंग 2 वाट है। वोल्युम कन्ट्रोल के लिए 0.5 मेग ओह्म। मेग ओह्म और 2 मेग ओह्म के अधिक प्रयुक्त होते हैं। टोन कन्ट्रोल के लिये ये 250 किलो ओह्म के अधिक उपयुक्त होते हैं परन्तु 10 कि० ओह्म, 25 कि० ओह्म, 50 कि० ओह्म और 100 कि० ओह्म के भी प्रयोग होते हैं।

-84-
वोल्युम कन्ट्रोल स्विच सहित
चित्र 68

-85-
डबल वोल्युम व टोन कन्ट्रोल
चित्र 69

वोल्युम कन्ट्रोल या टोन कन्ट्रोल को ओफ ओन करने के लिए स्विच भी लगाया जाता है जो वोल्युम कन्ट्रोल या टोन कन्ट्रोल के अन्दर होता है। इस प्रकार के वोल्युम कन्ट्रोल को वोल्युम कन्ट्रोल स्विच सहित कहते हैं। स्विच के प्रारम्भ में ओफ रहता है फिर उसे धीरे धीरे घुमाकर आवाज को कन्ट्रोल करते हैं। स्विच को ओफ ओन के समय 'क्लिक' की भाँति आवाज सुनाई पडती है। इसके अतिरिक्त ऐसा कन्ट्रोल भी होता है जो एक ही शाफ्ट से

वोल्युम और टोन दोनो कन्ट्रोल्स का काय करता है। शाफ्ट को आगे या पीछे खिसका कर वोल्युम या टोन कन्ट्रोल काय करने लगता है। इसे डबल वोल्युम और टोन कन्ट्रोल कहा जाता है। इसमे 6 सिरे होते हैं तीन सिरे वोल्युम कन्ट्रोल के लिए और तीन टोन कन्ट्रोल के होते हैं। इन्ही सिरो पर कनेक्शन सोल्डर किए जाते हैं।

कनेक्शन (Connections)

दो या से अधिक रेसिस्टेन्सों को निम्न प्रकार से कनेक्ट किए जाते हैं —

(a) सीरीज कनेक्शन (Series Connection)

(b) पैरेलेल कनेक्शन (Parellel Connection)

(a) सीरीज कनेक्शन—जब निश्चित मान का रेसिस्टेन्स न हो तो दो या दो से अधिक रेसिस्टेन्स को जोड कर निश्चित मान के बराबर कर लिया जाता है। जब दो या अधिक रेसिस्टेन्सो को इस प्रकार लगाये जाते हैं कि पहले रेसिस्टेन्स का दूसरा सिरा, दूसरे रेसिस्टेन्स के पहले सिरे से और दूसरे रेसिस्टेन्स के दूसरे सिरे को तीसरे के पहले सिरे से जोडे। पहले रेसिस्टेन्स का पहला सिरा और अन्तिम रेसिस्टेन्स का अन्तिम सिरा सप्लाई के लिए छोडे तो ऐसे कनेक्शन सीरीज कनेक्शन कहलाते हैं।

चित्र 6 10—सीरीज कनेक्शन

इस कनेक्शन मे करेन्ट के बहाव का माग एक ही होता है। प्रत्येक रेसिसिस्टन्स की करेन्ट समान होती है और कुल करेन्ट के बराबर होती है। वोल्टेज प्रत्येक रेसिस्टेन्स मे समान होता है और सब रेसिस्टेन्सो के वोल्टेज का योग

कुल सप्लाई वोल्टेज के बराबर होता है। सरकिट के सब रेसिटेन्सो का योग कुल रेसिस्टेन्स के बराबर होता है। यदि प्रत्येक रेसिस्टेन्स का वोल्टेज V_1, V_2, V_3 है और वोल्टेज V है तो

$$V = V_1 + V_2 + V_3 +$$

इसी प्रकार प्रत्येक रेसिस्टेन्स R_1, R_2, R_3 है और कुल रेसिस्टेंस R है तो

$$R = R_1 + R_2 + R_3 +$$

इसमे करेंट समान रहती है अत प्रत्येक रेसिस्टेन्स मे कुल करेंट

$$I = \frac{V_1}{R_1} = \frac{V_2}{R_1} = \frac{V_3}{R_3}$$

उदाहरण—यदि तीन रेसिटेन्स 2, 4 और 5 ओह्म के सीरीज मे लगे हैं और कुल करेंट 2 5 एम्पीयर प्रवाहित होती है तो बताओ (a) कुल रेसिस्टेंस (b) प्रत्येक रेसिस्टेंस का वोल्टेज और (c) कुल वोल्टेज।

चित्र 6 11

(a) यदि $R_1 = 2\Omega$, $R_2 = 4\Omega$, $R_3 = 5\Omega$ तो कुल रेसिस्टेन्स

$$R = R_1 + R_2 + R_3$$
$$= 2 + 4 + 5$$
$$= 11 \text{ ओह्म}$$

(b) 2 ओह्म के रेसिस्टेंस का वोल्टेज $= I \times R_1$

$$= 2\,5 \times 2$$
$$V_1 = 5 \text{ वोल्ट}$$

4 ओह्म के रेसिस्टेंस का वोल्टेज $= I \times R_2$
$= 2.5 \times 4$
$V_2 = 10$ वोल्ट

5 ओह्म के रेसिस्टेन्स का वोल्टेज $= I \times R_3$
$= 2.5 \times 5$
$V_3 = 12.5$ वोल्ट

(c) यदि प्रत्येक रेसिस्टेन्स का वोल्टेज V_1, V_2 V_3 है तो कुल वोल्टेज

$T = V_1 + V_2 + V_3$
$= 5 + 10 + 12.5$
$= 27.5$ वोल्ट

(अथवा $V = I \times R$, $V = 2.5 \times 11 = 27.5$ वोल्ट)

(b) समानान्तर कनेक्शन—यदि कम मान के रेसिस्टेंस न हो और अधिक मान के हो तो उन्हे समानान्तर मे लगा कर उनका मान कम किया जा सकता है। जब दो या दो से अधिक रेसिस्टेन्स इस प्रकार लगाये जायें कि उनके प्रारम्भ के सब सिरे एक साथ कनेक्ट करें और उनके सब अन्तिम सिरे एक साथ कनेक्ट करें और दोनों कनेक्ट सिरो को सप्लाई से जोड़े तो वह कनेक्शन समानान्तर कनेक्शन कहलाता है।

चित्र 6 12

इसमें करेन्ट के भाग प्रत्येक रेसिस्टेन्स के पृथक्-पृथक् है। इनका वोल्टेज सबमे बराबर-बराबर होता है जो सप्लाई वोल्टेज के बराबर होता है। परन्तु सब से करेन्ट भिन्न भिन्न होती है और उनका योग कुल करेन्ट के बराबर होती है। यदि प्रत्येक रेसिस्टेन्स R_1, R_2 और R_3 है, करेन्ट I और वोल्टेज V है तो

$$\text{कुल करेन्ट } I = I_1 + I_2 + I_3$$

सरकिट की कुल रेसिस्टेन्स

$$\frac{1}{R} = \frac{1}{R_1} + \frac{1}{R_2} = \frac{1}{R_3}$$

इसके प्रत्येक रेसिस्टेन्स मे वोल्टेज समान रहता है अत प्रत्येक रेसिस्टेन्स मे वोल्टेज

$$V = I_1 \times R_1 = I_2 \times R_2 = I_3 \times R_3$$

उदाहरण—एक सरकिट मे तीन रेसिस्टेन्स 10, 15 और 20 ओह्म है और सप्लाई वोल्टेज 30 वोल्ट है तो ज्ञात कीजिए कि (a) कुल रेसिस्टेन्स (b) प्रत्येक रेसिस्टेन्स की करेन्ट और (c) करेन्ट।

चित्र 6 13

(a) यदि $R_1 = 10\Omega$, $R_2 = 15\Omega$ और $R_3 = 20\Omega$ तो कुल रेसिस्टेन्स

$$\frac{1}{R} = \frac{1}{R_1} + \frac{1}{R_2} + \frac{1}{R_3}$$

$$= \frac{1}{10} + \frac{1}{15} + \frac{1}{20}$$

$$= \frac{13}{60}$$

$R = 4\,6$ ओह्म

(b) 10 ओह्म के रेसिस्टेन्स की करेन्ट $= \frac{V}{R_1}$

$$= \frac{30}{10}$$

$= I_1 = 3$ एम्पी०

15 ओह्म के रेसिस्टेन्स की करेन्ट $= \frac{V}{R_2}$

$$= \frac{30}{15}$$

$= I_2 = 2$ एम्पी०

20 ओह्म के रेसिस्टेन्स की करेन्ट $= \frac{V}{R_3}$

$$= \frac{30}{20}$$

$= I_3 = 1\,5$ एम्पी०

(c) प्रत्येक रेसिस्टेन्स की करेन्ट I_1- I_2 और I_3 है तो कुल करेन्ट

$$I = I_1 + I_2 + I_3$$

$$= 3 + 2 + 1\,5$$

$= 6\,5$ एम्पीयर

पोटेन्शियोमीटर (Patentio meter)

वोल्टेज को नियन्त्रित करने के लिए विभिन्न मान के रसिस्टेंस सीरीज मे जोडे जाते हैं। मूल वोल्टेज इन रेसिस्टेंसो से प्रवाहित होता है। इन रेसिस्टेंसों के विभिन्न जोडों (Connections) से मूल वोल्टेज से कम आवश्यक वोल्टेज प्राप्त कर लिया जाता है। यदि कुल वोल्टेज V, रेसिस्टेंस R_1, R_2 और R_3 मे दिए गए हो तो R_1 रेसिस्टेंस से V_1, R_2 रेसिस्टेन्स से

चित्र 6 14

V_2 और R_3 रेसिस्टेंस से V_3 वोल्टेज प्राप्त किया जाता है। इसमे A और B पर कनेक्ट करने से V_1, B व C पर V_2 और C व D पर V_3 वोल्टेज प्राप्त होता है। इस प्रकार के वोल्युम कन्ट्रोल या टोन कन्ट्रोल को वेरियेबिल पोटेन्शियोमीटर कहा जाता है। इसमे करेंट समान रहती है चाहे V_1 वोल्टेज प्राप्त करें अथवा V_2 या V_3। यह करेंट कुल वोल्टेज V तीनो रेसिस्टेंसो R_1, R_2 और R_3 से प्राप्त होती है।

●

7

माईक्रोफोन और लाउडस्पीकर

(Microphones and Loudspeakers)

यह वह यन्त्र है जो साउन्ड वेव को इलैक्ट्रिक वेव अथवा इलेक्ट्रिक वेव को साउन्ड वेव में परिवर्तित करता है। माइक्रोफोन साउन्ड वेव को इलक्ट्रिक वेव मे परिवर्तित करके आगे स्टेज मे पहुँचाता है जहाँ यह वेव एम्पलीफाई होती है। परन्तु लाउडस्पीकर में एम्पलीफाइड इलैक्ट्रिक वेव पहुंचती है और साउन्ड उत्पन्न हो जाती है।

माइक्रोफोन (Microphone)—माइक्रोफोन एक पुनरुत्पादक (Transducer) है अथवा यह एनर्जी कनवर्टर है। जो साउन्ड वेव की एकूस्टिक एनर्जी (Acoustic Energy) इलक्ट्रिकल इम्पुलसेस (Impulses) में कनवर्ट करता है। साउन्ड वेव एक डायाफ्राम से टकराती है। तो यह वाइब्रेट करता है और मकेनीकल एनर्जी उत्पन्न होती है। डायफ्राम के वाइब्रेट करने से वेरीयेबिल ओडियो, फ्रीकवेन्सी करेन्ट उत्पन्न हो जाती है। एक अच्छे माइक्रोफोन मे अच्छा पुनरुत्पादन, सूक्ष्मग्राही, साथ में बिना शोर (Noiseless) हुए और दृढ जैसे गुण होने चाहिये। इसे आवश्यकतानुसार किसी भी दिशा मे लगाया या रखा जा सकता है।

माइक्रोफोन की फ्रीक्वेन्सी रेसपोन्स विभिन्न फ्रीक्वेन्सियो की साउन्ड वेव को इलैक्ट्रिकल वेरियेशन में कन्वर्ट करने की अपनी योग्यता है। व्यापारिक रेडियो कम्युनिकेशन के लिये माइक्रोफोन

चित्र 7।

को 75 से 4500 साइकिल प्रति सेकिण्ड की फ्रीक्वेंसी रेसपोंस ठीक रहती है। जहाँ से साउंड ठीक सुनी जा सकती है। इसी प्रकार ब्रोडकास्टिंग के लिये एम्पलीट्यूट मोड्यूलेशन फ्रीक्वेंसी 30 से 10,000 साइकिल प्रति सेकिण्ड और मोड्यूलेशन फ्रीक्वेंसी 20 से 15 000 साइकिल प्रति सेकिण्ड की आवश्यकता होती है जिससे बिना किसी और शोर के प्रोग्राम सुना जा सकता है। माइक्रोफोन की सेंसिटिविटी उसके विभिन्न प्रकार की टाइप पर निर्भर है। साउंड की आउटपुट माइक्रोफोन से बोलने वाली दूरी के अनुसार होती है। माइक से स्पीकर का मुँह लगभग 30 से०मी० दूरी पर होना चाहिए। अच्छा माईक लगभग 2 5 से 3 मीटर की दूरी से आवाज पकड़ लेता है।

माइक्रोफोन के प्रकार (Types of Microphones)

ये निम्न प्रकार के होते हैं —

(a) कार्बन माइक्रोफोन (Carbon Microphone)

(b) डायनेमिक माइक्रोफोन (Dynamic Microphone)

(c) रिबन माइक्रोफोन (Ribbon Microphone)

(d) केपेसिटर माइक्रोफोन (Capacitor Microphone)

(e) क्रिस्टल माइक्रोफोन (Crystal Microphone)

(a) कार्बन माइक्रोफोन—इसमे एक इन्सुलेटेड धातु का छोटा रूप Metal Cup होता है। जिसे बटन (Button) कहते हैं। इसमे कार्बन ग्रेनुल्स (Granules) होते हैं अर्थात कार्बन के छोटे-छोटे कण होते हैं जो कप मे जमे होते हैं। इसके एक ओर धातु का पतला डायफ्राम होता हैं जो ग्रेनुल्स से स्पर्श करता है। जब डायाफ्राम से आवाज टकराती है तो वह साउंड की वेव के अनुसार वाइब्रेट करने लगता है। इस वाइब्रेशन से डायफ्राम आगे-पीछे चलता है। जब डायफ्राम कार्बन ग्रेनुल्स से टकराता है तो ग्रेनुल्स दबते हैं। जिससे उनका रेजिस्टेंस कम हो जाता है। परन्तु जब डायफ्राम वहाँ हटकर दूर जाता है तो ग्रेनुल्स फैल जाते हैं और उनका रेजिस्टेंस बढ़ जाता है। इस प्रकार रेजिस्टेंस के कम व अधिक होने से करेंट भी अधिक व कम

बहने लगती है। जिसे करेंट ट्रांसफारमर में देते हैं। जहां से करेंट एम्पलीफाई होती है।

चित्र 7.2—सिंगल बटन कार्बन माइक्रोफोन

यह अधिकतर टेलिफोन में प्रयोग किया जाता है। इसकी फ्रीक्वेंसी रेसपोन्स कमजोर है। और साउन्ड के अन्त में सी सी का शब्द (Hissing) और डिस्टोशन उत्पन्न होता है जिससे साउन्ड कम हो जाती है। इसकी फ्रीक्वेंसी कुछ हजार सा० प्रति से० तक ही सीमित है इस कारण यह भाषण आदि के लिये ही उपयुक्त है। तेज आवाज से कार्बन ग्रेनुल्स में दोष आ जाता है। इसका आउटपुट लगभग 0.1 से 0.3 वोल्ट होता है। इसकी इम्पीडेंस 1000 सा० प्रति से० की फ्रीक्वेंसी पर 200 ओह्म होता है। यह माइक्रोफोन सिंगल बटन माइक्रोफोन कहलाता है।

एक ही डायफ्राम के दोनों ओर कार्बन ग्रेनुल्स जमे इन्सुलेटेड धातु के कपों या बटनों को लगाया जावे तो यह डबल बटन माइक्रोफोन कहलाता है। धातु के कप पुशपुल टाईप ट्रांसफोरमर बैट्री के द्वारा लगाया जाता है। साउन्ड वेव के द्वारा डायफ्राम वाइब्रेट करने लगता है और कार्बन के ग्रेनुल्स कभी एक ओर के दबते हैं और दूसरी ओर के फैलते हैं। कभी दूसरी ओर के दबते हैं और पहली ओर के फैलते हैं। इस प्रकार से रेजिस्टेंस कम व अधिक होता है और करेंट उत्पन्न होकर ट्रांसफारमर में चली जाती है। इसकी फ्रीक्वेन्सी रेस्पोन्स अच्छी होती है और 500 से 6000 सा० प्रति सेकेन्ड के

चित्र 7 3—डबल बटन कार्बन माइक्रोफोन

मध्य सरलता से काय करता है। यह कम मूल्य और कम भार का होता है।

डायनेमिक माइक्रोफोन—साधारणत डायनेमिक माइक्रोफोन अधिक प्रयोग किया जाता है। इसे 'मूविंग कोइल टाइप माइक्रोफोन कहा जाता है। इसमे एक परमानेन्ट मेगनेट E टाइप का होता है। इसके दोनो सिरो के मध्य एक कोइल रखा जाता है जिससे स्पीच कोइल (Speech Coil) कहते हैं। इसका रेसिस्टेंस 20 से 50 ओह्म के मध्य होता है। कोइल मेगनेट के मध्य की भुजा पर लगा होता है और शेष दोनो ओर के मेगनेट के सिरो से इतना र होता है कि वह सरलता से घम सके। कोइल के सामने डायफाम लगा ता है। जब साउन्ड वेव डायफाम से टकराती है तो डायफाम वाइब्रेट ने लगता है और कोइल पावरफुल सरकुलर मेगनेटिक फील्ड मे घूम जाता था कोइल म करेन्ट उत्पन्न हो जाती है क्योकि कोइल कम या अधिक न्स आफ फोस को काटता है और उसम वेरियेबिल करेन्ट उत्पन्न हो है। यह उत्पन्न करेन्ट ट्रासफारमर की प्राइमरी म दे दी जाती है। इसकी फ्रीक्वेंसी रेस्पोन्स 80 से 10,000 साइकिल प्रति सेकिन्ड होती है। सी भी स्थिति मे हो काय करता है और इसमे बैट्री प्रयोग

को

चित्र 74—डायनेमिक माइक्रोफोन

जाती है। इसकी सूक्ष्मग्राहता फील्ड की तीव्रता टर्नों की संख्या और कोइल के साइज पर निभर करती है। इसकी इम्पीडेंस 1000 साइकिल प्रति सेकिंड पर ट्रांसफारमर के साथ 40 ओह्म होती है।

3 रिबन माइक्रोफोन—यह माइक्रोफोन डायनेमिक माइक्रोफोन की भांति होता है। इसमे घूमने वाले कोइल के स्थान पर पतला रिबन (Ribbon) लगा होता है। यह नालीदार पतली शीट होती है जो एल्यूमिनियम या एलोय ड्यूरेल्युमिन (Alloy Duralumin) की बनी होती हे। रिबन 60 मि० मी०, 51 मि० मी० लम्बी होती है। जब रिबन घमती है तो पावरफुल मेगनेट के लाइन्स को लाइन्स आफ फोर्स कटती है और वेरियेबिल करेन्ट उत्पन्न हो जाती है।

चित्र 75—रिबन टाइप माइक्रोफोन

यह डायनेमिक टाइप माइक्रोफोन से अच्छा कार्य करता है और यह फ्रीक्वेंसी रेस्पोन्स 30 से 12000 साइकिल प्रति सेकिन्ड देता है।

4 केपेसिटर माइक्रोफोन—यह माइक्रोफोन केपेसिटर के सिद्धान्त पर कार्य करता है। इसकी कैपेसिटी लगभग 0 0002 माइक्रोफेरेड होती है। इसका इम्पीडेंस अधिक होता है इसलिए इसमे ट्रासफरमर नही लगाया जाता है। इसमे दो प्लेटें एल्युमिनियम धातु की होती हैं जिनके मध्य वायु इसुलेटर का कार्य करती हैं। इसकी पीछे की प्लेट छेददार (Perforated) होती है और दूसरी सामने की प्लेट पतली होती है। जो डायफ्राम का कार्य करती हैं। दोनो प्लेटो के मध्य दूरी 0 6 मि मी होती है। जब साउन्ड वेव डायफ्राम से टकराती है तो डायफ्राम वाइब्रेट होता है जिससे दो प्लेटो के मध्य दूरी घटती है और बढती है इस प्रकार से कैपेसिटी कम अधिक होती रहती है। कम व अधिक होने वाली कैपसिटी के प्रभाव से उच्च रेसिस्टेन्स के द्वारा

चित्र 17 6—कपेसिटर माइक्रोफोन का सरकिट

करेन्ट प्रवाहित होने लगती है। परिणामस्वरूप ए एफ वोल्टेज वेरियेबिल रहता है। यदि कैपेसिटी कम हो तो करेन्ट कम होती है और अधिक कैपेसिटी होने पर अधिक करेन्ट उत्पन्न होती है।

इसकी फ्रीक्वेन्सी रेस्पोन्स 40 से 11000 साइकिल प्रति सेकेन्ड रहती है। इसमे सी-सा की आवाज नही होती है। और न मैचिंग ट्रासफरमर की ही आवश्यकता होती है। इसमे पृथक से एम्पलीफायर होता है। इस पर नमी का प्रभाव शीघ्र पडता है। इसकी इम्पीडेंस 1000 साइकिल प्रति सेकिन्ड पर 5 मेग ओह्म होती है।

5 क्रिस्टल माइक्रोफोन—यह कार्बन माइक्रोफोन की भाँति कार्य क

है। जब धातु प्लेटों के मध्य कोई क्रिस्टल रखा जाता है और उन पर दबाव डाला जाय तो क्रिस्टल मे वेरियेबिल वोल्टेज उत्पन्न हो जाता है। इस माइक्रोफोन मे मुख्यत रोचेले साल्ट (Rochelle Salt) अर्थात् सोडियम, पोटेशियम टारट्रेट क्रिस्टल प्रयोग किया जाता है। क्रिस्टल की छोटी व पतला प्लेटें होती हैं। दो प्लेटो को एक दूसरे से कुछ दूरी पर रखकर एअर टाइट कर दिया जाता है। इसके एक ओर डायफ्राम होता है और रोचेले साल्ट के

चित्र 77—क्रिस्टल माइक्रोफोन

मध्य पिन से जुड़ा रहता है। जब साउन्ड वेव डायफ्राम से टकराती है तो क्रिस्टल प्लेटो पर डायफ्राम के वाइब्रेशन से वेरियेबिल प्रेशर लगता है और वेरियेबिल वोल्टेज उत्पन्न हो जाता है जो एम्पलीफायर में एम्पलीफाई होता है।

इसकी फ्रीक्वेंसी रेस्पोन्स 50 से 10,000 साइकिल प्रति सेकेन्ड होती है। अधिक इम्पीडेंस होने के कारण इसमें बैट्री या मैचिंग ट्रान्सफरमर की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इसे पीजो इलैक्ट्रिक माइक्रोफोन (Piezo Electric Microphone) भी कहते हैं। यह गम जलवायु वाले स्थानो के लिए उपयुक्त नहीं है क्योकि नमी और तापक्रम से यह प्रभावित होता है।

लाउडस्पीकर (Loudspeaker)—लाउडस्पीकर माइक्रोफोन से विपरीत कार्य करता है। इसमे ओडियो फ्रीक्वेन्सी वेव साउन्ड वेव में परिवर्तित हो

जाती है । रेडियो रिसेप्शन विधि मे यह बिल्कुल अ त मे लगाया जाता है । यह आवाज के लिए बहुत महत्वपूण भाग होता है ।

मुख्यत ये दो प्रकार के होते ह—

1 परमाने ट मेगनेट टाइप लाउडस्पीकर (Permanent Magnet Type Loudspeaker)

2 इलक्ट्रो डायनेमिक टाइप लाउडस्पीकर (Electro-d, aamic type Loudspeaker)

1 परमाने ट मेगनेट टाइप लाउडस्पीकर—आजकल परमाने ट मेगनेट टाइप के लाउडस्पीकर अधिक प्रयोग किये जाते हैं । इसमे एक पावरफुल परमाने ट मेगनेट यू (U) या ई (E) आकार का एलनिको (Alnico)

चित्र 78—लाउडस्पीकर के भाग

मेगनेट प्रयोग किया जाता है। इस मेगनेट के दो पोल नोथ और साउथ के मध्य एक वायस कोइल (Voice Coil) लगी रहती है। यह कोइल लोहे का कोर पर इन्सुलेटेड तार के कुछ टर्नों का बना होता है। कोइल पोला के मध्य अन्दर और बाहर की ओर हिलता है। कोइल में ऊपर की ओर एक पेपर कोन लगा रहता है जो डायफ्राम का काम करता है।

जब ओडियो फ्रीक्वेंसी सिगनल कोइल के द्वारा गुजरते हैं तो सिगनल के अनुसार कोइल मे वेरियेबिल मेगनेटिक फील्ड बनता है और यह फील्ड परमानेन्ट मेगनेट के फील्ड से प्रभावित होकर कोइल कभी अन्दर को जाता है और कभी बाहर आ जाता है अर्थात् कोइल थरथराने लगता है। डायफ्राम कोइल के थरथराने से वाइब्रेट होने लगता है और साउन्ड वेव उत्पन्न हो जाती है।

लाउडस्पीकर 5 से मी से 40 से मी व्यास के कोन वाले विभिन्न साइज के होते हैं। कभी-कभी बड़े साइज के लाउडस्पीकर को वूफर (Woofer) और छोटे साइज के लाउडस्पीकर को ट्वीटर (Tweeter) कहा जाता है। कुछ लाउडस्पीकर डबल कोन के भी होते हैं एक छोटा कोन और दूसरा बड़ा कोन होता है। कोन गोल या ओवल (Oval) आकार के होते हैं। वायस कोइल का रेसिस्टेंस 3 से 16 ओह्म के मध्य रहता है। साधारणतः प्रयोग किए जाने वाले वायस कोइल का रेसिस्टेंस 3.2 ओह्म रहता है। लाउडस्पीकर का इम्पीडेंस मैचिंग ट्रान्सफारमर की सहायता से पिछले आउटपुट वाल्व से सदैव मैच (Match) रहता है। मचिंग ट्रांसफरमर एक स्टेप अप करेंट ट्रान्सफरमर होता है और काम करने मे लो वोल्टेज पर स्पीकर कों काफी करेंट देता है।

2 इलक्ट्रो डायनेमिक टाइप लाउडस्पीकर—यह फील्ड टाइप लाउडस्पीकर भी कहलाता है। इसमे E-टाइप की कोर लगी रहती है। इसके मध्य की भुजा पर एक कोइल लगा रहता है जिसे फील्ड कोइल कहते हैं। जब पुलसेटिंग डी सी (Pulsating D C.) कोइल मे प्रवाहित होती हैं तो E टाइप कोर की पूरी बोडी मेगनेटाइज हो जाती है। इस प्रकार के लाउडस्पीकर मे दो कोइल प्रयोग किए जाते हैं। एक वायस कोइल होता है जो

कोन के ऊपर स्थिर रहता है और दूसरा कोइल फील्ड कोइल होता है। इसका रेसिस्टेंस लगभग 600 ओह्म रहता है। फील्ड कोइल के दो कार्य होते है एक तो वह बोडी को मेगनेटाइज करता है और दूसरे पावर पेक की पुलसेटिंग डी सी को ठीक रखता है। यदि फील्ड कोइल खुला रहे अथवा शोट सरकिट हो जाय तो लाउडस्पीकर कार्य करना बन्द कर देता है।

चित्र 79—इलक्ट्रो डायनेमिक लाउडस्पीकर

फील्ड कोइल के द्वारा कोर मे पोल बनते हैं और वायस कोइल के द्वारा कोन से आवाज निकलती है। वायस कोइल मे भिनभिनाहट (Humming) की आवाज निकलती है उस आवाज को रोकने के लिए कोर की मध्य की भुजा पर एक कोइल लगा रहता है जिसे हम-बकिंग कोइल (Hum bucking Coil) कहते हैं। यह वायस कोइल के साथ विपरीत सीरीज मे लगी रहती है। इसमे इन्सुलेटेड तार के 5 से 10 टन होते हैं। भिनभिनाहट (Humming) की आवाज इन दोनो कोइल्स मे होती है परन्तु विपरीत दिशा मे तथा सीरीज मे होने पर दोनो कोइल्स मे आपस मे विभाजित होकर न्यूट्रेलाइज हो जाती है।

बेफिल्स (Baffles)—स्पीकर के सामने व पीछे साउन्ड की रुकावट रोकने के लिए बेफिल्स प्रयोग किए जाते हैं जिससे साउन्ड किसी भी दिशा मे तेज सुनी जा सके। बास रेसपोन्स (Bass response) पुनरुत्पादन के लिए

बेफिल प्रयोग किए जाते हैं। इसके न होने पर आवाज कम हो जाती। बेफिल्स निम्न प्रकार के होते हैं —

(a) पलेट बेफिल (Plate baffle)
(b) इनफाइनाइट बेफिल (Infinite baffle)
(c) बास रिफलेक्स बेफिल (Bass reflex baffle)
(d) क्लिप्सकोर्न एनक्लोजर बेफिल (Klipschorn Enclosure baffle)

बेफिल आयताकार अथवा त्रिभुजाकार बक्स के बनाये जाते हैं। प्लेट और इनफाइनाइट बेफिल बड़े साइज के बोर्ड के बनाये जाते हैं जिनमें लाउडस्पीकर के लिए सामने की ओर एक छेद होता है। लाउडस्पीकर चारों ओर से बन्द एक बक्से मे फिक्स कर लिया जाता है और सामने एक छेद रखा जाता है। इसमें पीछे की साउन्ड आगे की ओर नहीं आने पाती। बेफिल लगभग 2.5 से मी मोटाई का नन रेजोनेन्ट मेटिरियल से बनाया जाता है। बक्से के अन्दर सेलोटेक्स (Celotax) या फाइबर ग्लास लगा होता है।

बास रिफलेक्स बेफिल को प्रयोग करने मे बक्स के सामने दो छेद होते हैं। एक लाउडस्पीकर के लिये होता है और दूसरा नीचे के तल (Bottom) पर होता है। इसे वेन्ट या रिफलेक्स पोर्ट कहते हैं। 20 से मी के लाउडस्पीकर के लिए वेन्ट का क्षेत्रफल 192 वर्ग से मी और 25 से मी के लाउडस्पीकर के लिए 290 वर्ग से मी का क्षेत्रफल होता है।

क्लिप्सकोर्न एनक्लोजर मे लाउडस्पीकर सामने के बन्द बोर्ड पर लगाया जाता है जिसमे सामने कोई छेद नही होता है। सामने की वेव पीछे घूमकर पीछे की साउन्ड वेव से मिलकर बक्से के खुले दोनों साइडों से निकल जाती है। यह बक्स कमरे के एक कोने मे लगाया जाता है। इसकी बास रेसपोन्स लो फ्रीक्वेन्सी के लिए अच्छी होती है।

यूनिट और होर्न (Unit and Horn)—एम्पलीफायर में अधिकतम एफीसियेन्सी प्राप्त करने के लिए ड्रायवर यूनिट प्रयोग किया जाता है साथ ही होर्न लगाया जाता है। होर्न के द्वारा हाई प्रेशर और लो वेलोसिटी, लो प्रेशर

और हाई वेलोसिटी मे कन्वट हो जाती है। य 1000 सा प्र से से अधिक और अच्छा काय करता है।

यूनिट की बनावट साधारण लाउडस्पीकर की भाँति होती है। स्थाई मैग्नेट के पोलो के मध्य एक मूविंग कोइल लगा रहता है जिसके ऊपर एल्यूमिनियम रिबन (Aluminium Ribbon) की पतली परत लगी रहती है। ये 20 से 30 वाट के होते हैं। वाइस कोइल का इम्पीडेंस 15 या 16 ओह्म होता है।

हार्न कई प्रकार के होते हैं जसे एक्सपोनेन्शियल (Exponential) सिस्सियोडल (Cissoidal), हेपरवोलिक, पेरावोलिक, क्युविकल आदि।

चित्र 7 10

उपरोक्त हार्न अधिकतर प्रयोग मे आते हैं। यह 6500 से 12000 सा प्र. से वाली हाई ओडियो फ्रीक्वेन्सियो पर काय करते हैं। इनका मुह चौड़ा और गर्दन अधिक लम्बाई की होती है।

●

8

ट्रांसिस्टर

(Transistor)

आज से लगभग तीन दशाब्दी पूर्व इंग्लैण्ड के दो वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कण्डक्टर बनाया जो पूर्ण चालक या कुचालक नहीं था बल्कि अल्प चालक था और रेडियो वाल्व की भांति कार्य करता था यद्यपि इसकी बनावट रेडियो वाल्व से सर्वथा भिन्न थी। यह बहुत छोटा होता है और प्रत्येक स्थान पर सरलता से ले जाया जा सकता है उन्होंने इस अल्प चालक (Semi Conductor) का नाम ट्रांसिस्टर रखा।

चालक (Conducto)—विद्युत को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने वाले माध्यम को चालक कहा जाता है। इसमें विद्युत के बहने में कम से कम प्रतिरोध होता है। कोई भी चालक ऐसा नहीं है जिसमें प्रतिरोध बिल्कुल न हो। इस कारण सबसे अच्छा चालक उसे ही माना जाता है जिसमें रुकावट या प्रतिरोध कम से कम हो। चाँदी सबसे अच्छा चालक है क्योंकि इससे कम प्रतिरोध किसी चालक का नहीं होता है। इसके बाद का चालक। तांबा, सोना, एल्यूमिनियम आदि है।

1 चाँदी (Silver)
2 तांबा (Copper)
3 सोना (Gold)
4 एल्युमिनियम (Allumınıum)
5 जस्ता (Zinc)

6 प्लेटीनम (Platınum)
7 निकिल (Nıckle)
8 पीतल (Brass)
9 परा (Mercury)
10 सीमा (Lead)

कुचालक (Insulatıor)—कुचालक चालक के विपरीत होते हैं। इनका प्रतिरोध अधिक से अधिक होता है इस कारण विद्युत एक स्थान से दूसर स्थान तक नही जान पाती है। वे वस्तुयें अच्छी कुचालक होती हैं जिनका प्रतिरोध सबसे अधिक होता है। सबसे अच्छा कुचालक सूखी वायु है।

1 सूखी वायु (Dry Aır)
2 शीशा (Glass)
3 अवरक (Mıca)
4 एबोनाइट (Ebonıte)
5 रबर (Rubber)
6 माम (Wax)
7 कागज (Paper)
8 सूत व रेशम (Cotton and Sılk)
9 चीनी मिट्टी (Porcelıen)
10 वनस्पति तेल Vegetable Oıl)

कुचालक का तीन भागा मे बाटा जा सकता है —

(a) सख्त कुचालक (Hard Insulator)—वे कुचालक जो सख्त होते हैं और सरलता से मुड नही सकते है, सख्त चालक कहलाते हैं जसे चीनी मिट्टी, सगमरमर, स्लेट आदि।

(b) फ्लेक्सब्लि कुचालक (Flexıble Insulator)—वे इन्सुलेटर जो मुलायम होन हैं और सरलता से इधर उधर मुड जाते हैं, फ्लेक्सिबल इन्सुलेटर कहलाते है जैसे रबर, कागज, सूत व रेशम आदि।

(c) द्रव कुचालक (Lıquıd Insulator)—वे कुचालक जो द्रव की भांति बहते हैं द्रव कुचालक कहलाते हैं जैसे तेल, वार्निश आदि।

अल्प चालक (Semi Conductor)—वे वस्तुयें जो पूर्ण चालक या कुचालक नही होती हैं जिनमे विद्युत की थोडी मात्रा ही प्रवाहित होती है, अल्प चालक कहलाते हैं। इनमें सामान्य तापक्रम पर बहुत कम इलैक्ट्रोन घूमते हैं। इनका रेसिस्टेन्स चालकों से अधिक और कुचालको से कम होता है।

ट्रांसिस्टर इन्ही अल्प चालको से बनाया जाता है। मुख्य रूप से जरमेनियम और सिलीकन धातु ट्रांसिस्टर के लिए प्रयुक्त की जाती है। ये कम तापक्रम तथा शुद्ध अवस्था में कुचालक रहते हैं परन्तु थोडी मात्रा में इनमें अन्य पदार्थ जैसे आर्सेनिक, गैलियम, इण्डियम आदि मिला कर अशुद्ध बना दिया जाता है। अशुद्ध अवस्था में इनमे कुछ करेन्ट प्रवाहित होने लगती है। उच्च तापक्रम पर इनकी प्रतिरोधकता कम हो जाती है और इलैक्ट्रोनों को घूमने के लिए पर्याप्त मार्ग मिल जाता है।

परमाणुओं की रचना (Structure of Atoms)

संसार में प्राप्त सभी पदार्थ तीन भागों मे बाँटे जा सकते हैं। तत्व, यौगिक और मिश्रण। तत्व सबसे मुख्य पदार्थ है जो शुद्ध होता है। इन्ही तत्वों के मिश्रण से अथवा संयोग से अन्य पदार्थ बनते हैं। अभी तक 104 तत्वों के बारे मे ज्ञात हो सका है।

पदार्थ का वह छोटे से छोटा कारण जिसमे पदार्थ के गुण मिलते हैं अणु (Molecule) कहलाता है। इन अणुओं को भी विभाजित किया जा सकता है परन्तु उनमे पदार्थ के गुण नहीं पाये जाते हैं तो ऐसे अणु या कण को परमाणु (Atom) कहते हैं।

आधुनिक वैज्ञानिको ने यह पता लगाया है कि तत्व तीन प्रकार के सूक्ष्म कणो से मिल कर बना है—प्रोटोन (Protone), न्यूट्रोन (Neutrone) और इलैक्ट्रोन (Electrone)। प्रोटोन मे पोजिटिव चार्ज, इलक्ट्रोन मे नैगेटिव चार्ज और न्यूट्रोन मे कोई चार्ज नही होता है। सभी तत्वो के परमाणुओं की रचना समान होती है अर्थात प्रोटोन और न्यूट्रोन मध्य मे होतो है और उसके चारो ओर इलैक्ट्रोन होते हैं। भिन्न भिन्न पदार्थों के प्रोटोनो और इलक्ट्रोनो की संख्या भिन्न भिन्न होती है। प्रोटोन और न्यूट्रोन को न्युक्लियस भी कहते हैं। इस

न्युक्लियस के चारों ओर इलैक्ट्रोन खोल रूप मे घूमते हैं । यह खोल एक से अधिक होते हैं । एक खोल मे निश्चित सख्या मे इलैक्ट्रोन्स होते हैं । यदि पदार्थ मे इलैक्ट्रोस की सख्या अधिक होती है तो दूसरा, तीसरा खोल बन जाता है । ताप के उत्पन्न करने अथवा विद्युत दबाव से इलैक्ट्रोन खोल मे घमते है । चित्र 8 1 म मध्य मे प्रोटॉन और उसके चारो ओर इलैक्ट्रोन घूमता हुआ दिखाया गया है । ट्रासिस्टर मे प्रयुक्त पदाथ की रचना निम्न प्रकार से है —

8 1

(a) जरमेनियम परमाणु रचना (Structure of Germanium Atom)

ट्रासिस्टर बनाने के लिये जरमेनियम धातु का प्रयोग अधिक किया जाता है । जरमेनियम मे 32 प्रोटोन और 32 इलेक्ट्रोन होते हैं । प्रोटोन केन्द्र मे होते हैं और उसके चारो ओर इलेक्ट्रोस घूमते रहते हैं । प्रोटोस पोजिटिव

8 2 A

8 2-B

चित्र 8 2

चाज में और इलैक्ट्रो स नैगटिव चार्ज के होते हैं। प्रोटोंस के चारों ओर खोल होते हैं जिनमें इलक्ट्रोंस घूमते हैं। इन खोलो म इलेक्ट्रोंस की सख्या निश्चित होती है। इलक्ट्राम मे खोल चित्र 8 2 मे दिखाया गया है। प्रोटोंस के चारों ओर के पहले खोल म 2 इलक्ट्रोंस, दूसरे खोल म 8 इलैक्ट्रोंस, तीरे खोल मे 18 इलैक्ट्रा स और चौथे खोल मे 4 इलैक्ट्रो स होते हैं। इस प्रकार कुल इल क्ट्रोस की सख्या 2+8+18+4=32 हो जाती है। प्रत्येक परमाणु में इलक्ट्रोन्स की सख्या प्रत्येक खोल मे निम्न प्रकार होती है —

पहले खोल म 2 इलैक्ट्रोंस
दूसरे खोल म 8 इलक्टोंस
तीसरे खोल मे 18 इलैक्ट्रोंस
चौथे खोल मे 32 इलैक्ट्रोंस
पाँचवें खाल मे 50 इलैक्ट्रोंस

सिलीकन परमाणु रचना (Structure of Silicon Atom)—उपरोक्त नियम की भांति ही सिलीकन परमाणु की रचना होती है। सिलाकन के केन्द्र

8.3 8 4

मे 14 प्रोटोन होते हैं और 14 इलैक्ट्रोन होते हैं। प्रोटोन के बाहर तीन खोल इलैक्ट्रोन के होते है। इसके पहले खोल मे 2 इलैक्ट्रोन, दूसरे खोल मे 8 इलक्ट्रोन और केवल शेष 4 इलक्ट्रोन तीसरे खोल मे होते है। चित्र 8 3 मे इलक्ट्रोनो की सख्या खोलो के साथ दिखाई गई है और चित्र 8 4 मे इसकी रचना सरल करके दिखाई गई है। यह सरल रचना जरमेनियम के समान है। सरल का अथ है कि जरमेनियम के अन्तिम खोल मे 4 इलक्ट्रोन होते हैं उसी भाँति सिलीकन के अन्तिम खोल मे चार इलैक्ट्रोन होते हैं। इन दोनो की समानता से स्पष्ट होता है कि इन दोनो के गुणो मे कुछ अशो मे समानता है।

अन्य पदार्थों के परमाणु—जरमेनियम और सिलोकन के अतिरिक्त अन्य तत्व भी होते हैं जिनसे ट्रासिस्टर बनाया जाता है। क्योकि ट्रासिस्टर बनाने म जरमेनियम और सिलीकन के साथ इन्हे मिश्रित किया जाता है। ये तत्व आर्सेनिक, गैलियम, एन्टीमनी आदि होते हैं। इन्हे दो भागो मे बाँटा जा सकता है। वह तत्व जिनके अन्तिम खोल मे 5 इलक्ट्रोन होते हैं वह पहले भाग मे होते हैं और दूसरे भाग म तत्व होते हैं जिनके अन्तिम खोल मे 3 इलैक्ट्रोन होते हैं।

8 5

चित्र 8 5

चित्र 8 6

पहल भाग मे आर्सेनिक, एन्टीमनी और फासफोरस तत्व होते हैं जिनमे जिनम इलेक्ट्रोन की सख्या क्रमश 33, 51 और 15 है इनके अन्तिम खोल मे 5 इलैक्ट्रोन्स होते हैं। आर्सेनिक के पहले खोल म 2, दूसरे मे 8, तीसरे 18 और चौथे म 5 इलक्ट्रोन्स होते हैं इसी प्रकार एन्टीमनी के पहले खोल म 2, दूसरे मे 8, तीसरे मे 18, चौथे मे 18 और पांचवें मे 5 इलैक्ट्रोन्स होते हैं।

दूसरे भाग के तत्व गैलियम, इन्डियम और एल्युमिनियम है इनके इल क्ट्रोन्स क्रमश 31, 49 और 13 है इनके अन्तिम खोल म 3 इलैक्ट्रोन्स ही होते हैं।

कोवालेन्ट बोन्ड (Covalent Bond)—बहुत से पदार्थों के रवे (Crystal) प्रकृति मे मिलते हैं और बहुत से रवे कृत्रिम विधि से बनाये जाते हैं। तत्वो के रवे बनाने मे परमाणु एक निश्चित क्रम मे सयोजित हो जाते हैं। रवो मे हीरे का स्थान प्रमुख होता है। इनके अन्तिम खोल म 4 इलैक्ट्रोन होते हैं। सिलीकन और जरमेनियम के अन्तिम खोलो मे भी चार-चार ही इलैक्ट्रोन होते हैं। इस कारण इन तत्वो के रवो की बनावट एक समान होती है। रवे बनने म

चित्र 8 7—जरमेनियम रवों का कोवालेन्ट बोन्ड

परमाणु क्रम मे लग जाते है और प्रत्येक परमाणु के चारो इलैक्ट्रोन चारो ओर के चारो इलैक्ट्रोनो से परस्पर मिल जाते हैं इसी को कोबालेन्ट बोन्ड कहा जाता है जसा कि चित्र 87 मे दिखाया गया है। रवो के परस्पर मिलने से न्युक्लियस शक्तिशाली हो जाता है जिससे इनमे करेन्ट प्रवाहित नही हो पाती है और यह इन्सुलेटर बन जाते हैं। परन्तु सामान्य तापक्रम पर ताप के प्रभाव से इनमे कुछ करेन्ट प्रवाहित होने लगती है तब ये तप्त सेमी कन्डक्टर हो जाते हैं।

ट्रासिस्टर बनाने के लिए सेमी कन्डक्टर जो शुद्ध अवस्था मे होते हैं मे अन्य तत्व जैसे आर्सेनिक, इन्डियम आदि मिलाये जाते हैं जिससे वे सेमी कन्डकर अशुद्ध हो जाते हैं और इस अशुद्ध सेमी कन्डक्टर मे अल्प मात्रा मे विद्युत प्रवाहित होती रहती है। जिन सेमी कन्डक्टरो मे ऐसे तत्व मिलाये जायें जिनके अन्तिम खोल मे 5 इलेक्ट्रोन हो तो व एन० प्रकार के सेमी कन्डक्टर होते हैं। यदि उनमे अन्तिम खोल के 3 इलैक्ट्रोन वाले तत्व मिलाये जाय तो वह पी० प्रकार के सेमी कन्डक्टर बन जाते हैं।

एन० जरमेनियम (N0 Gerrmanium)—क्योकि ट्रान्स्टिर जरमेनियम और सिलीकन के बनाये जाते हैं इस कारण एन० या पी० टाइप के ट्रासिस्टर

—8 8—
चित्र 88

जरमेनियम या सिलीकन के बनते हैं। बनावट दोनो तत्वो की समान है। जरमेनियम म आर्सेनिक एंटीमनी या फासफोरस तत्व मिलाते हैं जिनके अंतिम पोल म पांच इलैक्ट्रोन होते हैं। जब किसी तत्व मे अन्य तत्व के रवे मिलाये जायें तो दोनो का एक एक परमाणु एक दूसरे से परस्पर मिल जावेंगे और शेष परमाणु मुक्त रहेंगे। जरमेनियम के 4 इलेक्ट्रोन आर्सेनिक के 5 इलक्ट्रोन स मिलता है तो जरमेनियम के चारों इलैक्ट्रोना से आर्सेनिक क चार इलक्ट्रोन परस्पर एक दूसरे से मिल जाते हैं परन्तु आर्सेनिक का एक इलक्ट्रोन शेष रह जाता है जो मुक्त (free) रहता है। जैसा कि चित्र 8 8 में दिखाया गया है। यदि इस तत्व को सैल से जोड़ा जाय तो मुक्त इलैक्ट्रोन के द्वारा विद्युत प्रवाहित होने लगती है क्योंकि मुक्त इलैक्ट्रोन परस्पर मिले इलक्ट्रोन चारो ओर घूमता रहता है। उन्ही स्थानो से करेंट प्रवाहित होकर एक स्थान

चित्र 8 9

से दूसरे स्थान तक पहुंच जाती है। मुक्त इलक्ट्रोन करेंट के मिलने से नगेटिवली चार्ज हो जाता है। इस प्रकार का बना सेमी कन्डक्टर एन० जरमेनियम कहलाता है। यदि सिलीकन में यही तत्व मिलाये तो इसम भी मुक्त नैगेटिवली चार्ज हो जावेगा और वह एन० सिलीकन बन जावेगा।

[illegible]

चित्र 8.10

जर्मेनियम के बीच एक इलेक्ट्रोन रहता है जो मुक्त विचरण करता रहता है। इस इलेक्ट्रान के द्वारा विद्युत प्रवाहित होती है और इलेक्ट्रोन पोजिटिवली

चित्र 8.11

चार्ज हो जाता है इस कारण यह पी० जरमेनियम कहलाता है। जब इस स से जोड़ा जाता है तो घूमते हुये पाजिटिव इलैक्ट्रान से विद्युत एक स्थान दूसरे स्थान तक पहुँच जाती है। जरमेनियम की भांति ही सिलीकन तत्व भी पी० सिलीकन बनाया जा सकता है।

सेमी कन्डक्टर डायोड (Semi Conductor Diode)—डायोड का दो विभिन्न चार्ज के सेमी कन्डक्टर से है। वह सेमी कन्डक्टर चाहे जरमेनियम हो अथवा सिलीकन। दो विभिन्न चार्ज से अर्थ है कि जरमेनियम या सिलीकन एन० टाइप और पी० टाइप से है। यह दोनो चार्ज वाले सेमी कन्डक्टर की दो पर्तों को मिलाकर बनाया जाता है। इस डायोड को एन० पी० डायोड कहा जाता है। यदि इसमे बट्री लगा दी जाय जिसमे बट्री का पोजिटिव सिरा एन० जरमेनियम की ओर और सैल का नैगेटिव सिरा पी० जरमेनियम की ओर रहे तब करेन्ट का प्रवाह नही होता है। क्योंकि एन० प्रकार के नगेटिव

चित्र 8 12

इलैक्ट्रोन बट्री के घन सिरे की ओर आकर्षित रहते हैं और पी० प्रकार के बट्री के नगेटिव सिरे की ओर आकर्षित रहते हैं जिससे करेन्ट एन० से पी० की ओर नहीं जाने पाती है और करेन्ट प्रवाहित नहीं हो पाती है। परन्तु बट्री के कनेक्शन बदल दिये जायें तो बैट्री का पोजिटिव सिरा पी० की ओर और नैगेटिव सिरा एन० की ओर रहता है। पोजिटिव पी० से और नगेटिव एन० जरमेनियम से दूर जाने का प्रयत्न करते हैं परन्तु पी० व एन० पर्तों के जोड़

से पी० के मुक्त इलक्ट्रोन एन० की ओर ओर एन० के [illegible]
ओर जाते हैं। पी० के मुक्त इलेक्ट्रोन एन० में [illegible] और

2 डिफ्यूज्ड एलोय जंकशन विधि (Diffused Alloy Junction Method)

ट्रांसिस्टर बनाने के लिये जरमेनियम या सिलीकन को विशेष विधियों से शुद्ध कर लिया जाता है फिर उसमे पी० प्रकार का बनाने के लिये आर्सेनिक, एंटीमनी अथवा फासफोरस और एन० प्रकार का बनाने के लिये गैलियम, इन्डियम अथवा एल्युमिनियम तत्व बहुत कम मात्रा मे मिला दिये जाते हैं।

1 एलोय जंकशन विधि—पहले पी० अथवा एन० जरमेनियम के बड़े बड़े रवे बनाकर छोटी प्लेट रूप में परतें काट ली जाती है ये परतें आयताकार अथवा त्रिभुजाकार मे होती है। यदि पी० प्रकार का ट्राजिस्टर बनाना है तो परत के दोनो ओर इन्डियम या गैलियम की छोटी छोटी टिकियाँ रखी जाती हैं। इसमे एक ओर छोटी और दूसरी ओर कुछ बड़ी टिकियाँ होती हैं। निश्चित तापक्रम तक गर्म करने पर इन्डियम जरमेनियम के साथ मिल जाता है और ठंडा होने पर पी० टाइप का ट्राजिस्टर बन जाता है। चित्र 8 14(a)

चित्र 8 14

मे प्लेट के दोनों ओर इन्डियम की टिकियाँ दिखाई गई हैं (b) मे पिघलने पर और (c) में ठंडा होने पर बना पी० जरमेनियम दिखाया गया है। इसमें ही कनेक्शन के लिये सिरे सोल्डर करके निकाल लिये जाते हैं।

ये ट्रांसिस्टर वायु और नमी की सुरक्षा के लिये धातु अथवा शीशे के कवर में रख दिये जाते हैं।

2 डिफ्यूज्ड एलोय जकशन विधि—इस विधि मे पी० जरमेनियम की पतली परत या प्लेट प्रयोग करते हैं और इसके केवल एक ओर दो अन्य टिकियाँ अशुद्धियो की होती हैं। एक टिकिया एन० प्रकार की अशुद्धि वाली और दूसरी टिकियाँ पी और एन दोनो ही प्रकार की अशुद्धियो वाली होती हैं। यह एक निश्चित तापक्रम पर निश्चित समय तक गम करके पिघला दिया जाता है जिससे इनमें जरमेनियम घुल जाता है। इसके साथ-साथ टिकियो की अशुद्धियाँ डिफ्यूजन के द्वारा जरमेनियम मे मिल जाती है। परन्तु ठडा होने पर जरमेनियम प्लेट के ऊपर आ जाता है और वह पी प्रकार का ट्रासिस्टर बन जाता है।

ट्रांसिस्टर जकशन (Transistor Junction)—जिस प्रकार ड्रायोड वाल्व काय करता है उसी प्रकार ट्रासिस्टर जकशन भी काय करता है। ट्रासिस्टर जकशन दो प्रकार के होते हैं—

(a) एन-पी-एन ट्रासिस्टर जकशन (N-P N Transistor Junction)

(b) पी-एन पी ट्रासिस्टर जकशन (P-N P Transistor Junction)

(a) एन-पी-एन ट्रांसिस्टर जकशन—यह जकशन दो ट्रासिस्टरो को जोड कर बनाया जाता है। इस जकशन मे तीन परतें क्रमश एन पी-एन प्रकार के पदार्थों की होती है। इन पदार्थों को पास पास रख कर जकशन नहीं बनाया जा सकता है। यह पदाथ जरमेनियम या सिलीकन होते हैं। इस प्रकार से जरमेनियम सेमी कडक्टर की तीन परतें एन पी और एन प्रकार की रखते हैं। इन्हें एलोय जकशन विधि अथवा डिफ्यूज्ड एलोय जकशन विधि से बनाते हैं। इसकी रचना चित्र 8 15 मे दिखाई गई है। इन परतो को ही रवे मे बनाया जाता है।

चित्र 8 15

इसमे पी परत दोनो एन परत के मध्य मे रखी जाती है। इस प्रकार यह

एन पी एन जक्शन ट्रांसिस्टर बन जाता है। इसमे पी-परत दोनो ओर की एन परतो की अपेक्षा पतली होती है।

(b) पी एन-पी ट्रांसिस्टर जक्शन—यह ट्रांसिस्टर जक्शन भी उपरोक्त ट्रांसिस्टर जक्शन की भाँति ही बनाया जाता है जैसाकि चित्र 8 16 म दिखाया गया है। इसमे जरमेनियम सेमीकन्डक्टर की एन पत के दोनो ओर पी परत होती है। इसमे एन-परत दोनो ओर की पी परत की अपेक्षा पतली होती है।

— 8 16 —

एन० पी० एन० ट्रांसिस्टर जक्शन का काय—यह जक्शन ट्रायोड वाल्व

—8.17 (A)—

—8 17(B)—

की भांति होते हैं। जसे ट्रायोड वाल्व मे एनोड, ग्रिड और कैथोड इलेक्ट्रोड होते हैं। उसी प्रकार ट्रासिस्टर मे भी कलैक्टर, बेस और एमीटर इलेक्ट्रोड होते है। चित्र 8 17 के अनुसार बाल्व के एनोड, ग्रिड और कैथोड के समान ट्रासिस्टर के क्रमश कलैक्टर, बेस और एमीटर होते हैं।

एन०पी०एन० ट्रासिस्टर जकशन मे पी० मध्य मे और एन० उसके दोनो ओर होते हैं। पी० बहुत पतली परत होती है और इसमे अशुद्धि भी बहुत कम ही मिलाई जाती है। इस जकशन की पहचान एम मीटर के तीर से की जाती है इसमे तीर बाहर की ओर आता हुआ होता है।

−8 18(A)−

−8 18 (B)−

ट्रासिस्टर को बैट्री से इस प्रकार जोडा जाता है कि उसके एमीटर और बेस मे करैंट प्रवाहित हो परन्तु बेस और कलेक्टर मे करैंट प्रवाहित न हो। इसके कनेक्शन चित्र 8 19 मे दिखाये गये हैं। इसमे एमीटर को C बैट्री के नैगेटिव सिरे से, कलेक्टर को B बट्री के पोजिटिव सिरे से और बेस को C बैट्री के पोजिटिव और B बैट्री के नैगेटिव के जकशन से जोड दिया

जाता है। इस प्रकार एमीटर पर नैगेटिव, कलेक्टर पर पोजिटिव और बेस पर एमीटर की अपेक्षा पोजिटिव वोल्टेज रहता है।

चित्र 8 19

इसमें बेस एमीटर की अपेक्षा धन वोल्टेज पर रहता है तो यह फोरवार्ड ब्यास (Forward Bias) बन जाता है परन्तु बेस कलेक्टर की अपेक्षा नैगेटिव वोल्टेज पर रहता है तो यह रिवसड (Reversed bias) बन जाता है। एमीटर को नैगेटिव वोल्टेज देने पर इलक्ट्रोन परार्कषित होकर बेस की ओर जायेंगे। ये इलक्ट्रोन बैट्री से एमीटर में जाते हैं और बेस पर पहुँच जाते हैं इस प्रकार से इलैक्ट्रोन के प्रवाह से करेंट एमीटर से बेस की ओर प्रवाहित होने लगती है। परन्तु बेस के पतले होने के कारण एमीटर से परार्कषित इलैक्ट्रोनों से मिलने के लिए बहुत कम होल्स होते हैं जिससे एमीटर से बेस की ओर करेंट जाने लगती है। अन्य इलैक्ट्रोन जिनसे होल्स मिलते नहीं हैं, बेस से कलेक्टर की ओर जाने लगते हैं। यह इलैक्ट्रोन कुल इलेक्ट्रोनो का 90 से 99 प्रतिशत भाग होता है। कलेक्टर पर बेस की अपेक्षा पोजिटिव होता है जो सब इलेक्ट्रोनों को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। जब इलेक्ट्रोन कलेक्टर पर एकत्रित हो जाते हैं तो बैट्री के पोजिटिव सिरे की ओर आकर्षित हो जाते हैं और करेंट एमीटर कलेक्टर की ओर बहने लगती है। कलेक्टर से निकले इलेक्ट्रोन जसे ही पोजिटिव की ओर जाते हैं तो उसकी पूर्ति करने के लिए एमीटर से अन्य इलेक्ट्रोन आ जाते हैं। इस प्रकार से एमीटर, बेस और कलेक्टर का सरकिट पूरा हो जाता है। बेस मे होल्स व इलेक्ट्रोन दोनो चलते हैं जो एक दूसरे को नष्ट कर देते हैं। इस कारण एमीटर बेस की करेन्ट कलेक्टर बेस की अपेक्षा कम होती है।

पी० एन० पी० ट्रांसिस्टर जकशन का काय—इसमे पी० दोनो ओर मध्य में एन० जरमेनियम होता है। इसके एक ओर के पी० से एमीटर, दूसरी ओर के पी० से कलेक्टर और मध्य के एन० से बेस सिरे निकले रहते हैं। इसकी पहचान के लिए एमीटर मे लगा तीर का चिह्न अन्दर की ओर जाता हुआ होता है जैसा कि चित्र 8 20 मे दिखाया गया है।

पी० एन० पी० ट्रासिस्टर मे पी० एमीटर होने के कारण इसमे होल्स मुक्त रहते हैं जिससे करेंट होल्स के प्रवाह से बहती है। इसे एन० पी० एन० ट्रासिस्टर से विपरीत दिशा मे वोल्टेज मिलता है। इसके कनेक्शन चित्र 8 21 मे दिखाये गये हैं। पी० एन० पी० का एमीटर बैट्री के पोजिटिव से, कलेक्टर

चित्र 8 20

हाई वोल्टेज की बट्री के नैगेटिव से और बेस दो बटियों के जक्शन से लगा रहता है। इस प्रकार एमीटर को पोजिटिव वोल्टेज कलक्टर को नैगेटिव वोल्टेज और बेस को कलेक्टर से कुछ कम नैगेटिव वोल्टेज मिलता है। बैटरी का पोजिटिव सिरा पराकर्ष (Repel) होता है जिससे एमीटर के पोजिटिव चार्ज होल्स बेस पर पहुँचते हैं। बेस पतला होने के कारण उसमे इलेक्टोन्स कम होते हैं उनसे होल्स मिलते हैं और नष्ट हो जाते हैं। परन्तु होल्स की संख्या इलेक्ट्रोन्स से अधिक होने के कारण शेष होल्स कलेक्टर पर पहुँचते हैं जहाँ वे आकर्षित होते हैं। होल्स जैसे ही कलेक्टर पर पहुँचते हैं तो बट्री के नगेटिव

-8 21-

द्वारा छोड़े गये इलेक्ट्रोन उन्हें नष्ट कर देते हैं। होल्स के नष्ट हो जाने से जो बलेंट बोन्ड होल्स छोड़े गए इलेक्ट्रोन के उत्पन्न होने से टूट जाता है। फिर नये होल्स एमीटर से और नये पोजिटिव इलेक्ट्रोन्स कलेक्टर की ओर जाते हैं। यही क्रिया बार-बार होती रहती है। इस प्रकार से एमीटर, बेस और कलेक्टर सरकिट में होल्स और एमीटर व बेस सरकिट में इलेक्ट्रोंस चलते रहते हैं और बेस में आकर इलेक्ट्रोन से मिल कर कुछ होल्स नष्ट हो जाते हैं तथा अन्य होल्स द्वारा करेन्ट कलेक्टर तक पहुँच जाती है। इलेक्ट्रोन की गति बाहरी सरकिट से कन्ट्रोल रहती है। अत कलेक्टर एमीटर करेन्ट से कम हो जाती है।

आजकल ट्रांसिस्टर रेडियो सरकिट में पी० एन० पी० ट्रांसिस्टर अधिकतर प्रयोग किये जाते हैं।

ट्रांसिस्टर से लाभ (Advantages of Transistor)

इसके निम्न लाभ होते हैं—

1 लो वोल्टेज—ट्रांसिस्टर कम वोल्टेज पर काम करता है और पावर भी बहुत कम व्यय होती है। कम वोल्टेज के कारण आसानी से प्रयोग किया जा सकता है और शाक (Shock) लगने का भय भी नहीं रहता है।

2 लॉंग लाइफ (Long Life)—ट्रांसिस्टर काफी समय तक काम करता रहता है। इसे इधर-उधर पलटने पर काम रुकता नहीं है।

3 स्मोल साइज (Small Size)—इसका आकार बहुत छोटा होता है और वाल्वो की अपेक्षा बनावट भी सरल होती है। इसी कारण से ट्रांसिस्टर सट काफी छोटे बनाये जा सकते हैं।

4 हाई एफीशियेन्सी (High Efficiency)—इनकी एफीशियेंसी बहुत अधिक होती है। इसकी अधिकतम एफीशियेंसी लगभग 50% है।

5 ईजी कनेक्शन (Easy Connection)—इसमे केवल तीन कनेक्शन एमीटर, कलेक्टर और बेस के होते हैं। इस कारण कनेक्शन भी बहुत सरल एव साधारण होते हैं।

6 यान्त्रिक सुरक्षा (Mechanical Protection)—यह यान्त्रिक रूप में बहुत सुरक्षित होते हैं। इधर-उधर पलटने अथवा धक्के का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि ये ठोस बनाये जाते हैं। इनके ऊपर चढ़ा आवरण (Cover) इन्हे सुरक्षित रखता है।

ट्रांसिस्टर के सिरे (Terminals of Transistor)

प्रत्येक ट्रांसिस्टर मे तीन सिरे एमीटर, बेस और कलेक्टर होते हैं। मध्य मे बेस, दायें ओर एमीटर और बायें ओर कलेक्टर होता है। दायें ओर ओर

-8 22-

बायें ओर की दिशा ज्ञात करने के लिए कलेक्टर के सिरे पर लाल बिन्दु लगा रहता है। इसके अतिरिक्त बेस और एमीटर के मध्य कम स्थान और बेस व कलेक्टर के मध्य अधिक स्थान होता है जैसा कि चित्र 8 22 मे दिखाया है। यह सिरे एक ही लाइन में होते हैं।

जापानी एव अमेरिकन ट्रांसिस्टरो में पहचान के लिए लाल अथवा काला बिन्दु होता है। इनके सिरे एक लाइन मे नही होते हैं, बल्कि गोलाई में तीनो सिरे होते हैं। मध्य में बेस और इसके दोनो ओर एमीटर व कलेक्टर के सिरे होते हैं।

चित्र 8 23

इसके अतिरिक्त कुछ ट्रासिस्टरो मे तीन के स्थान पर चार सिरे निकले होते हैं। चौथा सिरा स्क्रीन का होता है जिसका कनेक्शन चेसिस से किया

(A) चित्र 8 24 (B)

जाता है। उपरोक्त विधियों की भाँति ही इनके सिरे भी निकले होते हैं जैसा कि चित्र 8 24 म दिखाया गया है। चारो सिरे एक ही लाइन में होते हैं और स्क्रीन व कलेक्टर के मध्य अन्तर अन्यो से अधिक होता है। चित्र 8 24 में दिखाये गये के अनुसार सिरे सब बराबर दूरी पर होते हैं। एमीटर, स्क्रीन और कलेक्टर एक लाइन मे तथा बेस इनके दूसरी ओर लगा रहता है।

सेमी कन्डक्टर डायोड में केवल दो सिरे होते हैं एक पोजिटिव और दूसरा नैगेटिव। इसके एक सिरे पर लाइन अथवा लाल बिन्दु होता है जो पोजिटिव

चित्र 8 25

सिरे का ज्ञान कराता है। इसी सिरे को पोजिटिव से लगाया जाता है जिस पर पोजिटिव वोल्टेज मिलता है।

9

सर्किट और विशेषतायें

(Circuits and Characteristics)

प्रयोग के दृष्टि से ट्रांसिस्टर के सरकिट और ट्रायोड वाल्व के सरक्टि
ाभग समान है। प्रत्येक ट्रांसिस्टर सरकिट के अपने विशिष्ट लाभ और सीमा
त्-पृथक् होते है। ट्रांसिस्टर मे एमीटर, बेस और कलेक्टर तीन सिरे होते
इन्ही से विभिन्न सरकिट बनाये जाते हैं। इसमे अधिकतर पी एन पी
सिस्टर प्रयोग किए जाते हैं। इनमें एमीटर सदैव फोरवाड ब्यास (Forward
as) और क्लेक्टर रिवर्स्ड ब्यास (Reversed bias) देता है। पी एन पी
सिस्टर मे एमीटर पोजिटिव सिरे से, कलेक्टर नगेटिव सिरे से और बेस कुछ
म नेगेटिव सिर से जोड़ा जाता है और एन पी एन ट्रांसिस्टर इनसे
परीत सिरो से जोडा जाता है।

ट्रांसिस्टर सरक्टि निम्न प्रकार के होते हैं—

(a) कोमन एमीटर सरक्टि (Common Emitter Circuit)

(b) कोमन बेस सरकिट (Common Base Circuit)

(c) कोमन क्लेक्टर सरक्टि (Common Collector Circuit)

(a) कोमन एमीटर सरक्टि—यह ग्राउन्डेड एमीटर सरकिट भी कहलाता
जो वाल्व सरक्टि म ग्राउन्डड केथोड सरकिट की भाँति होता है। चित्र
1 मे दोनो प्रकार के सरक्टि दिखाये गये हैं।

चित्र 9 1—कोमन एमीटर सरकिट

इसकी इनपुट रेसिस्टेन्स मध्यम और आउटपुट रेसिस्टेन्स अधिक होता है। इसका गेन अधिकतम होता है। इसकी उपयोगी फ्रीक्वेन्सी कम होती है और फेज परिवतन भी होता रहता है। इस सरकिट का गेन सबसे अधिक होने के कारण यह सरकिट अधिक प्रयोग किया जाता है।

(b) कोमन बेस सरकिट—यह सरकिट ग्राउन्डेड बेस सरकिट भी कहलाता है और वाल्व के ग्राउन्डेड ग्रिड सरकिट के समान होता है। जैसा कि चित्र 9 2(a) और (b) मे दिखाया गया है। इसमे इनपुट साइकिल के बेप से और आउटपुट P सिरे से दिखाया गया है।

-9.2(B)-

इस सरकिट का इनपुट रेसिस्टेन्स बहुत कम और आउटपुट रेसिस्टेंस बहुत अधिक होता है। इसका करेन्ट गेन एक से कम रहता है। इसका फेज परिवतन नहीं होता है और उपयोगी फ्रीक्वेन्सी सबसे अधिक होती है। इस सरकिट के द्वारा

अधिक फ्रीक्वेन्सी पर अधिक गेन प्राप्त हो जाती है। यह अधिकतर रेडियो फ्रीक्वेन्सी पर एम्पलीफायर अथवा आई एफ एम्पलीफायर मे प्रयुक्त किया जाता है। आई एफ एम्पलीफायर मे इन्हें न्यूट्रेलाइज करने की आवश्यकता नही रहती है।

(c) कोमन कलेक्टर सरकिट—यह ग्राउन्डेड कलेक्टर सरकिट कहलाता है और वाल्व सरकिटो मे कथोड-फोलोअर सकिट अर्थात् ग्राउन्डेड एनोड सरकिट की भाँति होता है। जैसा कि चित्र 93(a) और (b) मे दिखाया गया है।

इसका इनपुट रेसिस्टेंस मध्यम अर्थात कोमन एमीटर से अधिक होता है। आउटपुट रेसिस्टेन्स इनपुट रेसिस्टेंस के समान होता है। इसका गेन सबसे

चित्र 93

कम होता है। इसका फस परिवतन नही होता है और उपयोग फ्रीक्वेंसी कम है। यह सरकिट कुछ स्थानो पर आउटपुट और ड्राइवर के लिए प्रयोग किया जाता है क्योकि विकृति और आउटपुट रेसिस्टेंस कम होती है।

करेन्ट गेन (Current Gain)

ट्रांसिस्टर का काय एमीटर से बेस और कलेक्टर की ओर बहने वाली करेंट पर निभर करता है क्योकि साधारणत एमीटर से चलने वाली करेन्ट का केवल कुछ भाग ही बेस पर पहुँचता है और शेष भाग कलेक्टर पर जाता

है। इस प्रकार एमीटर से जो करेन्ट कलेक्टर पर पहुँचती है वह करेंट गेन कहलाती है जिसे α (एल्फा) से प्रकट करते हैं। इसका मान एक से कम होता है। व्यवहार मे ट्रांसिस्टर मे एल्फा का मान 0 95 से 0 99 होता है।

$$\alpha = \left(\frac{\Delta I_c}{\Delta I_e}\right) V_{CB}$$

जहाँ ΔI_c = कलेक्टर करेंट म परिवतन

ΔI_e = एमीटर करेंट मे परिवतन

V_{CB} = कलेक्टर बेस वोल्टेज जो नियतांक (Constant) होता है।

इस प्रकार से कहा जा सकता है कि कलेक्टर करेन्ट मे परिवतन और एमीटर करेंट मे परिवतन के अनुपात को करेंट गेन कहते हैं जबकि कलेक्टर बेस वोल्टेज नियताक (Constant) रहता है।

एमीटर की करेंट का कुछ भाग ही बेस पर पहुँचता है और शेष कलेक्टर मे। इस कारण कलेक्टर की करेंट और बेस की करेंट के अनुपात को करेंट गेन कहते हैं परन्तु इसे β (बीटा) से प्रकट करते हैं और इसका मान सदैव एक से अधिक होता है। बेस की करेन्ट कलेक्टर की करेंट अधिक होती है। सामान्यत β का मान 10 से 300 तक अथवा इससे भी अधिक होता है। यदि बेस की करेन्ट मे थोडा परिवतन कर दिया जाय तो कलेक्टर की करेंट β गुना परिवर्तित हो जाती है। इस प्रकार से बेस की करेंट कलेक्टर की करेंट को नियन्त्रित करती है।

करट गेन के दानो मान α और β का आपस मे सम्बन्ध होता है।

$$\beta = \frac{\alpha}{1-\alpha}$$

और

$$\alpha = \frac{\beta}{1+\beta}$$

α और β का मान अधिक फ्रीक्वेंसी पर कम होता है।

पावर गेन (Power Gain)

लोड रेसिस्टेंस मे दी जाने वाली पावर और जनरेटर से प्राप्त होने वाली पावर के अनुपात को पावर गेन कहा जाता है।

$$\text{लोड रेसिस्टेंस मे दी जाने वाली पावर} = \frac{(\text{आउटपुट वोल्टेज})^2}{\text{लोड रेसिस्टेंस}} = \frac{V_2^2}{R_L}$$

$$\text{जनरेटर से प्राप्त होने वाली पावर} = \frac{(\text{इनपुट वोल्टेज})^2}{4 \times \text{इनपुट रेसिस्टेंस}} = \frac{V_g^2}{4R_i}$$

$$\text{पावर गेन} = \frac{V_2^2}{R_L} \times \frac{4R_i}{V_g^2}$$

पावर गेन ट्रांसिस्टर के तीनो सरकिटो मे पृथक् होती है जो इस प्रकार है।

कोमन एमीटर सरकिट,

$$\text{पावर गेन} = \frac{\text{आउटपुट}}{\text{इनपुट}} = \frac{I_c^2 R_L}{I_b R_g}$$

$$= \frac{\beta^2 R_L}{R_g}$$

कोमन बेस सरकिट,

$$\text{पावर गेन} = \frac{\text{आउटपुट}}{\text{इनपुट}} = \frac{I^2_c R_L}{I_e^2 Rg}$$

$$= \frac{\alpha^2 R_L}{Rg}$$

कोमन कलेक्टर सरकिट,

$$\text{पावर गेन} = \frac{\text{आउटपुट}}{\text{इनपुट}} = \frac{I^2_e R_L}{I_b^2 R_g}$$

$$= \left(\frac{\beta}{\alpha}\right)^2 \frac{R_L}{R_g}$$

विशेषतायें (Characteristics) — ये विशेषतायें निम्न प्रकार का होती हैं —

(a) स्टेटिक विशेषता—इनपुट और आउटपुट वोल्टेज तथा करन्ट की मात्राओं को मालूम करने के लिए एक सरकिट बनाया जाता है जो चित्र 94 मे दिखाया गया है। इसमें दो एम्पीयर मीटर और दो वोल्टमीटर लगाए जाते है। एम्पीमर मीटर I_b बेस करेन्ट और I_c कलेक्टर करेंट बताता है। वोल्ट मीटर V_{be} बेस कलेक्टर का वोल्टेज और V_{cE} कलेक्टर एमाटर का वोल्टेज बताता है। वेरियेबिल रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 भिन्न भिन्न रसिस्टेन्स पर मात्रा ज्ञात करने के लिए है।

-94-
चित्र 94

इस सरकिट मे पी० एन० पी० ट्रासिस्टर प्रयोग किया गया है जिसकी निम्न विशेषतायें ज्ञात करते हैं।

(i) स्टेटिक कलेक्टर विशेषता कव

(ii) स्टेटिक बेस विशेषता कव

(i) स्टेटिक कलेक्टर विशेषता कव—यह विशेषता ट्रासिस्टर की आउट पुट विशेषता भी कहलाती है। ट्रासिस्टर के कलेक्टर सिरे पर दी जाने वाली वोल्टेज I_E और बहने वाली करेन्ट I_c के सम्बन्ध को प्रकट करने वाली

विशेषता स्टेटिक कलेक्टर विशेषता कहलाती है। इस सम्बन्ध को कब द्वारा प्रकट किया जाता है।

जब बेस करेन्ट I_b को स्थिर रखा जाय तो कलेक्टर के वोल्टेज में वेरिएबिल रेसिस्टेंस R_2 द्वारा परिवर्तन करने पर करेन्ट प्राप्त होती है। प्रत्येक परिवर्तन पर करेन्ट पृथक पृथक होती है। अब बेस करन्ट I_b को वेरिएबिल रेसिस्टेंस R_1 को परिवर्तन करके पुन कलेक्टर वोल्टेज और करेन्ट में सम्बन्ध देखा जाता है। यह परिवर्तन चित्र 9.5 में कब रूप में दिखाया गया है। इसमें बेस करेन्ट 0.1 मि० ए० स्थिर रखने पर कलेक्टर वोल्टेज के परिवर्तन

करने पर ...
0.5 0.71 ...

करेन्ट के परिवतन को कव दिखाई गई है। चित्र मे स्पष्ट है कि कलेक्टर करेण्ट बेस करेन्ट पर निभर रहती है।

(ii) स्टेटिक बेस विशेषता कर्व—ट्रासिस्टर के बेस व एमीटर के मध्य दी गई वोल्टेज V_b, और बहने वाली करेन्ट I_b के अनुपात को इनपुट रेसिस्टेन्स कहा जाता है। यह डी० सी० मे होती है अत

$$\text{इनपुट रेसिस्टेन्स} = \frac{\text{बेस वोल्टेज}}{\text{बेस करेन्ट}}$$

ए० सी० मे इनपुट रेसिस्टेन्स बेस वोल्टेज मे परिवतन और बेस करेन्ट में परिवतन के अनुपात के बराबर होती है अत

$$\text{इनपुट रेसिस्टेन्स} = \frac{\text{बेस वोल्टेज में परिवतन}}{\text{बेस करेन्ट मे परिवर्तन}}$$

ट्रांसिस्टर की इनपुट रेसिस्टेन्स ट्रासिस्टर की करेन्ट और कलेक्टर पर लगे लोड रेसिस्टेन्स पर निभर करती है। करेन्ट के कम होने पर इनपुट रेसिस्टेन्स अधिक और लोड रेसिस्टेन्स के बढने पर इनपुट रेसिस्टेन्स कम होती है।

कलेक्टर वोल्टेज को स्थिर रखने पर बेस वोल्टेज और बेस करेन्ट के मध्य

–96–

चित्र 96

कव खीची जाती है। प्रारम्भ मे बेस वोल्टेज शून्य रहता है परन्तु रेसिस्टेन्स R_2 को बढाकर वोल्टेज बढाया जाय तो प्रारम्भ से करेन्ट धीरे धीरे बढती है परन्तु वोल्टेज के और अधिक बढने पर एक स्थान पर अधिक तेजी से बढने लगती है जसा कि चित्र 96 मे दिखाया गया है।

रेसिस्टेन्स R_2 के द्वारा एडजस्ट करके इसकी विभिन्न कव बनाई जा सकती है। चित्र देखने से ज्ञात होता है कि ट्रासिस्टर की सामान्यत कव II रहती है परन्तु R_2 रेसिस्टेन्स को इधर-उधर एडजस्ट करके कव I और III प्राप्त होती है। यह कव लोड रेसिस्टेंस के मान पर निभर करती है।

(b) ट्रासफर विशेषता (Transfer Charcteristic)—यह ट्रासिस्टर मे इनपुट और आउटपुट इकाइयो के मध्य सम्बन्ध प्रकट करती है। यह विशेषता कव बेस करेन्ट और कलेक्टर करेन्ट के मध्य खीची जाती है। जैसा कि चित्र 97 मे दिखाई गई है। इसमे कलेक्टर वोल्टेज को स्थिर रखा जाता है और रेसिस्टेन्स का एडजस्ट करके कलेक्टर और बेस करेन्ट की भिन्न भिन्न मात्रायें ज्ञात कर ली जाती हैं।

चित्र 97

चित्र 97 मे कलेक्टर वोल्टेज V_c को -1, -5 -10 और -15 वोल्ट पर स्थिर करके प्राप्त बेस करेन्ट I_b और कलेक्टर I_c के के मध्य ट्रासिस्टर की करेन्ट गेन β (बीटा) सरलता से ज्ञात की जा सकती है।

$$\text{बीटा } (\beta) = \frac{\Delta I_c}{\Delta I_b}$$

जब कि V_c कोन्सटेन्ट रहता है

इसमे,
ΔI_c = कलेक्टर करेंट मे परिवतन
ΔI_b = बेस करेंट मे परिवर्तन
ΔV_c = कलेक्टर वोल्टज

आउटपुट रेसिस्टेंस (Output Resistance)—कलेक्टर के अनुपात को आउटपुट रेसिस्टेंस कहत हैं। यह डी० सी० म होती है अत

$$\text{आउटपुट रेसिस्टेंस} = \frac{\text{कलेक्टर वोल्टेज}}{\text{कलेक्टर करेंट}}$$

परन्तु ए० सी० सप्लाई मे कलेक्टर वोल्टेज म परिवतन किया जाता है। इस परिवतन के साथ ही कलेक्टर करेंट म परिवतन हो जाता है। अत कलेक्टर वोल्टेज म परिवतन और कलेक्टर मे परिवतन के अनुपात को प्रभावी (Apprent) आउटपुट रेसिस्टेंस कहा जाता है अर्थात

ए० सी० मे,

$$\text{आउटपुट रेसिस्टेंस} = \frac{\text{कलेक्टर वोल्टेज मे थोडा परिवतन}}{\text{इस परिवतन से कलेक्टर करेंट मे परिवतन}}$$

सामान्यत ट्रासिस्टरो को आउटपुट रेसिस्टेंस 5 कि० ओ० से 50 कि० ओह्म होती है परन्तु पावर ट्रासिस्टरो की आउटपुट रेसिस्टेंस कुछ कम होती है।

लीकेज करेंट (Leakage Current)—जब कामन बेस सरकिट मे एमीटर और अन्य सरकिटो मे बेस को खुला छोड दिया जाय तो भी ट्रासिस्टर मे एमीटर से करेंट कलेक्टर को प्रवाहित होती है तो इस प्रकार की प्रवाहित होने वाली करेंट लीकेज करेंट कहलाती है। यह करेंट ट्रासिस्टर की बनावट के रवे म डिस्टोशन आ जाने और ताप के प्रभाव के कारण लीक होती है। ताप के बढने पर लीकेज करे ट बढ जाती है। सामान्यत यह करेंट टाजिस्टर की करेंट से काफी कम होती है।

तापक्रम के बढने पर लीकेज करेंट के बढने के अतिरिक्त ट्रासिस्टर की शक्ति कम हो जाती है।

10

फ्रीक्वेन्सी कन्वर्टर

(Frequency Convertor)

फ्रीक्वेन्सी कन्वटर सर्किट सुपर हिट्रोडायन रिसीवरों में प्रयोग किया जाता है। इसे फ्रीक्वेंसी चेन्जर अथवा पहला डिटेक्टर भी कहते हैं। इस सरकिट की मदद से आर० एफ० सिगनल की फ्रीक्वेन्सी इन्टरमीडिएट फ्रीक्वेंसी (आई० एफ०) में परिवर्तित होती है। इस सरकिट में मिक्सर और ओसीलेटर होते हैं जैसा कि चित्र 10 1 में दिखाया गया है। अनुसार आर० एफ० सिगनल मिक्सर में जाते हैं जहाँ ओसीलेटर से स्वयं के उत्पन्न सिगनल पहुँचते हैं और आर एफ सिगनल से मिलकर आई एफ सिगनल बनाते हैं। मिक्सर

चित्र 10 1—फ्रीक्वेंसी कन्वटर

के सिगनलो का वोल्टेज ट्रांसिस्टर के कलेक्टर मे करेंट उत्पन्न करता है। मिक्सर का आउटपुट सरकिट ट्यूड सरकिट के साथ होता है जो एक बीट (beat) फ्रीक्वेन्सी पर एडजस्ट होता है। यह फ्रीक्वेन्सी सिगनल फ्रीक्वन्सी और आसीलेटर फ्रीक्वेन्सी के मध्य अन्तर के बराबर होती है। सलग्न आउटपुट फ्रीक्वेंसी इन्टरमीडिएट फ्रीक्वेंसी कहलाती है।

आसीलेटर सरकिट फ्रीक्वेंसी को ओसीलेट करता है। ओसीलेशन को हिन्दी मे दोलन कहते हैं। यह इस प्रकार समझा जा सकता है जैसे मान लो एक पतली पत्ती के एक सिरे को वाइस (vice) मे बांध दें और दूसरे सिरे को पकड कर नीचे या ऊपर ले जाकर छोड दें तो वह पत्ती ऊपर-नीचे की ओर वाइब्रेट होने लगती है। कुछ समय बाद वह पुन स्थिर हो जाती है। इसका अर्थ है कि पत्ती पहले A से B की ओर जाती है। वहाँ से लौट कर A स्थान पर आती है और C पर पहुंच जाती है। C से पुन A पर आकर B की ओर जाती है इस प्रकार यह वाइब्रेट होती रहती है। इसे इस प्रकार भी जाना जा सकता है कि एक धागे से बधी गोली स्थिरावस्था में A पर

चित्र 102

रहती है परन्तु इसे हिला देने पर A से B पर गोली पहुँचती है। B से लौट कर A पर आती है और C की ओर चली जाती है। इस प्रकार गोली इधर उधर

जाती है इसी को दोलन या ओसीलेशन कहा जाता है। परन्तु यह ओसीलेशन बराबर नहीं होता रहना है बल्कि शनै शनै कम होता जाता है और एक समय स्थिर हो जाता है। इस ओसीलेशन को वेव (wave) का रूप बनावें तो

चित्र 10 3

वह चित्र 10 3 की भांति होगी। यह प्रारम्भ मे बडी वेव बनती है जो धीरे-धीरे छोटी होती जाती है और आगे विरामावस्था मे हो जाती है। इस वेव को डेम्पड वेव (Demped Wave) कहते हैं और इस प्रभाव को डेम्पिग (Damping) कहते हैं।

अब यदि चित्र 10 2 म दिखाई पत्ती को हाथ से पुन वाइब्रेट कर दे तो वाइब्रेशन होता रहता है। इसी प्रकार गोली को धक्का देते रहें तो यह विराम अवस्था मे नहीं आवेगी और A से B को और B से C को तथा C से पुन B की ओर जाती रहेगी जसी घडी का पेन्डुलम घूमता रहता है और विराम नहीं हो पाता है। इस प्रकार की बनी वेव बनती रहती है और आगे समाप्त नहीं होती है। यह वेव चित्र 10 4 के अनुसार समान रूप से बनती रहती है। इन वेव को अन डेम्पड वेव (Undamped Wave) या कन्टीन्युअस वेव (Continuous Wave) कहते हैं।

चित्र 10 4—अनडेम्पड वेव

इस वेव म निम्न भाग होते हैं —

(i) एम्पलीटयूड (Amplitude)—वेव O से A और A से B की ओर जाती है तो वेव की उच्चतम ऊँचाई AM एम्पलीटयूड कहलाती हैं।

(ii) अधिकतम मान (Maximum Value)—वेव O से बढ़कर A तक बढ़ती है और पुन B की ओर कम होती जाती है। A स्थान पर उच्च तम मान प्राप्त होता है।

(iii) काल (Period)—एक पूण वेव O स B तक और B से C तक होती है। अत O से C तक वेव के पहुँचने म जो समय लगता है वह काल (Period) कहलाता है।

(iv) साइकिल (Cycle)—O से C तक बनी बनी पूण वेव को एक साइकिल कहते हैं। एक सेकिण्ड मे बनने वाली अनेको साइकिलो को फ्रीक्वेंसी कहते हैं।

उपरोक्त ओसीलेशन मैकेनीकल या इसी प्रकार ओसीलेशन इलेक्ट्रोनिक विधि से भी उत्पन्न किया जा सकता है। चित्र 10 5 मे एक सरकिट दिखाया गया है जिसमे एक कोइल और एक कन्डेन्सर स्विच के साथ बट्टी से लगा है। जब स्विच को ओन किया जाता है तो कन्डेन्सर C की A प्लेट पोजिटिव और प्लेट B नगेटिव डी० सी० पहुँचती है। कन्डेन्सर चार्ज हो जाता है और

चित्र 10 5

इलेक्ट्रिकल एनर्जी एकत्रित हो जाती है। दोनो प्लेटो के मध्य इलेक्ट्रोस्टेटिक फील्ड स्थापित हो जाता है जैसा कि चित्र 10 6 A मे दिखाया गया है। स्विच को ओफ कर देने पर अतिरिक्त इलेक्टोन कोइल L के द्वारा नैगेटिव प्लेट B से प्लेट A की ओर प्रवाहित होने लगते हैं और सरकिट पूरा हो जाता है। कोइल मे थोडी चुम्बकीय रेखायें उत्पन्न हो जाती हैं जसा कि

चित्र 10 6

चित्र (b) म है। चुम्बकीय रेखायें इलेक्ट्रोन्स के कम या अधिक होने पर कम या अधिक बनती है। इस प्रकार कोइल मेगनेटिक एनर्जी को स्टोर कर लेता है और कुछ समय बाद कुल अतिरिक्त (Surplus) इलेक्टनन्स प्लेट की ओर ट्रांसफर हो जाते हैं और कन्डेन्सर डिस्चाज हो जाता है।

सारी एनर्जी कोइल मे होती है और कोइल इलेक्ट्रोस को प्रवाहित करता रहता है और बन्द नहीं करता है जिससे प्लेट A से अधिक से अधिक नगेटिव हो जाती है जसा कि चित्र (c) से स्पष्ट है। जब सारी एनर्जी व्यय हो जाती है तो प्लेट A नगटिव और प्लेट B पोजिटिव हो जाती है। कन्डेन्सर अब

चित्र 10 7

चाज होता है दिशा विपरीत हो जाती है जसा कि चित्र (d) मे दिखाया गया है और एक बार पुन डिस्चाज हो जाता है। यही क्रिया दुबारा होती है इसमे प्लेट A नैगेटिव और प्लेट B पोजिटिव हो जाती है। इस प्रकार से पूरी वेव बन जाती है। प्लेट A के पोजिटिव रहने पर वेव चित्र 10 7(a) की भाँति और प्लेट A के नैगेटिव होने पर वेव चित्र 10 7(b) की भाति बनती है। यह क्रम बार बार होता है अर्थात क डेन्सर चाज व डिस्चाज होता रहता है और सरकिट की दिशा बदलती रहती है इसी को ओसीलेशन कहते हैं।

विद्युत से चुम्बक बनने मे थोडी एनर्जी रेसिस्टेन्स के ताप आदि मे व्यय होती है और ओसीलेशन समाप्त हो जाता है। इस प्रकार से ओसीलेशन की वेव डेम्पड वेव कहलाती है।

स्विच S को बार-बार ओम करके डी० सी० क डेसर को देकर चाज किया जाता रहे तो वेव बराबर (Continuous) प्राप्त होती रहती है। डी० सी० सरकिट मे नष्ट हुई एनर्जी की क्षतिपूर्ति करती रहती है। ओसीलेशन की फ्रीक्वेन्सी कोइल L और क डे सर C के मान पर निभर करती है। अत

$$\text{फ्रीक्वेन्सी} = \frac{1}{2\pi\sqrt{LC}} \text{ साइकिल प्रति सेकिण्ड}$$

जहाँ,

$\pi = 3\ 14$

L = इ डक्टेन्स हेनरी मे

C = क सन्सर फरेड मे

यह फ्रीकवेन्सी रेजोने स फ्रीक्वेन्सी कहलाती है।

फ्रीक्वेन्सी चेन्जर मे मिक्सर के अतिरिक्त ओसीलेटर पृथक् से प्रयोग किया जाता है। चित्र 10 8 मे ओसीलेटर का एक साधारण सरकिट दिखाया गया है। यह हाटले ओसीलेटर भी कहलाता है। सरकिट मे इ डक्टेन्स L के साथ C, ट्युनिंग क डेन्सर लगा रहता है। इनसे उत्पन्न ओसीलेशन के कारण क्षति पूर्ति ट्रांसिस्टर की एम्पलीफाई सरकिट द्वारा होती रहती है।

चित्र 108

इसी प्रकार का एक सरकिट कालपिटस (Colpitts) ओसीलेटर का चित्र 109 मे दिखाया गया है। इसमे एक कोइल L लगा होता है। इस कोइल के समानान्तर मे दो कन्डेसर सीरीज मे लगे रहते हैं। ट्रांसिस्टर के बेस और कलेक्टर से कोइल के दोनो सिरे लगे रहते हैं। दोनो कन्डेसरो के मध्य जो वोल्टेज की कमी होती रहती है वह ही फीड बक का काम करती है। ऊपर वाला C_1 कन्डेसर का ऊपरी सिरा पोजिटिव और C_2 कन्डेसर का नीचे का

चित्र 109

सिरा नगेटिव होता है। कलेक्टर सिरे के पोजिटिव होने पर अर्ध साइकिल में विपरीत कलेक्टर करेन्ट को R_2 नियन्त्रित रखता है और सीमित करेन्ट से अधिक होने पर R_2 रेसिस्टेन्स 0 (Zero) हो जाता है। रेसिस्टेन्स R_2 के अधिक होने पर वेव धीरे धीरे बढ़ती है परन्तु सीमित मान पर R_2 के होने पर कलेक्टर वोल्टेज कम होने लगता है और ओसीलेशन नगण्य हो जाता है। R_1 रेसिस्टेन्स ओसीलेशन की प्रत्येक साइकिल की करेंट की अधिकता को नियन्त्रित करता है। कन्डेन्सर C_1 और C_2 तथा कोइल L सिगनल उत्पन्न करते हैं।

अब ट्रांसिस्टर इस प्रकार के प्रयोग किये जाते हैं जो मिक्सर और ओसीलेटर दोनों का काय करते हैं। इस प्रकार का बनाया हुआ सरकिट सरल और सस्ता होता है। *चित्र 10 10 मे एक फ्रीक्वेन्सी चेन्जर सरकिट दिखाया गया* है। यह सभी मीडियम बैंड रिसीवरो और शाल वेव रिसीवरों मे प्रयुक्त किया जाता है। इसमे एक ट्रांसिस्टर ओसीलेशन के लिये ट्रांसिस्टर कामन एमीटर सरकिट होता है। यह सरकिट अधिकतर मीडियम वेव के रिसीवरो में प्रयुक्त होता है। शोल वेव रिसीवरो मे ट्रांसिस्टर कामन बेस सरकिट प्रयुक्त होता है।

कामन एमीटर सरकिट मे ओसीलेशन उत्पन्न करने के लिये ट्रांसिस्टर के बेस पर फीड बेक दिया जाता है। एरियल से प्राप्त सिगनल ट्रांसफरमर की

-10 10-

सेकेन्ड्री से दिये जाते हैं। सेकेन्ड्री के दूसरे सिरे से कन्डेंसर C_2 ओसीलेटिंग कोइल L_2 से लगा रहता है जहाँ सिगनल ट्यून्ड होते हैं। कलेक्टर से से L_1 कोइल को फीडबेक दिया जाता है जिससे ओसीलेशन ठीक मिलते रहें।

बेस पर आने वाले सिगनल्स और ओसीलेटिंग कोइल के सिगनलों के वोल्टेज से बेस करेन्ट और कलेक्टर करेन्ट मे परिवर्तन होता है। इससे कलेक्टर करेन्ट म अन्य फीक्वेन्सियो के साथ सिगनल और ओसीलेटर फीक्वेंसी के अन्तर की फ्रीक्वेन्सी होती है सिगनल और आसलेटर के अन्तर की फीक्वेन्सी इन्टरमीडिएट फ्रीक्वेंसी (I F) कहलाती है। आई एफ ट्रांसफरमर आई एफ को निकल जाने देता है परन्तु अन्य फ्रीक्वेन्सियों को रोक देता है। यह आई एफ अगले स्टेज को चली जाती है।

कामन बेस ओसीलेटर मे फीडबेक ट्रांसिस्टर के एमीटर को दिया जाता है। इसका सरकिट चित्र 10 11 में दिखाया गया है। यह सरकिट चित्र 10 10

चित्र 10 11

की भाँति है और कायविधि भी उसी को भाँति है। इस सरकिट से ओसीलेशन उत्पन्न होते हैं और ओसीलेशन बनाये रखने के लिये L_1 कोइल से ट्यून्ड कोइल L_2 को और इसके एक भाग से C_1 कन्डेंसर से होकर फीड बेक एमीटर को दिया जाता है।

फ्रीक्वेन्सी चेन्जर मे मिक्सर और ओसीलेटर के काय के लिये पथक् पृथक

ट्रांसिस्टर एक ही सरकिट मे भी प्रयोग किये जाते हैं। यह सरकिट चित्र
10 12 मे दिखाया गया है। इसमे ट्रासिस्टर T_1 मिक्सर का और ट्रासिस्टर
T_2 का काय करता है। ट्रासिस्टर T_1 के बेस पर एरियल द्वारा प्राप्त सिगनल
पहुचते हैं। रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 वोल्टेज डिवाइडर का काय करता है।

चित्र 10 12

एमीटर मे लगा रेसिस्टेंस R_3 तापक्रम के प्रभाव को कम कर देता है।
से प्राप्त आई एफ, आई एफ ट्रांसफारमर के द्वारा मिलती है। ट्रांजि
T_12 के बेस को रेसिस्टेंस R_4 और R_6 द्वारा सिगनल मिलने हैं। इससे
ओसीलेसन कलेक्टर द्वारा ओसीलेटिंग कोइल से प्राप्त होते हैं। ओसीले
कन्डेंसर C_2 द्वारा T_1 ट्रांसिस्टर के एमीटर पर पहुँचते हैं।

प्रत्येक बेंड के लिये एरियल कोइल और ओसीलेटिंग कोइल पृथक
होता है। दो बेंड के दो-दो कोइल, तीन बेंड के लिए तीन-तीन कोइल और
पांच बेंड के लिए 5-5 कोइल होते हैं।

-10 13-
चित्र 10 13

अधिकतर ट्रांसिस्टर एक बैंड और तीन बैंड के होते हैं। एक बैंड के ट्रांसिस्टर में केवल एक एरियल कोइल और एक ओसीलेटिंग कोइल होती है जो मीडियम वेव पर काम करती है। परन्तु तीन बैंड के ट्रांसिस्टर में तीन एरियल कोइल और तीन ओसीलेटिंग कोइल होते हैं जैसाकि चित्र 10.13 में दिखाया गया है। यह मीडियम वेव 200 से 550 मीटर पर शोर्ट वेव 2, 13 से 41 मीटर पर और शोर्ट वेव 1, 41 से 120 मीटर पर काम करता है। इसमें दो ट्रांसिस्टर T_1 और T_2 कार्य करते हैं। ट्रांसिस्टर T_1 एरियल कोइल के लिए और ट्रांसिस्टर T_2 ओसीलेटिंग कोइल के लिये प्रयुक्त होते हैं। दोनों प्रकार के कोइलों के लिए बैंड स्विच भी वे 8 पोल का प्रयोग होता है।

उपरोक्त सरकिट में निम्न मान की वस्तुयें प्रयोग की जाती हैं।

ट्रांसिस्टर T_1 व T_2 = OC 170

ट्रिमर T_{m1}, T_{m2}, T_{m3}, T_{m4}, T_{m5}, T_{m6} = 70 पि० फे०

कन्डेन्सर C_1, C_3, C_{12} = 0·002 मा० फे०

C_2 = 30 पि० फे०

C_4 C_5 = 0·05 मा० फे०

C_6, C_7 = 0 1 मा० फे०

C_8 = 300 पि० फे०

C_{10} फिक्स पैडर) = 600 पि फे

C_{13} = 470 पि फे.

C_{14} = 100 मा फे

C_9 C_{11} (गैंग कन्डेन्सर) = 500 पि फे

रेसिस्टैंस

R_1 = 8 2 कि ओ	R_2 = 47 कि ओ
R_3 = 2 2 कि ओ	R_4 = 6 8 कि ओ
R_5 R_6, R_7 = 1 कि ओ	R_8 = 200 ओ

एरियल कोइल और ओसीलेटिंग कोइल भिन्न-भिन्न कम्पनियों के भिन्न बनाये जाते हैं।

11

आर० एफ० एम्लीफायर

(R F Amplifier)

यह एम्पलीफायर डिटेक्टर से पहले लगाया जाता है। ए एफ एम्प्ली फायर केवल 10 किलो साइकिल फ्रीक्वेन्सी बॅड को एम्पलीफाई करता है परन्तु रेडियो एम्पलीफायर इससे दुगना काय करता है। इससे केवल एक ट्रांसमीटिंग स्टेशन का प्रोग्राम सलेक्ट किया जाता है जबकि एरियल से विभिन्न ट्रासमीटिंग स्टेशन के प्रोग्राम मिलते हैं। एरियल से प्राप्त रेडियो फ्रीक्वेंसी सिगनल के वोल्टेज बहुत कम होते हैं उन्हें डिटेक्टर तक पहुचाने से पहले रेडियो फ्रीक्वेन्सी एम्पलीफायर काफी अधिक एम्पलीफाई कर देता है। एक ट्रासमीटिंग स्टेशन के सिगनलो की फ्रीक्वेन्सी केरियर वेव की रेडियो फ्रीक्वेंसी के बराबर रहती है परन्तु इस फ्रीक्वेन्सी के साथ ओडियो फ्रीक्वेन्सी मिली रहती है। इसके अतिरिक्त अन्य ट्रासमीटिंग स्टेशन की फ्रीक्वेन्सी भी रेडियो फ्रीक्वेंसी ट्यून्ड सरकिट मे आवश्यक रेडियो फ्रीक्वेंसी के अतिरिक्त 5 कि सा कम और 5 कि सा अधिक गुजर जाती है। यह कम व अधिक फ्रीक्वेंसी साइड बेंड कहलाती हैं। रेडियो फ्रीक्वेन्सी एम्पलीफायर केवल थोडी फ्रीक्वेंसी बेन्ड की ही एम्पलीफाई करता है। इस एम्पलीफिकेशन मे यह आवश्य नहीं कि भिन्न भिन्न फ्रीक्वेन्सी का एम्पलीफिकेशन समान रूप से हो। यह एक प्रकार का दोष है क्योकि फ्रीक्वेंसी के अधिक होने पर एम्पलीफिकेशन कम होता है। इस कारण रेडियो फ्रीक्वेंसी एम्पलीफायर सरकिट को ट्यून्ड किया

जाता है। इसके लिये टैंक सरकिट (Tank Circuit) प्रयोग किया जाता है। इसे रेजोनेन्स सरकिट भी कहते हैं। रेजोनेन्स सरकिट उसे कहते हैं जिसमे इण्डक्टिव कोइल या इण्डक्टिव रियेक्टेंस और कण्डेंसर की कैपेसिटी रियेक्टेंस समान हो।

इण्डक्टिव रियेक्टेंस $= 2\pi FL$

जिसमें,

$\pi = 3.14$

$F =$ फ्रीक्वेंसी

$L =$ कोइल की इण्डक्टेंस

कैपेसिटी रियेक्टेंस $= \frac{1}{2\pi FC}$

जिसमें

$C =$ कण्डेंसर की कपेसिटी

इण्डक्टिव रियेक्टेंस = केपेसिटिव रियेक्टेंस

$$2\pi FL = \frac{1}{2\pi FC}$$

$$F^2 = \frac{1}{(2\pi)^2 LC}$$

$$F = \frac{1}{2\pi\sqrt{LC}}$$

F फ्रीक्वेन्सी रेजोनेन्स फ्रीक्वेन्सी कहलाती है।

अत रेजोनेन्स सरकिट से अधिक फ्रीक्वेन्सी गुजर जाती है। इस सरकिट मे केवल वही फ्रीक्वेन्सी गुजरती है जिस पर यह सरकिट टयून किया जाता है।

इस सरक्टि को दो प्रकार से बनाया जाता है जिसे सीरिज और पैरेलेल रेजोनेन्स सरकिट कहते हैं जैसाकि चित्र 11 1 व 11 2 मे दिखाया गया है।

चित्र 11 1—पैरलेल सरकिट

चित्र 11 2—सीरीज सरकिट

इसमे L चोकिंग या इन्डक्टिव कोइल, C कन्डेंसर और R रेसिस्टेन्स है। C कन्डेंसर इस प्रकार का होता है कि आवश्यकतानुसार इसकी कपेसिटी घटाई या बढाई जा सके।

इसके अतिरिक्त आजकल कन्डेन्सर फिक्स रखे जाते हैं और ट्यून्ड करने के लिये कोइल को वेरियेबिल बनाया जाता है।

इस एम्पलीफायर के द्वारा एरियल से प्राप्त सिगनलो को एम्पलीफाई किया जाता है। ट्रांसिस्टर मे एमीटर और कलेक्टर के मध्य इलेक्ट्रोन्स आते जाते रहते हैं जिसमे कुछ समय लगता है। एमीटर से दिये जाने वाले सिगनलों की आकृति कलेक्टर पर पहुचते समय बदल जाती है क्योकि तीव्र गति वाले इलेक्ट्रोन्स बेस से शीघ्र पार हो जाते हैं परन्तु मन्द गति वाले इलेक्ट्रोन बेस से पार होने मे अधिक समय लगता है। इसका अथ है कि कम फ्रीक्वेन्सी पर काय करने वाला ट्रांजिस्टर अधिक फ्रीक्वेन्सी पर काय नही कर सकता है और सिगनल एम्पलीफाई होकर सीधा न होकर वक्र रूप मे हो जाता है जसाकि चित्र 11 3 मे दिखाया गया है। चित्र (a) मे सिगनल का रूप है जो एम्पलीफाई होकर चित्र (b) का रूप धारण कर लेता है। इसे वेव रूप मे चित्र c मे दिखाया गया है। पहले तीव्र गति वाले इलेक्ट्रोन्स एमीटर से कलेक्टर की ओर जाते हैं फिर मध्यम गति वाले और इसके बाद कम गति वाले। जिससे समय अधिक होता जाता है। यह समय राइज टाइम (Rise Time) कहलाता है।

चित्र 11 3

$$\text{राइज टाइम्स} = \frac{1}{2 \times F_{max}}$$

जबकि F_{max} कट आफ फ्रीक्वेन्सी है जिस पर ट्रांसिस्टर अधिक से अधिक काम कर सकता है।

जकशन ट्रांसिस्टर के मध्य कई केपेसिटीज आर एफ सिगनलो पर प्रभाव डालती है। यह केपेसिटीज कलेक्टर और एमीटर के मध्य, एमीटर और बेस के मध्य और बेस और कलेक्टर के मध्य होती हैं। यह केपेसिटीज ट्रांसिस्टर जक्शन की बनावट और आकार के अनुसार होती है।

रेडियो फ्रीक्वेन्सी एम्पलीफायर के सरकिट को चित्र 11 4 में दिखाया गया है। इसमे एरियल से प्राप्त सिगनल कन्डेंसर C_1 से टयून्ड होकर एन्टीना कोइल के L_1 में जाते हैं और L_2 कोइल द्वारा सिगनल बेस पर जाते हैं। ट्रांसिस्टर की इनपुट रेसिस्टेन्स कम रखने के कारण L_2 कोइल मे कम टन रखे जाते हैं। कुछ सरकिटो मे L_2 कोइल नही होता है बल्कि L_1 से ही टेपिंग ले ली जाती है। बेस को वोल्टेज रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 से मिलता है। एमीटर से लगा रेसिस्टेन्स R_3 तापक्रम के प्रभाव को कम करता है और कन्डेंसर C_3

रेसिस्टेन्स R_2 को रेडियो फ्रीक्वेन्सी पर बाई पास करता है। कलेक्टर से प्राप्त सिगनल कन्डेंसर C_4 से ट्यून्ड होकर आउटपुट ट्रांसफरमर की L_1 कोइल

चित्र 11 4

को जाते हैं और L_2 के द्वारा मिक्सर सरकिट मे पहुचते हैं। को L_2 की टन कोइल L_1 की अपेक्षा कम रहती है जिससे इनपुट रेसिस्टेन्स अधिक न होने पावे।

ऊपर बताया गया है कि ट्रांसिस्टर की कुछ केपेसिटीज रेडियो फ्रीक्वेंसी पर प्रभाव डालती है। इस प्रभाव से कलेक्टर से कुछ वोल्टेज बेस पर पहुचता है जिससे एम्पलीफायर मे अस्थिरता और ओसीलेशन्स की सम्भावना हो जाती है साथ ही रेजोनेन्स फ्रीक्वेंसी में भी परिवतन हो जाता है। वोल्टेज को अर्थात् फीडबेक को कम से कम रखने के लिये कलेक्टर और बेस के मध्य कम से कम कैपेसिटी होनी चाहिये। फीड बेक का प्रभाव दूर करने के लिये कन्डेंसर C_6 और रेसिस्टेन्स R_4 चित्र मे लगाये गये हैं।

रेडियो फ्रीक्वेंसी एम्पलीफायर बहुत कम रिसीवरो मे प्रयोग किया जाता इस कारण इसका अधिक महत्व नही है। रिसीवर का प्रथम सरकिट रेडियो फ्रीक्वेंसी एम्पलीफायर न रखकर अधिकतर फ्रीक्वेंसी कन्वटर ही रखा जाता है।

चित्र 12.1

फ्रीक्वेन्सियों की वेव रूप में चित्र 12.1 मे दिखाया गया है। चित्र (a) में मोडयूलेटेड फ्रीक्वेन्सी की वेव दिखाई गई है जो बहुत पास-पास होती है। चित्र (b) से ओसीलेटर से उत्पन्न कटी-फुवस वेव दिखाई है। इन दोनों के मिलने के बाद प्राप्त होने वाली आई० एफ० की वेव (c) मे दिखाई गई है।

आई० एफ० एम्प्लीफायर में मुख्यत आई० एफ० ट्रासफरमर प्रयोग किये जाते हैं। इसका एक सरकिट चित्र 12.2 मे दिखाया गया है। इसमें ट्रांसिस्टर

T_1 और T_2 होते हैं। T_1 ट्रांसिस्टर के बेस को ट्रांसफरमर Tr_1 की संकेन्ड्री से आर० एफ० सिगनल मिलते हैं और एमीटर को ट्रांसफरमर Tr_2 की

चित्र 12 2

प्राइमरी से ओसीलेशन दिये जाते हैं। ट्रांसिस्टर T_1 में दोनो सिगनल (आर० एफ० और ओसीलेशन) मिलते हैं और आई० एफ० रूप मे कलेक्टर में निकल कर Tr_3 ट्रान्सफरमर की प्राइमरी से मिलते हैं जहाँ ट्यूब होकर बाहर निकलते हैं। आई० एफ० गॅग कन्डेन्सर C_3 से ट्यून की जाती है। इसमें ट्रांसिस्टर T_2 ओसीलेशन उत्पन्न करता है।

इसके अतिरिक्त एक ट्रांसिस्टर से भी आई एफ उत्पन्न की जा सकती है। इसका सरकिट चित्र 12 3 मे दिखाया गया है। ट्रांसिस्टर के बेस पर आर

चित्र 12.3

एफ सिगलन ट्रान्सफरमर की सैकेन्ड्री से दिये जाते हैं। एमीटर कोइल L_1 कलेक्टर कोइल L_2 और L_3 ओसीलेटिंग कोइल है। एमीटर ओसीलेटिंग सि गलन ट्यून होकर पहुँचते हैं और आई एफ कलेक्टर से मिलते हैं जो L_1 को इस से होकर ट्रान्सफरमर Tr_2 की प्राइमरी पर पहुँच कर ट्यून्ड किये जाते हैं।

मीडियम वेव के रिसीवरो में 250 कि सा की आई एफ और मीडियम व शोटवेव के लिए 1600 कि सा की आई एफ और मीडियम व शोटवेव के लिए 450 और 475 कि सा के मध्य आई एफ होती है।

दो स्टेज का आई एफ एम्पलीफायर (Two stage I F Amplefier —आई एफ एम्पलीफायर की सलेक्टिविटी और स्टेब्लिटी के लिए दो स्टेज का सरकिट बनाया जाता है। यह सरकिट चित्र 12 4 मे दिखाया गया है। इसमे तीन आई एफ ट्रान्सफरमर T_1, T_2 और T_3 प्रयोग होते हैं जिनकी प्राइ मरी ट्रासिस्टर के कलेक्टर सिरे से लगी रहती है। ट्रासिस्टर Tr_1 के बेस को

चित्र 12 4

कन्डेसर C_3 और रेसिस्टेन्स R_1 के द्वारा लगाया जाता है। इसी प्रकार ट्रासिस्टर Tr_2 के बेस को टान्सफरमर T_3 की सकेन्ड्री से कन्डेन्सर C_5 और रेसिस्टेन्स R_2 द्वारा लगाया जाता है जिससे नगेटिव फीडबेक मिले और डिस्टोशर्न न होने पावे आई एफ सिगलन कन्डेसर C_1, C_2 और C_4 से ट्यून किया जाता है।

यह सरकिट अधिकतर 455 कि सा की फ्रीक्वेन्सी पर काय करता है। - सुपरहिट्रोडायन ट्रासिस्टर रिसीवर म प्रयोग किया जाता है।

13

डिटेक्टर

(Detector)

ट्रासमिटिंग स्टेशन से सभी कायक्रम मोड्यूलेटेड रेडियो फ्रीक्वेन्सी सिगनलो को प्रसारित होते हैं। इन मोडयूलेटेड सिगनलो मे रेडियो फ्रीक्वेन्सी सिगनलो का एम्पलीटयूड साउन्ड सिगनलो के अनुसार परिवर्तित होता रहता है। इन सिगनलों से साउन्ड सिंगनलो को प्राप्त करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेन्सी सिगनलो को पथक किया जाता है। इसे पृथक करने की विधि को डिटेक्शन कहा जाता है और इसमे प्रयुक्त सरकिट को डिटेक्टर कहा जाता है।

टासिस्टर रिसीवरो मे से भी कन्डेक्टर डायोड को प्रयुक्त करके मोडयूलेटेड रेडियो फ्रीक्वेन्सी सिगनलो को रेक्टीफाई किया जाता है। डायोड के एक ओर वोलेज देने पर करेन्ट बहने लगती है परन्तु विपरीत दिशा मे करेन्ट नही बहती है और यदि बहेगी तो बहुत ही कम। यदि इसमे ए सी प्रवाहित की जाय तो वह रेक्टीफाई होकर डी सी मे बदल जाती है। चित्र 13 1(a) मे मोडयूलेटेड रेडियो फ्रीक्वन्सी की वेव दिखाई गई है। रेक्टीफाई होकर वेव चित्र (b) की भाँति हा जाती है। इसमे नेगेटिव वेव समाप्त हो जाती है और केवल पोजिटिव वेव ही मिलने लगती है। इस वेव मे रेडियो फ्रीक्वेन्सी और साउड दोरो के सिगनल होते हैं जिन्हें पृथक किया जाता है। रेडियो फ्रीक्वेन्सी सिग नलों को पथक् करके साउन्ड सिगनल की वेव चित्र C मे दिखाई गई है। यदि इन सिगनला से डी सी भी पृथक कर दी जाये तो प्राप्त सिगनल चित्र (d)

चित्र13 1

के अनुसार होती है। इस प्रकार डिटेक्शन में मोडयूलेटेड रेडियो फ्रीक्वेन्सी रेक्टीफाई होती है और फिर रेडियो फ्रीक्वेन्सी और डी सी पृथक् होती है।

डायोड मुख्यत जरमेनियम के प्रयोग किये जाते हैं। इनमें एक ओर पोजिटिव सिरा ओर दूसरी ओर नेगेटिव सिरा होता है। करेंट पोजिटिव से नगटिव की

है। रेसिस्टेन्स R से एक कण्डेन्सर C_2 भी लगा रहता है जो डी सी
पृथक कर देता है और केवल साउन्ड सिगनल प्राप्त हो जाते हैं।

चित्र 13 4

यदि डायोड को विपरीत दिशा मे लगाया जाय तो साउन्ड सिग
नहीं होते हैं। अधिकतर डायोड OA 79, OA 81, IN 34A, OA
प्रयुक्त किये जाते हैं।

ट्रांसिस्टर डिटेक्टर (Transistor Detector)—डिटेक्टर
ट्रांसिस्टर की सहायता से भी बनाया जाता है। सरकिट चित्र 13 5 में
गया है। आई एफ ट्रांसफरमर IFT की प्राइमरी स ट्यून्ड आई

चित्र 13 5

14

ए० एफ० एम्पलीफायर
(A F Amplifier)

जब ट्रांसमिटिंग स्टेशन से भेजी गई इलेक्ट्रोमेगनेटिक वेव एरियल टकराती है तो रिसीवर मे रेडियो फ्रीक्वेन्सी का बहुत कम वोल्टेज उत् होता है जो हेडफोन या लाउडस्पीकर के लिये पर्याप्त नही होता है इसलि इसे एम्पलीफाई किया जाता है। डिटेक्शन के बाद प्राप्त होने वाली ओडियो फ्रीक्वेन्सी की शक्ति भी बहुत कम होती है जिस पर लाउडस्पीकर काम नहीं कर पाता है। ओडियो फ्रीक्वेन्सी को ओडियो फ्रीक्वेन्सी एम्पलीफायर जिसे सक्षेप मे ए एफ एम्पलीफायर (A F Amplifier) कहते है, द्वारा एम्पलीफाई होती है।

ट्रांसिस्टर की विशेषताओ के आधार पर निम्न सरकिट ए एफ एम्पलीफायर के उपयोग के लिये बनाये जा सकते हैं—

(a) कामन बेस ए एफ एम्पलीफायर (Common Base A F Amplifier)

(b) कामन एमीटर ए एफ एम्पलीफायर (Common Emitter A F Amplifier)

(c) कामन कलेक्टर ए एफ एम्पलीफायर (Common Collector A F Amplifier)

(a) कामन बेस ए एफ एम्पलीफायर—इसका सरकिट चित्र 14.1 मे दिखाया गया है। ट्रांसिस्टर के एमीटर मे C_1 कन्डेंसर के द्वारा सिगनल

पहुचते हैं और 1 5 वोल्ट की बट्री से रेसिस्टेन्स R_1 द्वारा एमीटर को ब्यास मिलता है। सिगनल एम्पलीफाई होकर कलेक्टर मे लगे कन्डेंसर C_2 द्वारा

चित्र 14 1

प्राप्त होते हैं और बैट्री B_2 से रेसिस्टेन्स R_2 द्वारा कलेक्टर को ब्यास मिलता है। R_1 और R_2 रेसिस्टेन्स का मान सर्किट में बहने वाली करेन्ट के और वोल्टेज के अनुसार होता है। इसमे बेस को अथ कर दिया जाता है।

(b) कामन एमीटर ए एफ एम्पलीफायर—इस एम्पलीफायर का सरकिट चित्र 14 2 में दिखाया गया है। इसमे एमीटर को अथ कर दिया जाता है। सिगनल C_1 कन्डेंसर से ट्रासिस्टर के बेस पर पहुचते हैं। बेस को ब्यास बैट्री B के नैगेटिव सिरे से R_1 रेसिस्टेन्स द्वारा मिलता है। कलेक्टर को ब्यास रेसिस्टेन्स R_2 द्वारा मिलता है और सिगनल एम्पलीफाई होकर C

चित्र 14 2

1 रेसिस्टन्स केपेसिटी कपलिंग एम्पलीफायर—एम्पलीफायर का सरकिट चित्र 14 4 मे लगाया गया है। इसमे इनपुट सिगनल C_1 कन्डेंसर से दिये जाते हैं। रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 दोनों बेस को ब्यास देने के लिये लगे रहते हैं। रेसिस्टेन्स R_4 कलेक्टर से लगा रहता है जो लोड रेसिस्टेन्स का कार्य करता है। इस रेसिस्टेन्स से कलेक्टर को ब्यास मिलता है। यह रेसिस्टेन्स तापक्रम के प्रभाव से कलेक्टर करेन्ट के परिवतन को भी कम करता है।

चित्र 14 4

रेसिस्टेन्स R_4 एमीटर करेन्ट को स्थाई रखता है और तापक्रम के प्रभाव को दूर करता है। कन्डेंसर C_2 रेसिस्टेन्स R_4 से होने वाले नेगेटिव फीडबेक को रोकता है। कन्डेंसर C_3 द्वारा एम्पलीफाई सिगनल प्राप्त हो जाते हैं।

इस सरकिट मे वोल्टेज और करेन्ट का एम्पलीफिकेशन होता है जो निम्न प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है।

$$\text{वाल्टेज एम्पलीफिकेशन} = \frac{\text{आउटपुट वोल्टेज}}{\text{इनपुट वोल्टेज}}$$

$$V_a = \frac{V_{out}}{V_{in}} = \frac{I_{out} \times R_L}{I_{in} \times R_{in}} = \frac{\beta R_L}{R_{in}}$$

$$= \frac{\text{आउटपुट करेन्ट} \times \text{लोड रेसिस्टेन्स}}{\text{इनपुट करेन्ट} \times \text{इनपुट रेसिस्टेन्स}}$$

कन्डेन्सर द्वारा प्राप्त हो जाते हैं। इसमे एम्पलीफिकेशन लगभग 40 से 50 गुणा होता है।

(c) कामन कलेक्टर ए एफ एम्पलीफायर—इस एम्पलीफायर में कलेक्टर को नष्ट कर दिया जाता है। इसका सरकिट चित्र 14 3 म दिखाया गया है। इसमे सिगनल C_1 कन्डेंसर बेस को दिया जाता है और एम्पलीफाई

–14 3–

होकर एमीटर से कन्डेंसर C_2 द्वारा प्राप्त हो जाते हैं। रेसिस्टेन्स R_1 से बस को नेगेटिव ब्यास और रेसिस्टेन्स R_2 द्वारा एमीटर को पोजिटिव ब्यास मिलता है। इसमें एम्पलीफिकेशन कामन एमीटर ए एफ एम्पलीफायर के समान होता है।

अधिकतर ए एफ एम्पलीफायर कामन एमीटर सरकिट को सुधारकर प्रयोग किया जाता है क्योंकि उपरोक्त सरकिटो मे दोष उत्पन्न हो जाते हैं। कामन एमीटर सरकिटो को सुधारने के लिये रेजिस्टेन्स कपलिंग और ट्रान्सफरमर कपलिंग प्रयोग करते हैं इन्ही के आधार पर ए एफ एम्पलीफायर निम्न प्रकार के होते हैं—

(1) रेसिस्टेन्स कैपेसिटी कपलिंग एम्पलीफायर (Resistance Capacity Coupling Amplifier)

(2) ट्रान्सफरमर कपलिंग एम्पलीफायर (Transformer Coupling amplifier)

1 रेसिस्टेन्स केपेसिटी कपलिंग एम्पलीफायर—एम्पलीफायर का सरकिट चित्र 14 4 मे लगाया गया है। इसमे इनपुट सिगनल C_1 कन्डेंसर से दिये जाते हैं। रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 दोनों बेस को ब्यास देने के लिये लगे रहते हैं। रेसिस्टेंस R_4 कलेक्टर से लगा रहता है जो लोड रेसिस्टेन्स का काय करता है। इस रेसिस्टेंस से कलेक्टर को ब्यास मिलता है। यह रेसिस्टेन्स तापक्रम के प्रभाव से कलेक्टर करेंट के परिवतन को भी कम करता है।

चित्र 14 4

रेसिस्टेन्स R_4 एमीटर करेंट को स्थाई रखता है और तापक्रम के प्रभाव को दूर करता है। कन्डेंसर C_2 रसिस्टेंस R_4 से होने वाले नेगेटिव फीडबेक को रोकता है। कन्डेंसर C_3 द्वारा एम्पलीफाई सिगनल प्राप्त हो जाते हैं।

इस सरकिट मे वोल्टेज और करेंट का एम्पलीफिकेशन होता है जो निम्न प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है।

$$\text{वोल्टेज एम्पलीफिकेशन} = \frac{\text{आउटपुट वोल्टेज}}{\text{इनपुट वोल्टेज}}$$

$$V_g = \frac{V_{out}}{V_{in}} = \frac{I_{out} \times R_L}{I_{in} \times R_{in}} = \frac{\beta R_L}{R_{in}}$$

$$= \frac{\text{आउटपुट करेंट} \times \text{लोड रेसिस्टेन्स}}{\text{इनपुट करेंट} \times \text{इनपुट रेसिस्टेन्स}}$$

परन्तु,

$$\frac{\text{आउटपुट करेंट}}{\text{इनपुट करेंट}} = \beta(\text{बीटा})$$

इसलिये,

$$\text{वोल्टेज एम्पलीफिकेशन} = \frac{\text{बीटा} \times \text{लोड रेसिस्टेंस}}{\text{इनपुट रेसिस्टेन्स}}$$

करेंट एम्पलीफिकेशन जो ट्रासिस्टर से प्राप्त होती है $= \beta$(बीटा)

$$= \frac{\text{आउटपुट करेंट}}{\text{इनपुट करेंट}}$$

आउटपुट करेंट = बीटा × इनपुट करेंट

2 ट्रांसफरमर कपलिंग एम्पलीफायर—ट्रासिस्टर के कलेक्टर सिरे पर ट्रासफर की प्राइमरी वाइंडिंग लगी रहती है जो ट्रासिस्टर लोड का कार्य करती है। ट्रासिस्टर से अधिक एम्पलीफिकेशन प्राप्त करने के लिये कलेक्टर पर लोड ट्रासिस्टर के आउटपुट रेसिस्टेन्स के बराबर रखा जाता है। इसके लिये ट्रांसफरमर की प्राइमरी टन सैकेन्ड्री टन से अधिक रखे जाते हैं। इसका एक सरकिट चित्र 14 5 मे दिखाया गया है।

चित्र 14 5

इस सरकिट में रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 बेस को उचित वोल्टेज देते हैं। सिस्टेन्स R_3 तापक्रम के प्रभाव को कम करता है। कन्डेंसर C रेसिस्टेन्स

R_1 बेस को और रेसिस्टेन्स R_2 एमीटर को बाईपास करता है। ट्रांसफरमर T_1 के द्वारा सिगनल बेस पर पहुचते हैं और T_2 ट्रासफरमर कलेक्टर लोड का काम करता है और एम्पलीफाई सिगनल की करेन्ट बढ़ाता है।

ट्रासफरमर T_2 की दोनो वाइडिंग की मैचिंग के लिए प्राइमरी और सैकेन्ड्री लपेटो को निश्चित अनुपात मे रखा जाता है। ट्रान्सफरमर की सैकेन्ड्री और प्राइमरी टन के अनुपात को टन रेशो कहा जाता है इसे K से प्रकट करते हैं।

$$K = \frac{\text{सैकेन्ड्री टर्नों की सख्या}}{\text{प्राइमरी टर्नों की सख्या}}$$

$$= \sqrt{\frac{\text{आउटपुट रेसिस्टेंस}}{\text{इनपुट रेसिस्टेंस}}}$$

$$= \sqrt{\frac{R_1}{R_2}}$$

इस सरकिट मे वोल्टेज एम्पलीफिकेशन रेसिस्टेंस केपेसिटी कपलिंग एम्पलीफायर से अधिक होता है।

$$\text{वोल्टेज एम्पलीफिकेशन} = \frac{\text{बीटा} \times \text{आउटपुट रेसिस्टेंस}}{2 \times \text{इनपुट रेसिस्टेंस}}$$

$$= \frac{\text{ट्रासफरमर की सकेन्ड्री टर्नों की सख्या}}{\text{प्राइमरी टर्नों की सख्या}}$$

$$= \frac{\beta \times R\ out}{2 \times R\ in} \times \frac{N_S}{N_P}$$

यह एम्पलीफायर मुख्यत पुशपुल आउटपुट भाग (जिसका वणन आगे आवेगा) को ड्राइव करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

फीडबेक (Feedback)—जब किसी एम्पलीफायर मे सिगनल वोल्टेज का एक भाग आउटपुट से इनपुट को दिया जाता है तो उस क्रिया को फीडबेक कहा जाता है। यह फीडबेक दो प्रकार का होता है—

(1) पोजिटिव फीडबेक (Positive Feedback)

(2) नगेटिव फीडबेक (Negative Feedback)

(1) **पोजिटिव फीड बेक**—यदि आउटपुट से दी जाने वाली वोल्टेज, इनपुट से दी जाने वाली वोल्टेज के समान फेज मे हो तो वह पोजिटिव फीड बेक कहलाता है। इससे इनपुट से दी जाने वाली सिगनल वोल्टेज बढ़ती है जिससे एम्पलीफिकेशन भी अधिक होता है परन्तु इससे शार और डिस्टोशन बढ जाता है। इस दोष के कारण एम्पलीफायरो मे पोजिटिव फीडबेक प्रयोग नही किया जाता है।

(2) **नगेटिव फीड बेक**—जब आउटपुट वोल्टेज और इनपुट वाल्टेज आउट आफ फेस होते हैं तो वह नगेटिव फीडबेक कहलाता है। इससे इनपुट पर दिया गया सिगनल वोल्टेज कम होता है जिससे एम्पलीफिकेशन कम हो जाता है जिसके फलस्वरूप शोर और डिस्टोशन कम होता है।

चित्र 14 6 मे फीडबेक का प्रभाव दिखाया गया है। इसमे A एक एम्पलीफिकेशन सरकिट है। एम्पलीफिकेशन ट्रांसिस्टर के बेस पर इनपुट

चित्र 14 6

वोल्टेज V_1 है और आउटपुट वोल्टेज V_2 है। BV_2 इनपुट वोल्टेज का हिस्सा है जो इनपुट के वोल्टेज के साथ मिला दिया जाता है तो
पॉजिटिव फीड बैक के लिये

$$\text{एम्पलीफिकेशन} = \frac{A}{1-A\beta}$$

और नैगेटिव फीड बैक के लिये

$$\text{एम्पलीफिकेशन} = \frac{A}{1-A\beta}$$

जिसमें,

A = सामान्य एम्पलीफिकेशन

β = फीड बैक गुणक

इस प्रकार कहा जा सकता है कि फीडबेक जितना अधिक होगा उतना ही अधिक एम्पलीफिकेशन होगा और उतना ही अधिक डिस्टोर्शन उत्पन्न होगा। क्योंकि आउटपुट सरकिट का डिस्टोर्शन पुनः इनपुट सरकिट मे आकर एम्पलीफाई होता है। इसी प्रकार नगेटिव फीडबेक के कम होने पर एम्पली फिकेशन कम होगा और डिस्टोशन भी कम होगा।

नैगेटिव फीड बेक मुख्यत दो विधियों से किया जाता है—

(1) वोल्टेज फीडबेक (Voltage Feedback)

(2) करेन्ट फीडबेक (Current Feedback)

(1) वोल्टेज फीडबेक—चित्र 14 7 मे वोल्टेज फीडबेक विधि दिखाई गई है। इसमे A एक एम्पलीफाइंग सरकिट है। R_L लोड रेसिस्टेंस है।

INPUT VOLTAGE

A

R_A

R_B

R_L

—14 7—

चित्र 14 7

वोल्टेज फीडबेक करने के लिये दो रेसिस्टेन्स R_A और R_B प्रयोग करते हैं।

इसका व्यावहारिक सरकिट चित्र में दिखाया गया है। इसमें ट्रांसिस्टर के कलेक्टर से रेसिस्टेन्स R_3 और कन्डेंसर C_2 के द्वारा बेस को वोल्टेज दिये जाते हैं। जो ट्रांसिस्टर का आउटपुट कहलाता है। बेस वोल्टेज रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 द्वारा विभाजित होता है। रेसिस्टेन्स R_1 का विभाजित वोल्टेज ट्रांसफरमर की प्राइमरी पर और रेसिस्टेन्स R_2 का विभाजित वोल्टेज सेकेंड्री कोइल पर पहुंचता है। दोनों कोइल्स में वोल्टेज निश्चित अनुपात में होता है।

चित्र 14 8

कलेक्टर पर प्राप्त सिगनल वोल्टेज बेस पर दिये जाने वाले सिगनल वोल्टेज के विपरीत फेस में होती है। इस कारण यह नेगेटिव फीडबेक होता है। साथ ही कलेक्टर पर प्राप्त सिगनल वोल्टेज का एक भाग ही बेस पर दिये जाने वाला फीडबेक वोल्टेज होता है। इस कारण यह वोल्टेज फीडबेक होता है।

(2) करेन्ट फीड बेक—चित्र 14 9 मे करेन्ट फीडबेक का सद्धांतिक [illegible]या गया है जिसमें A एम्पलीफायर सरकिट है। R_3 लोड रेसिस्टेन्स है

और रेसिस्टेन्स R_C करेंट फीडबेक के लिये है।

—14 9—

इसका व्यावहारिक सरकिट चित्र 14 10 मे दिखाया गया है। इसमे वापस दी जाने वाली बेस वोल्टेज आउटपुट सरकिट में बहने वाली सिगनल करेंट से रेसिस्टेन्स R_L मे उत्पन्न वोल्टेज या उसका एक भाग होता है तो दिया जाने वाला फीडबेक करेंट फीडबेक होती है। रेसिस्टेंस R_4 आउटपुट सरकिट

चित्र 14 10

मे बाइपास नही करता है। जिससे इस रेसिस्टेंस पर एमीटर करेंट में परिवतन से उत्पन्न सिगनल वोल्टेज बेस और एमीटर के मध्य होता है। यह वोल्टेज बेस पर दिये गये सिगनल वोल्टेज मे विपरीत फेस म होती है इस कारण यह नगटिव फीडबेक होती है। रेसिस्टेंस R_1 में प्रवाहित होने वाली सिगनल करेंट से यह फीडबेक उत्पन्न होता है।

उपरोक्त दोनो प्रकार से डिस्टोशन और शोर कम करने का प्रभाव समान होता है परन्तु प्रभाव भिन्न भिन्न होता है। वोल्टेज फीडबेक से ट्रांसिस्टर के आउटपुट रेसिस्टेन्स मे कमी होती है परंतु करेंट फीडबेक से आउटपुट रेसिस्टेन्स मे वृद्धि होती है।

●

15

पावर एम्पलीफायर

(Power Amplifier)

सिगनलो की शक्ति बढाने के लिये ओडियो एम्पलीफायर प्रयोग किया जाता है परन्तु इन एम्पलीफाई सिगनलों को और अधिक एम्पलीफाई करने के लिये पावर एम्पलीफायर प्रयोग किया जाता है इसके बाद सिगनल लाउड-स्पीकर मे जाते हैं इसलिये इसे ट्रांसिस्टर रिसीवर का आउटपुट भाग कहते हैं।

पावर एम्पलीफायर केवल दो प्रकार के क्लासों (Classes) मे होते हैं—

(a) क्लास ए एम्पलीफायर (Class A Amplifier)

(b) क्लास बी एम्पलीफायर (Class B Amplifier)

(a) क्लास ए एम्पलीफायर—इस एम्पलीफायर के एम्पलीफिकेशन म बेस का नैगेटिव ब्यास इतना कम होता है कि उसके इनपुट नैगेटिव सिगनलो का प्रभाव कलेक्टर करेन्ट के बहने मे रुकावट नही डालता है और कलेक्टर करेन्ट हर समय बहती रहती है परन्तु सिगनलो के पोजिटिव या नैगटिव वोल्टेज के अनुसार करेन्ट अधिक या कम होती रहती है। इसमे जो इनपुट सिगनल बेस को दिये जाते है वही सिगनल कलेक्टर सरकिट से बाहर मिलते हैं इस कारण इसम विकार (Distortion) नही होने पाता है। विकार रहित होने के कारण यह एम्पलीफायर अच्छे समझे गये हैं। चित्र 15 1 मे बेस

वेरियेशन को कलेक्टर करेन्ट बेस वोल्टेज विशेषता के सीधे भाग से दिखाया गया है। कलेक्टर करेन्ट की वेव इनपुट सिगनलो की वेव के स[...]
होती है।

चित्र 15 1

(b) क्लास बी एम्पलीफायर—इससे बेस व्यास लगभग कट ओफ वेल्यू के समान होता है और कलेक्टर करेन्ट लगभग शून्य होती है। जब आल्टर नेटिंग सिगनल (इनपुट वोल्टेज) बेस को दिये जाते हैं तो कलेक्टर करेन्ट केवल पोजिटिव हाफ साइकिल मे बहती है जसाकि चित्र 15 2 में दिखाया गया है। जब बेस की ओर कोई सिगनल नही होते हैं तो कलेक्टर करेन्ट नहीं बहती है। इस कारण पावर लॅास भी नहीं होता है।

ट्रांसिस्टर रिसीवर मे आउटपुट सरकिट क्लास A अथवा क्लास B एम्पलीफायर के होते है। इसके अतिरिक्त ये पुशपुल सर्किट भी होते हैं।

आउटपुट सरकिट (Output Circuit)

आउटपुट भाग का एक सरकिट चित्र 15 3 में दिखाया गया है। यह सरकिट कामन एमीटर सर्किट में प्रयुक्त किया जाता है। चित्र में दो रेसिस्टंस

मे एक निश्चित अनुपात होता है साथ ही प्राइमरी कोइल मे सैकेन्ड्री क
की अपेक्षा काफी टर्नों की सख्या होती है । प्राइमरी कोइल कलेक्टर से ।

चित्र 15 3

सकेन्ड्री कोइल लाउडस्पीकर से लगा रहता है । ताप के प्रभाव को कम करने के लिये R_3 रसिस्टेन्स लगा है और कन्डेंसर C_2 बाईपास करता है ।

ट्रांसिस्टर के बेस पर सिगनल वोल्टेज दिये जाते हैं । इन सिगनलो के वोल्टेज परिवतनो के साथ बस की करेंट और कलेक्टर की करेंट म परिवतन होते है । इस परिवतन के फलस्वरूप ट्रांसिस्टर की मेक्सीमम करेन्ट कायकारी करेंट से दूनी और मिनीमम करेंट कायकारी करेंट स शून्य पर हो जाती है । अत कलेक्टर पर प्राप्त सिगनल करेंट की मेक्सीमम वल्यू ट्रांसिस्टर की नामल करेंट के बराबर होगा । इस प्रकार से कलेक्टर की करेंट मेक्सीमम होने पर कलेक्टर वोल्टेज शून्य हो जाता है । इसी प्रकार से कलक्टर की करेन्ट मेक्सीमम होने पर कलक्टर वोल्टज शून्य हो जाता है । इसी प्रकार कलेक्टर की करेंट मिनीमम होन पर कलक्टर वोल्टेज कलक्टर पर दी गई वोल्टज से दूना हो जाता है ।

अधिकतम वोल्टेज = 0 7 × सामान्य वोल्टेज

अधिकतम करेंट = 0 7 × सामान्य करेंट

अधिकतम पावर = 0 7 × सामान्य वोल्टेज × 0 7 × सामान्य करेन्ट

= 0 49 × सामान्य वोल्टेज × सामान्य करेन्ट

$= \frac{\text{सामान्य वोल्टेज} \times \text{सामान्य करेन्ट}}{2}$

इस प्रकार देखते हैं कि पावर एम्पलीफिकेशन आधा रह जाता है। यदि ट्रांसिस्टर का आउटपुट 100 मि० वाट है तो पावर एम्पलीफिकेशन केवल 50 मि० वाट ही प्राप्त होगा परन्तु बिना डिस्टोशन का एम्पलीफिकेशन होगा।

कामन एमीटर सरकिट के अतिरिक्त कामन कलेक्टर सरकिट भी प्रयोग किया जाता है जैसाकि चित्र 15 4 मे दिखाया गया है। इस सरकिट मे आउटपुट ट्रांसफरमर एमीटर और बैट्री के पोजिटिव सिरे से लगाया जाता है।

चित्र 15 4

बेस को वोल्टेज रेसिस्टेन्स R_1 और R_2 से मिलते हैं। इस विधि मे नगेटिव फीड बेक अधिक होता है जिससे एम्पलीफिकेशन भी कम होता है। इस कारण यह बहुत कम प्रयोग किया जाता है परन्तु एम्पलीफिकेशन कम होने के कारण डिस्टोशन काफी कम रहता है।

डिस्टोशन (Distortion)—जब कोई आवाज ट्रांसमीटिंग स्टेशन पर होती है तो वह इलेक्ट्रिकल वेव मे परिवर्तित होती है फिर रिसीवर के लाउड स्पीकर मे एम्पलीफाई होकर सुनाई दे जाती है। एम्पलीफिकेशन के लिये लगे ट्रांसिस्टरो के कारण रिसीवर मे कुछ डिस्टोशन या विकार आ जाता है जैसे गडगडाहट, सीटी की आवाज, चू चू आदि।

ए० एफ० एम्पलीफायरों में निम्न प्रकार के विकार उत्पन्न होते हैं
1 फ्रीक्वेन्सी डिस्टोर्शन (Frequency Distortion)
2 फेज डिस्टोर्शन (Phase Distortion)
3 एम्पलीट्यूड डिस्टोर्शन (Amplitude Distortion)
4 इन्टर मोड्यूलेशन डिस्टोर्शन (Inter Modulation Distortion)

फ्रीक्वेन्सी डिस्टोशन—एम्पलीफिकेशन के पश्चात् इनपुट और आउटपुट फ्रीक्वेंसियाँ अनुपात मे मेनटेन नहीं रहती है। कुछ फ्रीक्वेंसियाँ अधिक एम्प्लीफाइड होती हैं और कुछ कम। जिसके कारण बहुत तेज आवाज चीखें आदि सुनाई पड़ती है।

2 फेज डिस्टोशन—फेज डिफरेन्स हो जाने से यह डिस्टोशन हो जाता है। इस विकार मे एक साथ कई-कई स्वर निकलते हैं। सरकिट म इन्डक्टिव रियेक्टेन्स और केपेसिटिव रियेक्टेन्स होने के कारण फेज डिफरेन्स रहता है। फेज डिफरेन्स सरकिट को रेजोनेन्स करके दूर किया जा सकता है।

3 एम्पलीटयूड डिस्टोशन—ट्रांसिस्टर की लोड लाइन के कारण उत्पन्न विकार को एम्पलीटयुड डिस्टोशन कहते हैं। इससे उत्पन्न विकार या डिस्टोर्शन कानो को बुरा लगता है। चित्र 15 5 में एम्पलीटयुट डिस्टोशन वेव द्वारा दिखाये हैं। जब कोई डिस्टोशन नही होता तो वेव ठीक प्रकार से बनती है।

—15.5A—

वह कही छोटी या बड़ी, कटी आदि नही होती है जैसाकि (a) मे दिखाया है। बेस के पोजिटिव हो जाने से बेस करेन्ट उत्पन्न हो जाती है अर्थात्

-15.5B-

-15 5 (c)-

चित्र 15 5

कलेक्टर करेन्ट का बहना रुक जाता है ऐसे डिस्टोशन को चित्र (b) में दिखाया है। चित्र (c) का डिस्टोर्शन बेस के अधिक नगेटिव हो जाने के कारण होता है जिससे कलेक्टर करेन्ट कुछ क्षणो के लिये रुक जाती है।

4 इन्टर मोडयूलेशन डिस्टोशन—एक फ्रीक्वेंसी विभिन्न फ्रीक्वेंसियो से मोडयूलेट होती है तो यह डिस्टोशन उत्पन्न होता है क्योकि ट्रासिस्टर को लोड लाइन के अनुसार वोल्टेज नही मिलते हैं। इसका प्रभाव वेव पर पडता हैं और वास्तविक वेव से दो गुनी, तीन गुनी आदि फ्रीक्वेन्सी हो जाती है। मान लो 200 और 600 C/s की फ्रीक्वेन्सियाँ हैं और 200 C/s की फ्रीक्वेन्सी एम्पलीफायर पर ओवरलोड होने पर अधिक पावरफुल है तो वह 400, 600, 800 C/s की फ्रीक्वेन्सी हो जाती है जो 600 C/s से मोडयूलेट होकर 600+200, 600+400, 600+600 आदि होकर डिस्टोशन उत्पन्न करती है।

उपरोक्त आउटपुट सरकिट क्लास A एम्पलीफायर के थे। क्लास B एम्पलीफायर मे डिस्टोशन कम करने के लिये बेस रेसिस्टेन्स अधिक मान के रखे जाते हैं और एम्पलीफिकेशन के बाद आउटपुट मे लोड रेसिस्टेन्स भी अधिक मान का होता है। इस सरकिट को चित्र 15 6 मे दिखाया गया है। बेस को कम वोल्टेज देने के लिये R_1 और R_2 रेसिस्टेन्सो का मान क्लास A

चित्र 15 6

एम्पलीफायरो से अधिक रखा जाता है। एमीटर मे ताप के प्रभाव को कम करने के लिय R_3 रेसिस्टेंस होता है। ट्रासफरमर की प्राइमरी में भी एक रेसिस्टेन्स R_4 अधिक मान का लगाया जाता है जिससे डिस्टोशन कम हो।

पुशपुल सर्किट (Pushpull Circuit)

एक ट्रासिस्टर के सरकिट मे केवल आधी वेव का एम्पलीफिकेशन ही हो पाता है परन्तु दो ट्रांसिस्टर के सरकिट मे प्रत्येक ट्रांसिस्टर आधी वेव को

एम्पलीफाई करता है। इस प्रकार दो ट्रांसिस्टर के एम्पलीफायर से लगभग 2½ गुना एम्पलीफिकेशन अधिक होता है। इन सरकिटों को पुशपुल सरकिट कहा जाता है।

चित्र 15 7

4 इन्टर मोडयूलेशन डिस्टोशन—एक फ्रीक्वेंसी विभिन्न फ्रीक्वेंसियों से मोडयूलेट होती है तो यह डिस्टोशन उत्पन्न होता है क्योंकि ट्रांसिस्टर को लोड लाइन के अनुसार वोल्टेज नहीं मिलते हैं। इसका प्रभाव वेव पर पड़ता है और वास्तविक वेव से दो गुनी, तीन गुनी आदि फ्रीक्वेंसी हो जाती है। मान लो 200 और 600 C/s की फ्रीक्वेन्सियां हैं और 200 C/s की फ्रीक्वेन्सी एम्पलीफायर पर ओवरलोड होने पर अधिक पावरफुल है तो वह 400, 600, 800 C/s की फ्रीक्वेन्सी हो जाती है जो 600 C/s से मोडयूलेट होकर 600+200, 600+400, 600+600 आदि होकर डिस्टोशन उत्पन्न करती है।

उपरोक्त आउटपुट सरकिट क्लास A एम्पलीफायर के थे। क्लास B एम्पलीफायर म डिस्टोशन कम करने के लिये बेस रेसिस्टेन्स अधिक मान के रखे जाते हैं और एम्पलीफिकेशन के बाद आउटपुट मे लोड रेसिस्टेन्स भी अधिक मान का होता है। इस सरकिट को चित्र 15 6 मे दिखाया गया है। बेस को कम वोल्टेज देने के लिये R_1 और R_2 रेसिस्टेन्सो का मान क्लास A

चित्र 15 6

एम्पलीफायरो से अधिक रखा जाता है। एमीटर मे ताप के प्रभाव को कम करने के लिय R_3 रेसिस्टेंस होता है। ट्रांसफरमर की प्राइमरी में भी एक रेसिस्टेन्स R_4 अधिक मान का लगाया जाता है जिससे डिस्टोशन कम से कम हो।

पुशपुल सर्किट (Pushpull Circuit)

एक ट्रांसिस्टर के सरकिट मे केवल आधी वेव का एम्पलीफिकेशन हो हो पाता है परन्तु दो ट्रांसिस्टर के सरकिट मे प्रत्येक ट्रांसिस्टर आधी वेव को

एम्पलीफाई करता है । इस प्रकार दो ट्रांसिस्टर में एम्पलीफायर से लगभग 2½ गुना एम्पलीफिकेशन अधिक होता है । इन सरकिटो को पुशपुल सरकिट कहा जाता है ।

चित्र 157

इस सरकिट को चित्र 15 7 में दिखाया गया है। इस सरकिट में T_1 और T_2 दो ट्रासिस्टर हैं जिनके बेस ट्रांसफरमर की सैकेंड्री से लगे हैं। दोनो ट्रासिस्टरो के बेसो को वोल्टेज R_1 और R_2 रेसिस्टेन्स से दी जाती है। दो ट्रासिस्टर T_1 और T_2 के एमीटर मे रेसिस्टेन्स R_3 ताप के प्रभाव को कम करता है। दोनो ट्रासिस्टर के बस ट्रासफरमर TR_1 की सेकेन्ड्री से सिगनल वोल्टेज प्राप्त करते हैं। इनपुट सिगनल वोल्टेज एक ट्रासिस्टर पर नैगेटिव होती है और दूसरे पर पोजिटिव। इस प्रकार से जब एक ट्रासिस्टर की करेंट प्रवाहित होती है तो दूसरे की करेंट शून्य हो जाती है और जब दूसरे ट्रासिस्टर की करेंट प्रवाहित होती है तो पहले की करेंट शून्य हो जाती है। दोनो ट्रांसिस्टरो के कलेक्टर सिरे से ट्रांसफरमर की प्राइमरी कोइल मे विपरीत फेस की करेंट बहने लगती है जिससे सिगनल इनपुट सिगनल की भांति एम्पलीफाई होकर मिलने लगते हैं जो लाउडस्पीकर से सुनाई देते हैं।

करेंट के बढ़ने पर वोल्टेज भी बढ़ता है परन्तु इनपुट रेसिस्टेन्स कम हो जाता है। इस प्रकार से रेसिस्टेंस के कम होने और अधिक होने पर ट्रांसिस्टर की करेंट कम और अधिक होती है जिससे क्रास ओवर (Cross Over) डिस्टोर्शन होने लगता है।

इस डिस्टोर्शन को कम करने के लिये एमीटर रेसिस्टेन्स R_3 का मान कम से कम कर दिया जाता है। कुछ सरकिटो मे रेसिस्टेन्स R_3 प्रयोग ही

चित्र 15 8

नहीं किया जाता है। परन्तु तापक्रम के प्रभाव को दूर करने के लिये रेसिस्टेंस R_2 के समानान्तर थर्मिस्टर (Thermistor) प्रयोग किया जाता है। इसका रेसिस्टेन्स तापक्रम के बढ़ने पर कम हो जाता है जिससे बेस वोल्टेज कम हो जाती है। तापक्रम के अधिक होने पर कलेक्टर करेंट बढ़ने की ओर अग्रसित होती है परन्तु बेस वोल्टेज के कम होने पर बेस करेंट कम हो जाती है साथ

चित्र 159

ही कलेक्टर करेंट कम होती है और आगे नही बढ़ती है। इस प्रकार से तापक्रम का प्रभाव दूर हो जाता है।

कुछ सरकिटो मे तापक्रम के प्रभाव को दूर करने के लिये रेसिस्टेन्स R_3 और थर्मिस्टर के स्थान पर डायोड प्रयोग किया जाता है। इस डायोड को कम्पेन्सेटेड डायोड (Compensated Diode) कहते हैं। डायोड के प्रयोग से मुख्यत दो प्रकार के लाभ होते हैं। प्रथम लाभ तो यह है कि तापक्रम के बढने पर डायोड का रेसिस्टेन्स करेन्ट के बहने की दिशा म कम हो जाता है और तापक्रम के कम होने पर रेसिस्टेन्स बढ़ जाता है। दूसरा लाभ यह है कि वोल्टेज के बढने पर डायोड का रेसिस्टेंस कम हो जाता है और वोल्टेज कम होने पर रेसिस्टेंस बढ़ जाता है। इस लाभ से बैट्री की वोल्टेज कम होने का प्रभाव दूर किया जा सकता है।

कामन एमीटर सरकिट के अतिरिक्त पुशपुल एम्पलीफायर सरकिट निम्न प्रकार के होते हैं—

1 कामन कलेक्टर सरकिट (Common Collector Circuit)
2 स्पिलिट लोड सर्किट (Split Load Circuit)
3 सिंगल एन्डेड पुशपुल सर्किट (Single Ended Pushpull Circuit)

1 कामन कलेक्टर सरकिट—चित्र 15 10 मे कामन कलेक्टर पुशपुल

चित्र 15 10

चित्र 15 12

सर्किट में फीडबैक अधिक होने लगता है और एम्पलीफिकेशन कम हो जाता है परन्तु ड्राइव के लिये अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है इस कारण यह बहुत कम प्रयुक्त किये जाते हैं।

2 स्पिलिट लोड सर्किट—इस सरकिट में एमीटर और कलेक्टर पर लोड स्पिलिट रहता है जैसाकि चित्र 15 11 मे दिखाया गया है। ट्रासफरमर T_2 की प्राइमरी का एक कोइल एमीटर सिरो से और दूसरा कोइल क्लेक्टर सिरो से लगा रहता है। इस लोड से नैगेटिव फीडबेक मिलता है जिससे एम्पलीफिकेशन मे कमी होती है। यह कमी लोड विभाजन पर निभर रहती है। ड्राइव करने के लिये कामन एमीटर की अपेक्षा आवश्यक शक्ति कम होती है। यद्यपि करेन्ट समान होती है परन्तु वोल्टेज इस सरकिट में अधिक होता है। इस सरकिट के उपयोग करने का मुख्य कारण यह है कि इसमे डिस्टोशन कम होता है।

3 सिगल एंडेड पुशपुल सर्किट—इस सरकिट को चित्र 15 12 में दिखाया गया है। इसमे बैट्री B अधिक वोल्टेज की प्रयुक्त होती है। इसमे आउटपुट ट्रासफरमर के स्थान पर लोड रेसिस्टेन्स R_7 लगा रहता है क्योंकि लोड को आधे वोल्टेज की बैट्री और एमीटर के मध्य लगाया जाता है। एमीटर के दोनो सिरो पर R_4 और R_5 रेसिस्टेंस लगी रहती है। ट्रासफरमर की सैकेन्ड्री के दोनो कोइल बेसो से लगे रहते हैं परन्तु इन कोइलो मे R_3 और R_4 रेसिस्टेन्स लगे रहते हैं। ट्रासिस्टरों पर लोड समानान्तर पर होने के कारण लोड रेसिस्टेंस कम हो जाता है जिससे क्लेक्टर वोल्टेज बैट्री से कम हो जाता है। डिस्टोशन कम होने के कारण इसका प्रयोग अधिक किया जाता है।

●

16

आटोमेटिक गेन कन्ट्रोल
(Automatic Gain Control)

